खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➔ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025 । वर्ष –69 । अंक –162 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ देश को भीतर से दरकाते... ■ मोदी से निराशा और राहुल... 04
■ पहलगाम हमले पर भारत के एक्शन से... ■ किम जोंग उन की बढ़ेगी टेंशन, दक्षिण... 09
■ टमाटर की खेती कब और कैसे करें... ■ सोयाबीन की खेती, उन्नत किस्में और अधिक... 11
■ बूम-बूम बुमराह के... ■ अनुभव के साथ... 10

## आईपीएल में आज

TATA IPL

गुजरात विरूद्ध राजस्थान (जयपुर) 7.30 शाम से

सार संक्षेप

### वाराणसी से बेंगलुरु की फ्लाइट में बम की धमकी, कहा सब मरोगे

**वाराणसी।** लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बाबतपुर पर शनिवार रात 10.30 बजे उस समय अफरातफरी मच गई, जब वाराणसी से बेंगलुरु जाने वाला विमान रात्रि 10.30 बजे उड़ान भरने के लिए तैयार था और एप्रन से रनवे की ओर जा रहा था। इतने में एक विमान यात्री ने धमकी देते हुए कहा कि– मेरे बैग में बम है, तुम सब मरोगे..., इतना सुनते ही क्रू मेंबर्स और यात्री सहम गए। एटीसी से संपर्क कर विमान को आइसोलेशन के लिए वापस एप्रन पर लाया गया और पूरी रात विमान की जांच हुई। धमकी देने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर फूलपुर पुलिस को सौंप दिया गया है।

### ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से एएसआई की मौत,

**रीवा।** रीवा में पुलिस विभाग के एएसआई की रेवांचल एक्सप्रेस में चढ़ते के दौरान पैर फिसलने से मौत हो गई। एएसआई ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए भोपाल लौट रहे थे, इस दौरान रीवा रेलवे स्टेशन पर जल्दीबाजी में ट्रेन में चढ़ने लगे, तभी पैर फिसलने के कारण वे नीचे गिरे और ट्रेन के नीचे आ गए। एएसआईनरेश प्रसाद मिश्रा एक महीने बाद सेवानिवृत होने वाले थे। इस हादसे के बाद पूरे परिवार और पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। दुर्घटना की खबर लगते ही पुलिस के वरिष्ठ अफसर और स्व. मिश्रा के परिजन रीवा पहुंच गये।

### बिरादरी की बात

**चूहा–सुनती हो**– भारत ने अब युद्धपोत से एन्टी शिप मिसाईल का सफल परीक्षण किया है।

**चुहिया– हां प्रिये**– लोगों को यह सब तो भला लग रहा है लेकिन वे अब किसी और जवाब की बेसब्री से राह देख रहे हैं।

## मंदसौर में बड़ा हादसा



# कुएं में गिरी कार, 12 की मौत

**मंदसौर, देशबन्धु।** मंदसौर स्थित बूढ़ा–टकरावत नारायणगढ़ में रविवार की दोपहर डेढ़ बजे ईको वेन अनियंत्रित होकर कुएं में गिर गई। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई, वहीं 2 को गंभीर चोटें आई है। जिन्हें उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार को केन के जरिए बाहर निकाला गया है।

बताया गया है कि उज्जैन के उन्हेल में रहने वाले परिवार के लोग नीमच के मनासा स्थित आंतरी माता मंदिर दर्शन करने के लिए ईको वेन से निकले। कार जब नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में बूढ़ा–टकरावत फंटे से आगे बढ़ रही थी, इस दौरान मोटर साइकल सवार आ गया, जिसे देख वेन चालक अनियंत्रित हो गया और बाइक सवार को टक्कर मारकर कुएं में गिर गया। कार के कुएं में गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई।

हादसे को देख लोगों में चीख पुकार मच गई, देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। खबर मिलते ही पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी रेस्क्यू टीम के साथ पहुंच गए। जिन्होंने क्रेन की मदद से सभी को बाहर निकाला।

**इन लोगों को चोट आई**–माया कीर उम्र 26 वर्ष, प्रियांशी 3 वर्ष, देवेंद्र 12 वर्ष, मुकेश 27 वर्ष।

### बचाव के दौरान एक स्थानीय युवक की मौत हुई

*बताया गया है कि कार गिरते देख स्थानीय लोग मदद करने के लिए कुएं में उतरे, इस दौरान गैस रिसाव होने के कारण मदद कर रहे एक युवक मनोहर सिंह की मौत हो गई।*

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा घटनास्थल पहुंचे

*हादसे की खबर मिलते ही डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा पहुंच गए जिन्होंने मदद और राहत कार्य तेज कराये। हादसे में कुल 13 लोग शामिल थे, जिनमें दो बच्चे भी थे। पहले बच्चों को निकालकर अस्पताल भेजा गया।*

## मोहन सरकार की कर्मचारियों को बड़ी सौगात

# डीए में 5 प्रतिशत बढ़ोतरी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय सम्मेलन में सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों को अब केंद्र सरकार के कर्मचारियों के समान कुल 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह वृद्धि दो किस्तों में लागू की जाएगी–1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत और 1 जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया है। इस वृद्धि से कर्मचारियों को न केवल मासिक वेतन में लाभ मिलेगा, बल्कि इसके तहत मिलने वाले एरियर (बकाया राशि) का भुगतान भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एरियर की राशि पांच समान किस्तों में जून 2025 से अक्टूबर 2025 तक वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार, न केवल 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है, बल्कि जुलाई 2024 से अप्रैल 2025 तक का एरियर भी दिया जाएगा, जिससे प्रदेश के कर्मचारियों को 775 रुपये से लेकर 7500 रुपये तक का सीधा लाभ मिलेगा।

### अब मिलेगा केंद्र के समान 55 प्रतिशत भत्ता




# मध्यप्रदेश को अंतरिक्ष क्षेत्र का केंद्र बनाएंगे : मुख्यमंत्री

## डॉ. यादव ने किया एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का शुभारंभ

**इंदौर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव–2025 में संबोधित करते हुए कहा कि मां अहिल्या की नगरी इंदौर को कई गौरव मिले हैं. अब यह ग्रीन सिटी बनेगी. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्प शक्ति से 11 साल में आमूलचूल परिवर्तन आए हैं. देशभर की सूरत बदल चुकी है. मध्य प्रदेश सरकार भी उनके विजन और मिशन के साथ खड़ी है.

उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश के छोटे–छोटे शहरों में उद्योग और उद्योगपतियों को पहुंचाया है. जीआईएस में हमने 30 लाख करोड़ का निवेश प्राप्त किया है. इसी के साथ उन्होंने ऐलान किया ति बैरसिया में मेगा इलेक्ट्रॉनिक पार्क बनाएंगे, मध्य प्रदेश को अंतरिक्ष क्षेत्र का केंद्र बनाएंगे साइबर सुरक्षा एवं उत्कृष्टता पर काम करेंगे.

**इन बातों पर जोर दिया–** डॉ. यादव ने कहा– इंदौर में एग्रीटेक, ड्रोन टेक्नोलॉजी सेक्टर के उद्योग शुरू होंगे. परदेशी पुरा के इंडस्ट्री पार्क को पीपीपी मोड पर दिया है. प्रदेश में भोपाल समेत 5 शहरों में बड़े इंडस्ट्री पार्क शुरू किए जा रहे हैं. राज्य में कोरिया, जापान से निवेशक आ रहे हैं. कोरिया का भारतीय संस्कृति से पुराना नाता रहा है. उद्योगपति का बनना एक मंदिर का बनना है. एक व्यक्ति श्रम शक्ति से कई परिवारों को रोटी देता है. प्रधानमंत्री जी स्वयं इसे प्रमोट करते हैं. हमारी पड़ोसी दुश्मन पाकिस्तान भी कहता है कि–

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## दिल्ली के रोहिणी में झुग्गी बस्ती में भीषण आग

# 800 झुग्गियां खाक, दो जिन्दा जले

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राजधानी दिल्ली के रोहिणी सेक्टर–17 स्थित श्री निकेतन अपार्टमेंट के पास रविवार सुबह झुग्गियों में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही आनन–फानन में फायर ब्रिगेड की 20 गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। हालांकि, झुग्गियों में अचानक लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिसमें 800 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गईं और दो लोगों की जिंदा जलने से दर्दनाक मौत हो गई। फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग एक झुग्गी में लगी थी, जो तेज़ी से आसपास की झुग्गियों में फैल गई।



दर्जनों लोगों ने जैसे–तैसे अपनी जान बचाई, लेकिन कुछ लोग आग की चपेट में आ गए। तलाशी अभियान के दौरान दो शव बरामद किए गए हैं, जिन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। स्थानीय निवासियों ने दमकल विभाग पर देर से पहुंचने का आरोप लगाया है। आग की भयावहता को देखते हुए इलाके में भारी अफरा–तफरी मच गई थी। कई परिवारों ने अपनी पूरी जमा–पूंजी इस आग में गंवा दी। दो बच्चे झुलसे हुए मिले हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# शाजापुर में हाईवे पर खड़ी बस में भीषण आग, एक यात्री झुलसा, 50 बाल-बाल बचे

**शाजापुर।** शाजापुर में आगरा–मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ढाबे के पास खड़ी बस में आग लगने से एक यात्री झुलस गया। बस में 50 से अधिक यात्री सवार थे, जिनमें से एक यात्री इकबाल सो रहा था, लेकिन वह समय रहते बाहर निकलने में सफल रहा।

हालांकि, वह झुलस गया है। बस और यात्रियों का सारा सामान पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया। शाजापुर से करीब 5 किलोमीटर दूर सनकोटा पेट्रोल पंप के सामने एक ढाबे में आग लग गई। रविवार को दोपहर 12 बजे कुछ यात्री चाय–नाश्ते के लिए वहां रुके थे, और थोड़ी ही देर में उनकी बस में आग लग गई। मौके पर तीन फायर ब्रिगेड की टीमें आग बुझाने के लिए पहुंच गई हैं। तराना टीआई टीएस दालोदिया के मुताबिक बस कानपुर से सूरत जा रही थी। वायरिंग फाल्ट होने के कारण ये घटना हुई।

सूचना मिलते ही शाजापुर यातायात पुलिस, लालघाटी थाना पुलिस और उज्जैन जिले की तराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। फिलहाल में तीन फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है।

## रक्षा मंत्री के साथ सीडीएस की हुई अहम बैठक, बीएसएफ चीफ भी गृह मंत्रालय पहुंचे

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई शुरू कर दी है। सुरक्षा बल जम्मू–कश्मीर में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं, जबकि एनआईए इस मामले की गहन जांच में जुटी है। इस बीच, रक्षा और सुरक्षा से जुड़े शीर्ष अधिकारियों की बैठकों का दौर भी जारी है। रविवार को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर एक अहम बैठक के लिए पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक आतंकियों के खात्मे और जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने की रणनीति पर केंद्रित है। दूसरी ओर, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने तेज किया सर्च ऑपरेशन

### संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही कांग्रेस, अन्य दलों से किया संपर्क

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस पार्टी संसद का एक विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही है। इसके लिए देश की सबसे पुरानी पार्टी ने अन्य विपक्षी दलों से भी संपर्क किया है।

खबर है कि कांग्रेस द्वारा पत्र का मसौदा तैयार किया जा रहा है और पार्टी नेतृत्व इस मामले पर अन्य विपक्षी नेताओं से विचार–विमर्श कर रहा है। एक सूत्र ने बताया कि यह पत्र आज शाम या कल तक भेजे जाने की संभावना है। विशेष सत्र की मांग इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले सप्ताह जम्मू–कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के बाद से सभी विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार की कार्रवाई का समर्थन किया है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने घोषणा की थी कि विपक्ष इस मामले में केंद्र द्वारा उठाए गए किसी भी कदम का समर्थन करेगा।

### खड़गे ने सर्वदलीय बैठक में मोदी के न आने पर उठाए सवाल

#### कहा- देश सबसे अहम, धर्म और भाषा बाद में

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी ने पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार को पूरा समर्थन दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार को इस समर्थन का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए, सभी को विश्वास में लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

खरगे ने कहा कि देश सबसे महत्वपूर्ण है और सभी को मिलकर इसकी रक्षा के लिए लड़ना और इसके कल्याण के लिए काम करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुरुवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक में शामिल न होना ठीक नहीं था।

JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित

आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

रक्षा

## अरब सागर से नौसेना ने दिया मजबूत संदेश

# युद्धपोतों की सफल एंटी-शिप मिसाइल फायरिंग

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के युद्धपोतों ने कई सफल एंटी–शिप मिसाइल फायरिंग की हैं। नेवी के प्रवक्ता ने एक्स पर पोस्ट करके कहा कि ये फायरिंग्स लंबी दूरी के सटीक हमलों के लिए प्लेटफॉर्म्स, सिस्टम्स और क्रू की ऑपरेशनल तैयारी की पुष्टि करती हैं। इसका मकसद नौसेना की युद्ध की तैयारी और भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने की काबिलियत का प्रदर्शन करना था। ये युद्धपोत अरब सागर में तैनात थे। पोस्ट में लिखा गया, भारतीय नौसेना के जहाजों ने कई एंटी–शिप फायरिंग्स को सफलता से अंजाम दिया। इस तरह लंबी दूरी के सटीक ऑफेंसिव स्ट्राइक्स के लिए प्लेटफॉर्म्स, सिस्टम्स और क्रू की तैयारी की पुष्टि की गई। नेवी किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए तत्पर, विश्वसनीय और भविष्य के लिए तैयार है।

इससे पहले, भारतीय नौसेना के मिसाइल विध्वंसक पोत 'आईएनएस सूरत' ने मध्यम दूरी तक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया। बताया जा रहा है कि इस मिसाइल की मारक क्षमता करीब 70 किलोमीटर है। नेवी ने कहा, 'भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक पोत 'आईएनएस सूरत' ने समुद्र में स्थित लक्ष्य पर सफलतापूर्वक सटीक हमला किया, जो नौसेना की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह उपलब्धि स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास और संचालन में भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।' नौसेना ने कहा कि यह मील का पत्थर राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा के लिए बल की अटूट प्रतिबद्धता का सबूत है।



22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इस अटैक में 26 लोग मारे गए, जिससे भारत–पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। आतंकियों ने टूरिस्ट स्पॉट को टारगेट किया, जहां आम नागरिकों की भारी भीड़ थी। इस घटना के बाद से सिक्योरिटी फोर्सेस हाई अलर्ट पर हैं। हमले के बाद भारतीय सेना ने तुरंत एक्शन लिया। जम्मू–कश्मीर में सिक्योरिटी ग्रिड को और मजबूत किया गया, खासकर पर्यटकों स्थलों और संवेदनशील जगहों पर। सेना ने स्ट्रष्ट पर निगरानी बढ़ा दी है और ड्रोन सर्विलांस भी जारी है। काउंटर–इंसर्जेंसी ऑपरेशन्स तेज कर दिए गए, जिसमें सर्च और कॉर्डन ऑपरेशन शामिल हैं।

# देश-विदेश

## पाकिस्तानी हिंदुओं की चारधाम यात्रा पर रोक

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की चारधाम यात्रा पर रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे। चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक कुल 21 लाख से अधिक लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है। यात्रा में भाग लेने के लिए विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। खास बात यह है कि इस यात्रा में शामिल होने के लिए पाकिस्तान से भी 77 श्रद्धालुओं ने अपना नाम दर्ज कराया था।

## नया भारत मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि नया भारत अब आतंकी गतिविधियों और देश की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को बख्शने वाला नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार की सुरक्षा और सुशासन की नीति पूरी तरह से जीरो टॉलरेंस पर आधारित है और ऐसे तत्वों को उनकी ही भाषा में जवाब दिया जाएगा। लखीमपुर खीरी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नया भारत किसी को परेशान नहीं करता, लेकिन अगर कोई भारत के खिलाफ शरारत करता है, तो उसे सख्ती से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि हमारे समाज में आतंकवाद और अराजकता के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री का यह बयान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी और कई घायल हुए थे। इस हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में एक बार फिर तनाव देखने को मिला. भारत ने इस घटना के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने सहित कई कठोर कदम उठाए, वहीं पाकिस्तान ने भी भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने की घोषणा की।

## एनआईए ने की पहलगाम हमले की जांच शुरू

### घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र करने में जुटी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पहलगाम आतंकवादी हमले का मामला औपचारिक रूप से अपने हाथ में ले लिया है और टीम घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र कर जांच में जुट गई है।

इस हमले में पिछले मंगलवार को 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्दयतापूर्वक गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एनआईए के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि बुधवार से आतंकी हमले वाली जगह पर डेरा डाले हुए एनआईए की टीमों ने सबूतों की तलाश तेज कर दी है। आतंकवाद विरोधी एजेंसी के एक पुलिस महानिरीक्षक, एक पुलिस उपमहानिरीक्षक और एक पुलिस अधीक्षक की देखरेख में टीमें उन चश्मदीदों से पूछताछ कर रही हैं, जिन्होंने शांतिपूर्ण और सुरम्य बैसरन घाटी में अपनी आंखों के सामने भयानक हमले को घटते देखा था।

## दिल्ली में पांच हजार पाकिस्तानी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत दिनों हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। पाकिस्तानियों को उनके देश वापस भेजने का काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार के आदेश का पालन करते हुए कई राज्य सरकारें ने उनके राज्य में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को वापस पाक भेजने में लगी है। दिल्ली में करीब पांच हजार पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की गई है। भारत के खुफिया विभाग ने दिल्ली पुलिस को इसकी लिस्ट सौंपी है। आईबी ने दिल्ली में रह रहे करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की सूची दिल्ली पुलिस को सौंप दी है ताकि इन लोगों की घर वापसी सुनिश्चित की जा सके। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने यह सूची दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा के साथ साझा की है और आगे सत्यापन और पहचान के लिए इसे संबंधित जिले के साथ भी साझा किया गया है।

## भारत 130 परमाणु मिसाइलों के निशाने पर : हनीफ अब्बासी

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के रिश्ते तल्ख हो गए हैं। भारत की सख्ती और प्रतिबंध के चलते पाकिस्तान की घबराहट बढ़ी हुई है। मगर पाकिस्तान के मंत्री और नेता भारत को गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। अब पाकिस्तान के मंत्री हनीफ अब्बासी ने भारत को खुलेआम परमाणु हमले की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अपने शस्त्रागार में 130 परमाणु हथियार केवल भारत के लिए रखे हैं।

## मन की बात में बोले मोदी-

## पहलगाम पीड़ितों को न्याय मिलेगा



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया और साथ ही पहलगाम के दोषियों को कड़ी सजा देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना ने देशवासियों को पीड़ा पहुंचाई है और इसे लेकर देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा है।

लोग पीड़ित परिजनों के दर्द को महसूस कर सकते हैं। पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश के साथ खड़ा है। हर भारतीय का खून आतंक की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी और लोकतंत्र मजबूत हो रहा था। पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हो रही थी और लोगों की कमाई बढ़ रही थी, लेकिन देश के दुश्मनों को और जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया।

आतंकी चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए। इस मुश्किल वक्त में 140 करोड़ देशवासियों की एकता सबसे बड़ा आधार है। मोदी ने कहा कि हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक दृढ़ राष्ट्र के रूप में अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना है। भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो पूरी दुनिया में हैं। इस आतंकी हमले के बाद दुनियाभर से लगातार संवेदनाएं आ रही हैं। कई राष्ट्राध्यक्षों ने मुझे भी फोन करके पहलगाम की घटना पर दुख जताया है। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सभी ने कठोर निंदा की है। पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश के साथ खड़ा है। मैं पीड़ित परिवारों को भरोसा देता हूं उन्हें न्याय मिलेगा और न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।

मोदी ने कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। सजा मिलकर रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।

## आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 के अधीन रजिस्टर्ड फर्म मेसर्स एवरेस्ट इन्टरप्राइजेस, पता- मकान नं. 903, गोल बाजार, जबलपुर रजिस्ट्रेशन नं. 04/14/01/00044/04 दिनांक 02/09/2024 जिसमें (1) श्री सिद्धार्थ पटेल पिता परमानंद भाई पटेल (2)श्रीमति कल्पना पटेल पति श्री सिद्धार्थ पटेल (3) श्री कनिष्क पटेल पिता श्री सिद्धार्थ पटेल (4) श्री आदित्य कुमार पटैल पिता श्री सिद्धार्थ पटेल (5) श्री शिरीष शाह पिता श्री हिम्मत लाल शाह सभी निवासी गोल बाजार, जबलपुर भागीदार थे एवं भागीदारी विलेख दिनांक 31 अगस्त 2013 को (1) श्री राजीव बड़ेरिया पिता श्री शंभूदयाल बड़ेरिया एवं (2) श्री सौरभ बड़ेरिया पिता श्री शंभूदयाल बड़ेरिया दोनों निवासी 1752, सरस्वती कॉलोनी, जबलपुर को उक्त भागीदारी फर्म में सम्मिलित किया गया इस प्रकार फर्म में कुल 7 भागीदार हुए एवं दिनांक 22/03/2016 को (1) सिद्धार्थ पटेल (2) श्रीमती कल्पना पटेल (3) श्री कनिष्क पटेल (4) श्री आदित्य कुमार पटेल को स्वेच्छा से फर्म से पृथक हो गये यानि फर्म में मात्र 3 भागरीदार शेष रहे, इसके पश्चात दिनांक 02/05/2016 को (1) श्री संदीप विजन पिता स्व. गुलशन विजन निवासी 114/2, विजन महल, मण्डला रोड, तिलहरी, जबलपुर (2) श्री विकास जैन पिता श्री छोटे लाल जैन निवासी- 242, नेपियर टाउन, जबलपुर व (3) श्री गोपी अडनानी पिता स्व. श्री एच.डी. अडवानी निवासी वाहे गुरू टैक्सटाइल्स, प्रथम, दुलारी हाट मार्केट, जवाहरगंज, जबलपुर को फर्म में सम्मिलित किया गया इस प्रकार फर्म में 6 भागीदार हो गये एवं दिनांक 01/04/2020 को श्री शिरीष शाह फर्म में स्वेच्छा से पृथक हो गये जिसके पश्चात फर्म में 5 भागीदार शेष रहे। दिनांक 19 अप्रैल 2025 को (1) श्री संदीप विजय (2) श्री विकास जैन, व (3) श्री गोपी अडनानी भागीदार फर्म से पृथक हो रहे हैं एवं वर्तमान में फर्म में कुल 2 भागीदार (1) सौरभ बड़ेरिया (2) राजीव बड़ेरिया मात्र शेष हैं। अत: किसी फर्म/संस्था/व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 07 दिवस के अंदर फर्म के कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

**जबलपुर**
**दिनांक 26/04/2025**

**सौरभ बड़ेरिया**
**भागीदार**
**मेसर्स एवरेस्ट इंटरप्राइजेज**

र.नं.- 257

## कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बी पैक्स बनसुकली

पं.क्र. 363
पंक. /आमसभा/2025

पंजीयन दिनांक 30/10/1976
दिनांक- 24/04/2025

### विशेष साधारण आमसभा की सूचना

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बनसुकली के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की विशेष साधारण आमसभा दिनांक 14/05/2025 दिन बुधवार को समय 3.00 बजे समिति कार्यालय भवन बनसुकली में आयोजित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। कोरम के अभाव में बैठक आधे घंटे के लिये स्थगित की जाकर पुनः इसी स्थान पर प्रारंभ की जायेगी जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

**विषय सूची निम्नानुसार है** - 1. संस्था की पंजीकृत उपविधि कंडिका (3) में संस्था के कार्यक्षेत्र के ग्रामों में से 17 ग्राम आमडीह, पांड, पेडरा, झिरिया, गिरूईखुर्द, कल्लेह, बलौडीपूर्व, बलौडी पश्चिम, नगनौडी, पुरैना, सनौली, किरगीबहरा, ढोढा, कोईलारी, कुदरा, उमरखोही पृथक कर नवीन प्रस्तावित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित आमडीह के गठन हेतु संशोधन बावत विचार।

| क्रं. | वर्तमान उपविधि शब्दावली | संशोधितउपविधि की शब्दावली | संशोधन का कारण |
|---|---|---|---|
| 1. | वर्तमान में इस संस्था का नाम बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पैक्स बनसुकली है। इसका रजिस्ट्रीकृत पता ग्राम पोस्ट बनसुकली तहसील जैसिहनगर जिला शहडोल म.प्र. है। **कार्यक्षेत्र**- बनसुकली, कुण्डाटोला, पोड़ी, मदरियाटोला, डोम्हार, पहडिया, सिचौरा, जमुडी, खडगडी, मिठौली, कुठली, छकता, तालीकला, पिपरी,नौगांव, पलहा, बेलहा, मलौटी, आमडीह, पांड, पेडरा, झिरिया, गिरूई खुर्द, कल्लेह, बहेरहा, सनौसी, किरगीबहरा, ढोढा, कोईलारी, कुदरा उमरखोही ग्रामों तक सीमित है। | इस संस्था का नाम बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पैक्स बनसुकली है। इसका रजिस्ट्रीकृत पता ग्राम पोस्ट बनसुकली तहसील जैसिहनगर जिला शहडोल म.प्र. है। **कार्यक्षेत्र**- बनसुकली, कुण्डाटोला, पोड़ी, मुदरिया टोला, डोमर, पहडिया, सिचौरा, जमुडी, खडगडी, मिठौली, कुठली, छकता, तालीकला, पिपरी, नौगांव, पलहा, बेलहा, मलौटी ग्रामों तक सीमित होगा। शेष ग्रामों के लिये संस्था का पुनर्गठन कर निम्नानुसार संस्था बनायी जाना प्रस्तावित है। इस संस्था का नाम बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बी पैक्स आमडीह तहसील जैसिंहनगर जिला शहडोल म.प्र. रहेगा। **कार्यक्षेत्र**- आमडीह, पांड, पेडरा, गिरूईखुर्द, कल्लेह, बहेरहा बलौडीपूर्व, बलौडी पश्चिम, नगनौड़ी, पुरैना, सनौसी किरगीबहरा, ढोढा, कोईलारी, कुदरा, उमरखोही ग्रामों तक सीमित है। | प्रस्तावित नवीन प्राथमिक कृषि साख समिति मर्या. बी पैक्स कनाडीखुर्द का गठन प्रस्तावित होने के कारण |

**2 संस्था के पुनर्गठन हेतु प्रस्तावित योजना के अनुमोदन बावत् विचार**

**प्रबंधक, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, बनसुकली**

## कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बी पैक्स करकी

पं.क्र. 635
पंक. /आमसभा/2025

पंजीयन दिनांक 22/07/1976
दिनांक- 24/04/2025

### विशेष साधारण आमसभा की सूचना

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित करकी के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की विशेष साधारण आमसभा दिनांक 16/05/2025 दिन शुक्रवार को समय 3.00 बजे समिति कार्यालय भवन करकी में आयोजित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। कोरम के अभाव में आधे घंटे के लिये स्थगित की जाकर पुनः इसी स्थान पर प्रारंभ की जायेगी जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

**विषय सूची निम्नानुसार है** - 1. संस्था की पंजीकृत उपविधि कंडिका (3) में संस्था के कार्यक्षेत्र के ग्रामों में से 15 ग्राम टेटका, भुरका, बिनैका, बसनगरी, कनाडीखुर्द, कर्री, कनाडीकला, औता, जमुनारा, मढ़ा, गिरूईबड़ी, गजवाही, कीट, मटोहर, बरतुआ पृथक कर नवीन प्रस्तावित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कनाडीखुर्द के गठन हेतु संशोधन बावत विचार।

| क्रं. | वर्तमान उपविधि शब्दावली | संशोधितउपविधि की शब्दावली | संशोधन का कारण |
|---|---|---|---|
| 1. | वर्तमान में इस संस्था का नाम बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पैक्स करकी है। इसका रजिस्ट्रीकृत पता ग्राम पोस्ट करकी तहसील जैसिहनगर जिला शहडोल म.प्र. है। **कार्यक्षेत्र**- करकी, कोल्हुआ, लखनवार, सेमरा, छूदा, बतौड़ी, पथरापानी, झिरियाटोला, भत्तू, बिजहा भैंसहा, भांगजीर, जरूखरा, टेटका, भुरका बिनैका, बसनगरी, कनाडीखुर्द, कर्री, कनाडी कला, औता, जमुनारा, मढ़ा, गिरूईबडी गजवाही, कीट, मटोहर बरतुआ ग्रामों तक सीमित है। | इस संस्था का नाम बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पैक्स करकी है। इसका रजिस्ट्रीकृत पता ग्राम पोस्ट करकी तहसील जैसिहनगर जिला शहडोल म.प्र. है। **कार्यक्षेत्र**- करकी, कोल्हुआ, लखनवार, सेमरा, छूदा, बतौड़ी, पथरापानी, झिरियाटोला, भत्तू, बिजहा,भैंसहा, भांगजीर, जरूखरा ग्रामों तक सीमित होगा। शेष ग्रामों के लिये संस्था का पुनर्गठन कर निम्नानुसार संस्था बनायी जाना प्रस्तावित है। इस संस्था का नाम बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पैक्स कनाडीखुर्द तहसील जैसिंहनगर जिला शहडोल म.प्र. रहेगा। **कार्यक्षेत्र**- टेटका, भुरका, बिनैका, बसनगरी कनाडीखुर्द, कर्री, कनाडीकला, औता, जमुनारा मढ़ा, गिरूईबडी, गजवाही, कीट, मटोहर, बरतुआ ग्रामों तक सीमित है। | प्रस्तावित नवीन प्राथमिक कृषि साख समिति मर्या. बी पैक्स कनाडीखुर्द का गठन प्रस्तावित होने के कारण |

2 संस्था के पुनर्गठन हेतु प्रस्तावित योजना के अनुमोदन बावत् विचार

**प्रबंधक, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, करकी**

## आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 के अधीन रजिस्टर्ड फर्म मेसर्स ग्लोबल बिल्डर्स एण्ड प्रमोटर्स, पता- 1588, राइट टाउन, अपोजिट एम.एच. हॉस्पिटल, जबलपुर रजिस्ट्रेशन नं. 04/14/01/00080/11 दिनांक 14/06/2011 जिसमें (1) श्री शंभूदयाल बड़ेरिया पिता बी.एन. बड़ेरिया (2) सौरभ बड़ेरिया पिता श्री शंभूदयाल बड़ेरिया, एवं (3) राजीव बड़ेरिया पिता श्री शंभूदयाल बड़ेरिया तीनों निवासी 1752, सरस्वती कालोनी, जबलपुर भागीदार हैं एवं दिनांक 02 मई 2016 को (1) श्री संदीप विजन पिता स्व. गुलशन विजन निवासी 114/2, विजन महल, मण्डला रोड, तिलहरी, जबलपुर, (2) श्री विकास जैन पिता श्री छोटे लाल जैन निवासी- 242, नेपियर टाउन, जबलपुर व (3) श्री गोपी अडनानी पिता स्व. श्री एच.डी. अडनानी निवासी- वाहे गुरू टैक्सटाइल्स, प्रथम तल, दुलारी हॉट मार्केट, जवाहरगंज, जबलपुर को उक्त भागीदार फर्म में सम्मिलित किया गया, इस प्रकार फर्म में 6 भागीदार हो गये एवं दिनांक 19 अप्रैल 2025 को (1) श्री संदीप विजन (2) श्री विकास जैन व (3) श्री गोपी अडनानी जी स्वेच्छा से उक्त भागीदारी फर्म से पृथक हो रहे हैं एवं वर्तमान में फर्म कुल तीन भागीदार (1) श्री शंभूदयाल बड़ेरिया (2) सौरभ बड़ेरिया एवं (3) राजीव बड़ेरिया मात्र शेष हैं। अत: किसी फर्म/संस्था/ व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 07 दिवस के अंदर फर्म के कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

**जबलपुर**
**दिनांक 26/04/2025**

**सौरभ बड़ेरिया, भागीदार**
**मेसर्स ग्लोबल बिल्डर्स एण्ड प्रमोटर्स**

र.नं.- 257

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मध्यप्रदेश को अंतरिक्ष....

काश मोदी हमारे भी प्रधानमंत्री होते तो हमें इतने दुर्दिन नहीं देखने पड़ते. यह बदलता भारत है. आप रुकना मत, थमना मतज मध्यप्रदेश ने अभी तो शुरुआत की है. मध्यप्रदेश में अपार संभावनाएं हैं. हम 3 मई को एग्रीकल्चर कॉन्कलेव करने जा रहे हैं. प्रदेश में कृषि विकास दर सबसे अधिक है. हमारा सिंचाई क्षेत्र 55 लाख हेक्टेयर है.हमारी प्रति व्यक्ति आय कभी 11 हजार थी, आज 1 लाख 52 हजार रुपए है. 2047 तक पर कैपिटा इनकम 22 लाख रुपए हो जाए, इस दिशा में कार्य कर रहे हैं. मध्यप्रदेश को आप सभी का साथ मिलेगा. मुख्यमंत्री के संबोधन के प्रमुख बिन्दु- इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरर के लिए बैरसिया में 209 एकड़ के मेगा प्रोजेक्ट से हम प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन का पावर हाउस बनाएंगे. यहां मोबाइल, सेमीकंडक्टर डिवाइस पार्क बनाने वाली सभी कंपनियों को वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर मिलेगा.1500 करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित करते हुए, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेंगे , मेक इन मध्य प्रदेश की इस नई पॉलिसी का लाभ मिलेगा.स्पेस टेक नीति पर काम करते हुए मध्य प्रदेश को हम अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख केंद्र बनाएंगे. इस नीति के अंतर्गत हम स्टार्टअप, अंतरिक्ष अनुसंधान सेटेलाइट टेक्नोलॉजी और कमर्शियल स्पेस मिशन के लिए भी प्रोत्साहित करेंगे. साइबर सुरक्षा उत्कृष्टता के इस अवसर पर साइबर से जुड़े हुए सुरक्षा और अलग-अलग प्रकार के सभी कामों के लिए ट्रेनिंग और विभिन्न प्रकार के काम करते हुए हम एक नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं.इंदौर में एग्रीटेक उत्कृष्टता केंद्र आईआईटी इंदौर के साथ हम आईसीएआर नेशनल इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर एग्री टेक और खासकर ड्रोन टेक्नोलॉजी पर काम कर रहे हैं.

### रक्षामंत्री के ....

के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी गृह मंत्रालय पहुंचे, जहां आतंकवाद के खिलाफ चल रही कार्रवाइयों और सीमा सुरक्षा पर चर्चा हुई। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के जंगलों और संवेदनशील इलाकों में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, और आतंकियों की तलाश के लिए सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) संयुक्त रूप से अभियान चला रहे हैं। एनआईए की एक विशेष टीम भी पहलगाम पहुंची है, जो हमले के पीछे की साजिश और आतंकी नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। पहलगाम हमले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन टीआरएफ द्वारा जिम्मेदारी लेने और पाकिस्तान के संदिग्ध कनेक्शन के मद्देनजर भारत सरकार ने पहले ही कई सख्त कदम उठाए हैं। इनमें 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी बॉर्डर चेकपोस्ट को बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं पर रोक, और भारत में मौजूद पाकिस्तानी राजनयिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने का आदेश शामिल है। इसके अलावा, भारत ने इस्लामाबाद में अपने दूतावास को बंद करने का भी फैसला किया है।

## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूं कि मेरे पक्षकार श्री दिनेश कुमार करोसिया पिता श्री रामप्रसाद करोसिया, पता- जबलपुर तहसील- जबलपुर व जिला जबलपुर के द्वारा संपत्ति जो कि मौजा- भड़पुरा, बंदोबस्त नंबर 131, पटवारी हल्का नं. 25, नगर वार्ड नं.- 44, निर्मलचंद जैन वार्ड कचंनपुर तहसील- रांझी व जिला जबलपुर में स्थित खसरा नं. 262/37 नामांतरण पश्चात खसरा नंबर 262/37/2, डायवर्सन शीट नंबर 7, प्लाट नंबर 189/1 का भाग, जिसका कुल रकवा 550 वर्गफिट है को पूर्व भूमिस्वामी श्री नेक्लाल पिता श्री समनू से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.06.2012, दस्तावेज क्र. 613, के माध्यम से क्रय किया है। यह कि श्री दिनेश कुमार करोसिया पिता श्री रामप्रसाद करोसिया द्वारा Piramal Capital & Housing Finance Ltd. शाखा जबलपुर से उक्त संपत्ति बंधक कर ऋण प्राप्त किया जा रहा है जिसकी सुरक्षा हेतु श्री दिनेश कुमार करोसिया पिता श्री रामप्रसाद करोसिया द्वारा उक्त संपत्ति बैंक में बंधक किया जा रहा है उक्त संपत्ति पर पंजीकृत दिनांक विक्रय पत्र दिनांक 12.06.2012, दस्तावेज क्र. 613 को बैंक में जमा कर साम्यिक बंधक किया जा रहा है अत: जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अंदर मेरे पक्षकार Piramal Capital & Housing Finance Ltd. शाखा जबलपुर को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मयदस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, समय उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**जबलपुर, दिनांक 26/04/2025**
**साकेत प्यासी, अधिवक्ता**
319, गली नं. 05, त्रिमूर्ति नगर, दमोहनाका, जबलपुर
मो. 9806373695

र.नं.- 258

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं सचिन कुमार कुचया (Sachin Kumar Kuchya) पिता स्व. श्री के. पी. कुचया आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि मेरी पुत्री Pragya Kuchya की कक्षा 9वीं, जॉय सीनियर सेकेंड्री स्कूल की अंक सूची एवं C.B.S.E. Records में मेरा नाम Sachin Kuchya दर्ज है जो कि मेरा शॉर्ट नाम है तथा मेरा सही व पूरा नाम Sachin Kumar Kuchya है। Somya Kuchya की कक्षा 10वीं, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की अंक सूची में मेरा नाम Sachin Kuchya दर्ज है जो कि मेरा शॉर्ट नाम है तथा मेरा सही व पूरा नाम Sachin Kumar Kuchya है। मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में सही व पूरा नाम Sachin Kumar Kuchya दर्ज है। मेरी पुत्री Pragya Kuchya की कक्षा 9वीं, जॉय सीनियर सेकेंड्री स्कूल की अंक सूची एवं C.B.S.E. Records में से मेरा नाम Sachin Kuchya विलोपित कर मेरा सही व पूरा नाम Sachin Kumar Kuchya दर्ज किया जावे। मेरी पुत्री Somya Kuchya की कक्षा 10वीं, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की अंक सूची में से मेरा नाम Sachin Kuchya विलोपित कर मेरा सही व पूरा नाम Sachin Kumar Kuchya दर्ज किया जावे।

**गलत नाम- सचिन कुचया**
(Sachin Kuchya)
**सही नाम- सचिन कुमार कुचया**
(Sachin Kumar Kuchya)

## कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर ( म.प्र. )

प्रारुप V ( नियम 10 देखें )

धारा 19 ( 1 ) के तहत पुनर्वासन एवं पुनर्व्यावस्थापन घोषणा का प्रकाशन

सचिव, राजस्व विभाग

क्रमांक 351/अ.वि.अ./भू-अर्जन/2025 — नरसिंहपुर, दिनांक- 17.04.2025

रा.मा.क्रं. 0018/अ-82/2004-25 ग्राम- कुड़ी प.ह.नं. -18/6 नं.बं.-64 तहसील- करेली

जहां सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के अन्य कार्यों हेतु ग्राम-कुड़ी प.ह.नं.-18/6 नं.ब.-64 तहसील-नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर में कुल 8.005 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है। इसलिये घोषणा की जाती है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खंड है, जो 8.005 हेक्टेयर है ग्राम कुडी तहसील नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर में है, जिसका विस्तृत ब्यौरा निम्नलिखित है :-

ग्राम-कुडी, प.ह.नं.-18/6 नं.बं.-64 तहसील-करेली

| सं. क्रं. | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | स्वामित्व का प्रकार | खसरा नंबर | अर्जित हेतु रकबा हे. में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 1 | मगन पिता कच्छेदी जाति भरिया पता कुडी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 9/1 ( S ) | 1.615 |
| 2 | जीराबाई पति श्रीलाल जाति भरिया पता कुडी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 9/4 ( S ) | 0.807 |
| 3 | दीप्ति पत्नी रामकुमार जाति गौड़ पता साकेत नगर डिंडोरी नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 9/5 ( S ) | 0.807 |
| 4 | राजबल पिता दुल्ली जाति भरिया पता कुडी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 10/1 ( S ) | 1.401 |
| 5 | महेश पिता मोहन जाति भरिया पता कुडी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 10/2/1 ( S ) | 0.467 |
| 6 | मुलाम पिता मोहन जाति भरिया पता कुडी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 10/2/2 ( S ) | 0.467 |
| 7 | संतोष पिता मोहन जाति भरिया पता कुडी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 10/2/3 ( S ) | 0.466 |
| 8 | माया बाई पत्नी सत्यपाल जाति ढीमर कुडी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी बसंत पुत्र सत्यपाल जाति ढीमर पता कुडी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी संतोष पुत्र सत्यपाल जाति ढीमर पता कुड़ी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी मकुल पुत्री सत्यपाल जाति ढीमर कुडी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी आदर्श पुत्र रज्जू जाति भरिया पता नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी श्रध्दा पुत्री रज्जू जातिं भरिया पता नरसिंहपर मागप्रदेश भमिज्जाधी | भूमिस्वामी | 10/3 ( S ) | 1.400 |
| 9 | तकन पिता जौहरिया जाति भरिया पता कुडी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी हरप्रसाद पिता जौहरिया जाति भरिया पता कुडी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 11 ( S ) | 0.575 |
| | | | कुल योग | 8.005 |

1. यह घोषणा हितबद्ध व्यक्तियों के आक्षेपों को सुनने और भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 ( 2013 का 30 ) की धारा 15 में यथा उपबंधित सम्यक जांच करने के पश्चात् की गयी है।
2. कार्यपालन यंत्री रा.अ.बा.लो.सा. नहर संभाग नरसिंहपुर के द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है कि भू-अर्जन के कारण विस्थापित होने वाले संभावित कुटुम्ब की संख्या निरंक है, अतः इनके लिये पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित करने का प्रश्न उद्भूत नही होता है।
3. चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के अन्य कार्यों हेतु हितबद्ध व्यक्तियों में से किसी भी व्यक्ति का विस्थापन नही होने से धारा 19 की उपधारा ( 2 ) के तहत् पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का सार प्रकाशित करने की आवश्यकता नहीं है।
4. उक्त भूमि के या उक्त भूमि के किसी भाग में पड़े कोयला, लौह पत्थर, स्लेट या अन्य खनिजों की खानें है, खान और खनिज के ऐसे भागों, में जिन्हे उस प्रयोजन, जिसके लिए भूमि अर्जित की जा रही है, की परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाये या उपयोग किए जाने की अपेक्षा है. को छोडकर आवश्यक नहीं है।
5. अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) नरसिंहपुर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

स्वच्छता ही सेवा

**(मणिन्द्र कुमार सिंह)**
**अनुविभागीय अधिकारी**
**सह भू-अर्जन अधिकारी, नरसिंहपुर**

**(शीतला पटले)**
**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग**
**जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**

G-12057/25

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

### मध्य प्रदेश शासन

## कार्यालय पश्चिम छिंदवाडा वनमण्डल छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 10/ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक

1. वनमण्डलाधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल छिंदवाड़ा द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित-2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**Table - 1**

| Items | Technical Specification Details |
|---|---|
| (1) Galvanised Steel Chain Link Fence | Mesh Wire Galvanised Steel wire of 4 mm diameter<br>Fabric Size-100x100 mm<br>Height-150 cm<br>Line Wire-2 numbers of line wires of 4.00 mm diameter<br>Standard- Conforming to IS-2721-2003, with up to date amendments |
| | Mesh Wire Galvanised Steel wire of 3.15 mm diameter<br>Fabric Size-75x75 mm<br>Height-150 cm<br>Line Wire-2 numbers of line wires of 4.00 mm diameter<br>Standard- Conforming to IS-2721-2003, with up to date amendments |

- निविदा दस्तावेज़ से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 28.04.2025 Time 01.00 PM से दिनांक 16.05.2025 Time 01.00 PM तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।

| | |
|---|---|
| Purchase of tender start date and time<br>निविदा क्रय की प्रारंभिक तिथि | 28.04.2025 Time 01.00 PM |
| Bid submission start date and time<br>निविदा दर प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 28.04.2025 Time 01.00 PM |
| Pre Bid Meeting Date | 08.05.2025 Time 01.00 PM |
| Bid submission closing date and time<br>निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 16.05.2025 Time 01.00PM |
| Bid Opening date and time<br>निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 16.05.2025 Time 02.00 PM |

G-12030/25 स्वच्छता ही सेवा

**वनमंडलाधिकारी**
**पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमण्डल**

# देश-प्रदेश

उवाच

## हमारे देश की पहचान सिंधु घाटी से जुड़ी है : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे देश की पहचान सिंधु घाटी सभ्यता और सिंधु नदी से जुड़ी है। प्राचीन काल में विकसित सिंधु घाटी सभ्यता आज भी पूरे देश को गौरवान्वित करती है। सम्राट दाहिर सेन का अपनी धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष आज भी हमें प्रेरणा और साहस प्रदान करता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित और प्रतिबद्ध हैं। भोपाल, संत हिरदाराम की पुण्य भूमि है, संत परम्परा के अनुसार हम जियो और जीने दो के सिद्धांत में विश्वास करते हुए प्राणी मात्र से प्रेम के भाव का व्यवहार में भी निर्वहन करते हैं।



मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ 2025 में शामिल हुये आईटी क्षेत्र के प्रमुख उद्योगपति, मुख्यमंत्री ने कहा-

# उद्योग मंदिर की तरह हैं जिससे लाखों लोगों को मिलता है रोजगार के रूप में आशीर्वाद

- 20 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, 75 हजार रोजगार होंगे सृजित
- प्रदेश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का प्रमुख केन्द्र बनेगा, 1500 करोड़ का मिला निवेश
- निवेशकों को एकीकृत सुविधा देने के लिये प्रोत्साहन पोर्टल लॉन्च
- कई उद्योगों का हुआ लोकार्पण और भूमि-पूजन



हम इरादों को निवेश में और नीतियों को क्रियान्वयन में बदल रहें हैं

**इंदौर/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उद्योगों का निर्माण किसी मंदिर के बनने की तरह है। उद्योग ऐसे मंदिर हैं जो भगवान की तरह दर्शन जीविका का प्रसाद और आशीर्वाद देते हैं। श्रम शक्ति से लाखों व्यक्तियों को रोजी-रोटी मिलती है। आज के तकनीकी दौर में छोटे देश भी प्रगति कर रहे हैं। युद्धों से विकास में पिछड़ने वाले देश भी उद्यमशीलता से विकसित हो जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम आज बदलते दौर का भारत देख रहे हैं, जहां कई क्षेत्रों में तीव्र प्रगति हो रही है। इंदौर ने उद्योगों के विकास का कीर्तिमान बनाया है, इंदौर आईटी क्षेत्र की राजधानी है। इंदौर में श्री अतुल पंचशील जैसे उद्योगपति विशिष्ट कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया प्रदेश में पाँच बड़े नगरों में इण्डस्ट्री पार्क प्रारंभ किये जा रहे हैं। कोरिया जैसे देश जिनसे भारत का पुराना सांस्कृतिक नाता है, वे भी मध्यप्रदेश में निवेश के लिये इच्छुक हैं। आज की कॉन्क्लेव में कोरिया और जापान से भी प्रतिनिधि आये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कॉन्क्लेव से लगभग 20 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे लगभग 75 हजार रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि मुझे बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आज के टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के भूमि-पूजन एवं शिलान्यास भी हुए हैं। इसमें से जीआईएस-भोपाल में आईटी सेक्टर में प्राप्त 99 प्रस्तावों में से 25 प्रतिशत का आज भूमि-पूजन हुआ है, जो इस बात का द्योतक है कि हम बस वादे नहीं करते, उन्हें धरातल पर उतारकर भी दिखाते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भोपाल जिले के बैरसिया में मोबाईल, सेमीकंडक्टर डिवाइस पार्क बनाने वाले प्रतिष्ठान विश्व स्तरीय अधोसंरचना का लाभ प्राप्त करेंगे। लगभग 209 एकड़ क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के इस मेगा प्रोजेक्ट से बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराना संभव होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के बैरसिया में महत्वपूर्ण निवेश करीब 1500 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने में सफलता मिली है। स्पेस टेक नीति के अंतर्गत यह कार्य होगा। इससे सायबर सुरक्षा के क्षेत्र में नया दौर सामने आयेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर में एग्रीटेक उत्कृष्टता केन्द्र बनेगा। ड्रोन तकनीक सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आयेगा। परदेशीपुरा आईटी पार्क से नई संभावनाएँ विकसित होंगी। इंदौर आईटी क्षेत्र की नई राजधानी बन गयी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा तैयार की गयी 18 उद्योग हितैषी नीतियों का लोकार्पण किया था। ये नीतियाँ उद्योगों के विकास में उपयोगी सिद्ध हो रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश में अद्भूत कार्य किया है। उनके विकसित भारत@2047 के संकल्प के अनुसार मध्यप्रदेश में निरंतर कार्य हो रहा है। जीआईएस-भोपाल से उद्योग स्थापना के सभी रिकार्ड टूटे हैं। उद्योगपति स्वयं यह कह रहे हैं कि मध्यप्रदेश में एक माह में उद्योग लगाने का कार्य संभव हुआ है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश तेज गति से कृषि विकास दर प्राप्त कर रहा है। आगामी 3 मई को कृषि मेला आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 11 हजार से बढ़कर एक लाख 52 हजार रुपये तक पहुंच गयी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर में आज हुई कॉन्क्लेव में एमओयू करने वाले सभी औद्योगिक संस्थान बधाई के पात्र हैं। कॉन्क्लेव के दौरान चार नई औद्योगिक नीतियों की गाइड लाईन जारी की गयी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब मात्र वादों का नहीं, जनता से किये गये वादों को पूरा कर विकास के पथ पर अग्रसर होने वाला राज्य है। टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 मध्यप्रदेश की तकनीकी-परक औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम पड़ाव है। आज का दिन मध्यप्रदेश के टेक्नो-इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। इन्दौर में टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का सफल आयोजन हुआ है। यह सिर्फ एक कॉन्क्लेव नहीं है, बल्कि प्रदेश की तकनीकी-परक अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए ऐतिहासिक कदम है।

## मध्यप्रदेश अब मात्र वादों का नहीं, जनता से किये गये वादों को पूरा कर विकास के पथ पर अग्रसर होने वाला राज्य : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में हमने दुनिया को मध्यप्रदेश की प्रौद्योगिकी क्षमता से रूबरू करवाया था। यह कॉन्क्लेव उसी संकल्प का जीवंत उदाहरण है, जहां हम इरादों को निवेश में और नीतियों को क्रियान्वयन में बदल रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को हुए अभी 60 दिन ही हुए हैं और इस अल्प समय में टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का सफल आयोजन हमारी प्रॉमिस्ड डिलीवरी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के निवेश इरादों को ठोस निवेश में बदलना, राज्य में तकनीकी विकास के लिए सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना, नए आईटी पार्क, सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस, इनक्यूबेटर्स की स्थापना करना, प्रमुख बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं के लिए भूमि-पूजन कर आधारशिला रखना एवं पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का लोकार्पण करना, जीसीसी, आईटी, आईटीईएस सेमीकंडक्टर्स, ड्रोन, और एवीजीसी-एक्सआर पर चर्चा करके इन नीतियों का सफल क्रियान्वयन कराना, मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उद्योगपतियों के बीच विशेष बैठकें आयोजित कर निवेश स्वीकृतियों और परियोजना-स्तरीय चिंताओं पर चर्चा करना और रीयल-टाइम अपडेट और एंड-टू-एंड सुविधा प्रदान करने के साथ प्रदेश को नवाचार और निवेश के लिए एक वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कॉन्क्लेव में 19 निवेशकों से वन-टू-वन मीटिंगभी की गई।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि देश का स्वच्छतम शहर इन्दौर शहर अब टू टीयर शहर से आगे बढ़ चुका है। यह शहर क्लीन और ग्रीन सिटी है। आने वाले समय में पर्यावरण क्षेत्र में सुधार होगा और शहर में तापमान 5 डिग्री तक कम करने में सफलता प्राप्त होगी। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने उद्योगों के विकास संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस संकल्प के अनुसार निरंतर महत्वपूर्ण निर्णय लेकर उनका क्रियान्वयन करवाया है।

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि जीआईएस-भोपाल में प्राप्त निवेश प्रस्ताव महत्वपूर्ण रहे। प्रत्येक एमओयू की मुख्यमंत्री के स्तर पर प्रतिमाह समीक्षा की जाती है। जीआईएस-भोपाल में हुये एमओयू पर तेज गति से कार्य हो रहा है। दो माह में यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। समिट में 18 उद्योग नीतियों की घोषणा के बाद उन पर अमल भी किया जा रहा है। प्रदेश में कृषि दर के बाद अब कुल ग्रोथ रेट भी बढ़ रही है। स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ अधोसंरचनात्मक विकास हो रहा है। आई.टी. क्षेत्र में 4 नीतियाँ लागू की गयी हैं। उद्योगों को सहायता देने में मध्यप्रदेश अन्य राज्यों से आगे है। किसी उद्योग की स्थापना के लिये आवश्यक स्वीकृतियाँ समय पर प्रदान की जा रही हैं। मुख्य सचिव श्री जैन ने मध्यप्रदेश की अनुकूलताओं और विशेषताओं की भी जानकारी दी।

अपर मुख्य सचिव सूचना प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने कहा कि फरवरी में हुई जीआईएस-भोपाल में तीन प्रमुख क्षेत्रों टेक्सटाईल, पर्यटन, टेक्नोलॉजी पर जोर दिया गया था। देश भर में 70 हजार करोड़ रुपये का निवेश जमीन पर उतारने में सफलता मिली है। निवेशकों को समय सीमा में जरूरी स्वीकृतियां प्राप्त हो रही है। एसीएस श्री दुबे ने कहा कि प्लग एंड प्ले की अनुकूलता उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए प्रेरित कर रही है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का लाभ निवेशकों को मिल रहा है। श्रमिकों की उपलब्धता प्राप्ति और आवश्यक अधोसंरचना में मध्यप्रदेश अन्य राज्यों से आगे है। किसी उद्योग की स्थापना के लिए आवश्यक स्वीकृति समय पर प्रदान की जा रही हैं। कार्यक्रम में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा निर्मित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्रम् से किया गया।

## कॉन्क्लेव में की गईं प्रमुख घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की स्पेस टेक नीति बनाई जायेगी, जिससे राज्य में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और उद्यमों को प्रोत्साहन मिलेगा। राज्य में सायबर सुरक्षा सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जायेगी। भोपाल में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर 2.0 परियोजना के तहत इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित किया जायेगा। इसमें 1,500 करोड़ रूपये के निवेश से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी क्षेत्रीय केन्द्र बनाया जायेगा, जो डिजिटल नवाचार, रचनात्मक शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट के लिए एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म के रूप में काम करेगा। एग्रीटेक सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस - आईआईटी इन्दौर में स्थापित किया जायेगा, जो आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस क्लाउड एवं अन्य तकनीकों पर आधारित कृषि नवाचारों को बढ़ावा देगा। इवेंट में निवेश प्रोत्साहन को सुविधाजनक बनाने के लिये एमपी डिजिटल इकोनॉमी मिशन का गठन किया जायेगा। इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर के प्रमुख आईटी पार्कों में 4 नए सुविधा केंद्रों का गठन किया जायेगा। आईटी स्टार्टअप्स को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत शामिल किया जायेगा। आईटी पार्क टॉवर भोपाल बनाया जायेगा, जिसमें 125 करोड़ रूपये की लागत से 3 लाख वर्ग फिट लीज़बल स्पेस बनाई जायेगी। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर में प्लग एंड प्ले सुविधा विकसित की जाएगी, जिससे टेक स्टार्टअप्स और कंपनियों को तैयार इंफ्रास्ट्रक्चर मिलेगा।

# जय भीम बोलने पर दबंगों ने दलितों को निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटा



**अलीगढ़, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के थाना लोधा क्षेत्र में मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई है. चिकावटी हाईवे रोड पर कुछ दलित युवकों द्वारा जय भीम का उद्घोष करना दबंगों को इतना नागवार गुजरा कि उन्होंने उन पर हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं. ठाकुर समाज से जुड़े दर्जनभर दबंगों ने तीन दलित युवकों को नग्न कर सड़क पर गिरा-गिराकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि दबंग दलित युवकों को बेदर्दी से पीट रहे हैं. लाठी-डंडों के प्रहार से युवक अधमरी हालत में सड़क पर पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं. जानकारी के मुताबिक, इस बर्बर पिटाई में तीन दलित युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पीड़ित युवक किसी कार्यक्रम के दौरान जय भीम का नारा लगा रहे थे, जिससे ठाकुर समाज के कुछ लोगों ने आपत्ति जताई और फिर इस वीभत्स घटना को अंजाम दिया। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित युवकों को ही हिरासत में ले लिया।

घटना के बाद इलाके में भारी तनाव का माहौल है. पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से न्याय की मांग की है और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है. वहीं, दलित संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने और पीड़ितों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। दो पक्षों के मध्य किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिसमें निरोधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है, क्षेत्राधिकारी को अन्य सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया । वहीं अलीगढ़ पुलिस का कहना है कि दो पक्षों के मध्य किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिसमें निरोधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है, क्षेत्राधिकारी को अन्य सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. दलित समाज में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है. सवाल उठता है कि आखिर कब तक जाति के नाम पर ऐसी बर्बरताएं होती रहेंगी और पीड़ितों को न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ेगा?

# प्रधानमंत्री के ओजस्वी और प्रेरणादायक वचन सभी को करते हैं प्रेरित : मुख्यमंत्री




## मोदी की मन की बात कार्यक्रम का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया श्रवण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से सतत संवाद के अभूतपूर्व माध्यम मन की बात के 121 वें संस्करण का श्रवण अत्यंत प्रेरणादायक रहा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि यह प्रसारण देश को एक सूत्र में पिरोकर सभी देशवासियों के मातृभूति के प्रति समर्पण, सम्मान और स्नेह को राष्ट्रव्यापी स्वरूप प्रदान करता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के ओजस्वी और प्रेरणादायक वचन हमेशा हम सभी को प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात की 121वीं कड़ी में कहा कि पहलगाम में हुई आतंकी वारदात ने देश के हर नागरिक को दुख पहुंचाया है। आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता और 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विज्ञान शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाई देने में महान वैज्ञानिक डॉ. के कस्तूरीरंगन के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि अब भारत ने अपने स्पेस सेक्टर को प्राइवेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी द्वारा विकसित सचेत एप, कृषि एवं उद्यानिकी में हो रहे नवाचारों और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के संबंध में भी चर्चा की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद द्वारा चंपारण सत्याग्रह पर लिखी पुस्तक पढ़ने के लिए युवाओं को प्रेरित किया।

# अगले आठ दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगेंगे उन्नत कृषि पर केंद्रित मेले : डॉ. यादव

## सौर ऊर्जा से अब किसान होंगे बिजली में आत्मनिर्भर

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में अगले 8 दिनों में उन्नत कृषि पर केंद्रित मेले आयोजित किए जाएंगे। किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से यह मेले उन्नत तकनीक और बीज, आधुनिकतम उपकरणों व अन्य संसाधनों, शासन की योजनाओं की जानकारी के साथ कृषि उद्यानिकी आदि के बेहतर प्रबंधन पर केंद्रित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से सौर पंप संचालन के लिए कुसुम सी योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने का आहवान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश के माध्यम से यह अपील की।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि वर्तमान में बिजली के बिना खेती संभव नहीं है। राज्य सरकार कृषकों को बिजली में आत्मनिर्भर करने जा रही है। किसान अपनी बिजली स्वयं बनाएं, इस उद्देश्य से कुसुम सी योजना का व्यापक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। किसानों को बिजली सब्सिडी के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। यह एक तरह से किसान के जीवन में सरकार की ओर से ब?ी मदद होती है।

### किसानों की बेहतरी के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि पंपों को सौर ऊर्जा से चलाने के लिए सौर पंप स्थापित करने में किसानों को सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सौर पंप की कीमत की दस प्रतिशत राशि से बुकिंग के लिए पंजीयन खोला गया है। प्रदेश में तीन हॉर्स पॉवर तक के सौर पंपों का पंजीयन आरंभ किया गया है। इसी प्रकार 5 लाख रुपए तक के पंप के लिए किसान से मात्र 50 हजार रुपए लेकर बाकी 4 लाख 50 हजार रुपए की सरकार द्वारा गारंटी लेकर किसानों को पंप उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार इस योजना में लगभग एक लाख किसानों का पंजीयन करने जा रही है। पूर्व में भी कृषकों द्वारा योजना में पंजीयन कराया गया था। पूर्व में हुए पंजीयन के प्रकरणों में पहले पंप उपलब्ध कराए जाएंगे। उसके बाद नवीन पंजीकृत कृषकों को पंप उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस योजना से किसान बिजली के मामले में आत्मनिर्भर होंगे और उनकी प्रगति के द्वार खुलेंगे। किसानों की बेहतरी के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, 15742710X RANK SIGMN NAME DUDEKULA MASTANVALI, Unit 16EW BN, C/o 99 APO India by citizen, Service by occupation, permanent resident of 1-77, Palakaveedu, Palakaveedu, Prakasam Andhrapradesh, 523368, have changed my Mother name DUDEKULA PAKEERAMMA to DUDEKULA PAKIRAMMA and My Mother date of birth 01/06/1970 to 01/01/1964 Vide Affidavit before Notary, Siliguri Darjeeling (W.B.)

INCORRECT NAME
DUDEKULA PAKEERAMMA
INCORRECT DOB - 01/06/1970
कृति CORRECT NAME
DUDEKULA PAKIRAMMA
CORRECT DOB - 01/01/1964


# सपा सांसद रामजीलाल पर हमला

**अलीगढ़/बुलंदशहर।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर अलीगढ़ में करणी सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा हमला किया गया है। सपा सांसद के काफिले को काला झंडा दिखाया गया है और टायर फेंके गए हैं। इस दौरान सपा सांसद के काफिले में शामिल गई गाड़ियां क्षतिग्रस्त भी हो गई हैं। राहत की बात ये है कि इस दौरान सपा सांसद और उनके साथ काफिले में जा रहे लोगों को कोई चोट नहीं आई है। इस मामले में अलीगढ़ पुलिस ने केस भी दर्ज कर लिया है। अखिलेश यादव ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा है कि एक दिन भाजपाई और उनके संगी-साथी भी ऐसे हिंसक तत्वों का शिकार होंगे।

## डिजिटल सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार ने चेताया

# पब्लिक वाई-फाई का उपयोग करके न करें लेनदेन

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार ने सभी नागरिकों के लिए चेतावनी जारी करते हुए कहा कि पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करके वित्तीय लेनदेन और संवेदनशील गतिविधियां न करें।

केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि हवाई अड्डों, कॉफी शॉपों और सार्वजनिक स्थानों पर मुफ्त पब्लिक वाई-फाई सुविधाजनक लग सकता है, लेकिन यह आपकी निजी और वित्तीय जानकारी के लिए बहुत जोखिम भरा हो सकता है। इनमें से कई पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क उचित रूप से सुरक्षित नहीं हैं, जिससे वे हैकर्स और घोटालेबाजों के लिए आसान लक्ष्य बन जाते हैं। डिजिटल सुरक्षा जागरूकता को मजबूत करने के लिए इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-आईएन) ने अपनी 'जागरूकता दिवस' पहल के तहत यह नया रिमाइंडर जारी किया है। एडवाइजरी में नागरिकों को पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क पर बैंकिंग या ऑनलाइन शॉपिंग जैसी संवेदनशील गतिविधियां करने के प्रति आगाह किया गया है। सीईआरटी-इन ने बताया कि साइबर अपराधी पब्लिक वाई-फाई पर असुरक्षित कनेक्शन को आसानी से हैक कर सकते हैं, जिससे यूजर्स का डेटा चोरी और वित्तीय हानि का सामना करना पड़ सकता है। सरकार ने लोगों को सलाह दी है कि वह ऐसे नेटवर्क से जुड़ने पर लेनदेन करने या व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करने से बचें। सरकार एजेंसी ने कहा कि अगर उचित सावधानी न बरती जाए तो ईमेल चेक करना या सार्वजनिक वाई-फाई पर सोशल मीडिया अकाउंट में लॉग इन करने जैसी सरल गतिविधियां भी जोखिम भरी हो सकती हैं। सीईआरटी-आईएन भारत में साइबर सुरक्षा के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय एजेंसी है।

# कुपवाड़ा में नागरिक की गोली मारकर हत्या

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार रात कंडी खास में घर के अंदर घुलाम रसूल मागरे पर संदिग्ध आतंकवादियों ने गोली चलाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत चिकित्सा सुविधा में भर्ती कराया गया, फिर श्रीनगर के अस्पताल में भेजा गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पोस्टमॉर्टम जांच भी की गई। हमले के बाद, सुरक्षा बलों ने हमलावरों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश शुरू कर दी है।

जबलपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## देश को भीतर से दरकाते देशभक्त

देश की वर्तमान परिस्थितियों का सीधा लाभ पाकिस्तान, उसके संरक्षण में फल-फूल रहे आतंकवादी और इधर भारतीय जनता पार्टी को मिल रहा है। बगैर यह समझे कि उनकी हरकतें पाकिस्तान व दहशतगर्दों को खुश कर रही हैं, खुद को 'देशभक्त' कहने वाले भाजपा समर्थक दुनिया भर में भारत की साख को मिट्टी में मिला रहे हैं। सच कहा जाये तो ये लोग, जिसे कभी खुद पार्टी नेतृत्व ने 'स्प्लिंटर ग्रुप' कहा था, अपना ही देश तोड़ रहे हैं। देश की सबसे बड़ी ताकत नागरिक एकता होती है, इसे ध्वस्त करने का काम हो रहा है। भाजपा हाईकमान तथा उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को चाहिये कि वे अपने कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों को इस बात की समझाइश दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के गुनहगारों से लड़ने की ज़रूरत है, न कि देश के भीतर रहने वाले मुसलमानों से। उनकी हरकतें अंतरराष्ट्रीय समुदाय के आगे भारत को एक विभाजित समाज के रूप में प्रस्तुत कर रही हैं।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की प्रसिद्ध बैसरन घाटी में आतंकियों ने 27 लोगों को मार डाला था। इनमें एकाध को छोड़कर सारे ही पर्यटक थे। इस घटना ने देश भर में पहले से चल रही मुस्लिम विरोधी मानसिकता को और भी सघन कर दिया है। इस बात को बहुत बढ़-चढ़कर बताया जा रहा है कि आतंकियों ने सैलानियों से उनका धर्म पूछकर गोली मारी। हालांकि इस बात की बहुत पुष्टि नहीं हो पायी है, फिर भी इसे भाजपा-संघ के समर्थकों तथा आईटी सेल ने लपक लिया है तथा उसे सच साबित कर रही है। घटना के कुछ ही क्षणों के भीतर छत्तीसगढ़ भाजपा से एक एआई जनरेटेड चित्र सोशल मीडिया पर जारी हुआ, जिसमें एक शोकाकुल नवविवाहित युवती अपने पति के शव के साथ दिख रही है। उस पर स्लोगन दिया गया है- 'धर्म पूछा जाति नहीं'। जाहिर है कि यह तस्वीर जारी करने का मकसद घटना का लाभ उठाते हुए ध्रुवीकरण की प्रक्रिया को तेज करना ही था।

सोशल मीडिया पर हिन्दू-मुस्लिम की लड़ाई घटना के बाद से ही तेज हो गयी है। धर्म पूछकर गोलियां मारने का हाइप इतना बना दिया गया कि एक वर्ग इस बात से कतई प्रभावित नहीं हो रहा है कि अपनी जान का खतरा मोल लेकर गाइडों, घोड़े वालों आदि ने बड़ी संख्या में पर्यटकों को बचाया। वहां से लौटे पर्यटकों की आप-बीती वाले वीडियो कई जगहों से आ रहे हैं जिनमें वे कह रहे हैं कि स्थानीय कश्मीरियों ने उनको न केवल जान बचाई वरन उन्हें अपने घरों में पनाह दी। उनसे खाने-पीने, रहने का पैसा नहीं लिया, उन्हें बस अड्डों तथा एयरपोर्ट मुफ्त में छोड़ा गया। नज़ाकत अली का किस्सा खूब मशहूर हो रहा है, जिसने छत्तीसगढ़ के चिरमिरी के 11 लोगों को बचाया। इनमें भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधि तक हैं। एक घोड़े वाला सैयद आदिल हुसैन आतंकियों से राइफल छीनने की कोशिश में मारा गया।

ये सारी बातें मुस्लिमों से घृणा करने वाले कुनबे को कतई प्रभावित नहीं कर रही हैं। जो भी साम्प्रदायिक सौहार्द की बात कह रहा है, वही आलोचना का पात्र बन रहा है। ऐसे लोगों को देशद्रोही, राष्ट्रविरोधी, पाकिस्तानपरस्त, हिन्दूविरोधी आदि न जाने क्या-क्या कहा जा रहा है। ऐसा नहीं कि यह कोई पहली बार हो रहा है। देश में होने वाली प्रत्येक घटना पर ऐसा ही वैचारिक विभाजन और कटु मतभेद दिखाई पड़ता है। फर्क यह है कि इस बार उसका उफ़ान ज्यादा है, कुछ-कुछ 2019 में हुए पुलवामा कांड के वक्त जैसा। सरकार से पहलगाम की घटना पर सवाल करने वाले फिर से वैसे ही निशाने पर लिए जा रहे हैं, जैसे तीन तलाक, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने, राम मंदिर का फैसला, वक्फ़ कानून में संशोधन आदि के वक्त देखा गया था। वैसे तो लगभग हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर सरकार समर्थकों एवं विरोधियों के बीच ठनती रहती है, लेकिन जो मसले साम्प्रदायिक हों, खासकर जिनमें हिन्दू व मुस्लिम दो पक्ष हों, वहां यह संघर्ष कुछ बड़ा ही स्वरूप धारण कर लेता है।

अगर यह युद्ध केवल सोशल मीडिया पर ही जारी रहता तो कोई बात नहीं रहती, लेकिन यह सड़कों पर उतर आया है। आगरा में गौरक्षा दल वालों ने गुलफाम नामक व्यक्ति की हत्या कर दी और उसके एक साथी सैफ पर फायर किया। भीड़ के नेताओं ने एक वीडियो में कहा कि वे '26 के बदले 2600 को मारेंगे'। (वैसे पुलिस इसे पुराना वीडियो बता रही है)। जयपुर में विधायक बालमुकुन्द आचार्य के नेतृत्व में जामा मस्जिद में 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाये गये तो वहीं अम्बाला में मुस्लिमों की दुकानों को तोड़ा गया, उनके ठेले पलटा दिये गये और श्रमिकों से मार-पीट की गयी। यहीं तीन कश्मीरी छात्रों को भी मारा गया जिन्हें गुरुद्वारा में शरण दी गयी। हाथरस में मंदिर बनाने वाले कारीगरों को काम से निकाल दिया गया तथा जोधपुर के जालोरी गेट चौराहे पर पुलिस के रहते मुसलमानों को मारने-काटने की धमकियां दी गयीं। गाजियाबाद के एक गांव में मुस्लिम रेहड़ीवाले को भगा दिया गया तो देहरादून में हिन्दू रक्षा दल ने वीडियो जारी किया कि कोई भी कश्मीरी मुसलमान शहर में नहीं दिखना चाहिये। पश्चिम बंगाल में एक लेडी डॉक्टर ने एक मुस्लिम महिला का इलाज करने से यह कहकर इंकार कर दिया कि 'तुम मेरे धर्म वालों को मारते हो।' महाराष्ट्र के मंत्री नीतेश राणे कहते हैं कि 'जहां से सामान खरीदो, पहले उसका धर्म जान लो।'

पाकिस्तान और आतंकी जो चाहते थे (देश में साम्प्रदायिक टकराव), वैसा ही हो रहा है; और यह कर रहे हैं भाजपा-संघ के लोग, देश के मुसलमानों की कीमत पर, जो खुद को देशभक्त कहते हैं।

मुमकिन है कि भाजपा इस माहौल को बनाए रखना चाहेगी ताकि उसका सियासी लाभ कम से कम इस साल के अंत में होने वाले बिहार चुनाव में लिया जा सके।

# मोदी से निराशा और राहुल से उम्मीदें बढ़ीं

चीजें बदल रही हैं। इसे आप टर्निंग पाइंट भी कह सकते हैं। पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद आम लोगों को प्रधानमंत्री मोदी से निराशा हुई है और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लोगों की उम्मीदें बढ़ी हैं।

राहुल गांधी भी अपना विदेशी दौरा छोड़कर भारत लौटे और प्रधानमंत्री मोदी भी। राहुल सीधे कांग्रेस की शीर्ष ईकाई सीडब्ल्यूसी की बैठक में गए। जहां पहलगाम के आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। आतकंवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने का कांग्रेस का संकल्प दोहराया गया। और पूरे देश की एकजुटता की बात कही गई। इसके बाद राहुल उस आल पार्टी मीटिंग में गए जिसे कांग्रेस की मांग के बाद बुलाई तो केन्द्र सरकार ने थी मगर खुद प्रधानमंत्री मोदी उसमें शामिल नहीं हुए।

खैर! नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने स्टेट्समेनशिप (बड़े नेता, देश के नेता) का परिचय देते हुए सरकार को बिना शर्त पूरा सहयोग देने का वादा किया। यहां यह बात बताना जरूरी है कि इससे पहले कभी ऐसी घटना में बीजेपी जब विपक्ष में होती थी तो सरकार को सहयोग देना तो दूर उल्टे सरकार पर आरोप लगाना शुरू कर देती थी। मगर राहुल ने कहा कि सरकार जो भी कदम उठाएगी हम उसका साथ देंगे।

उसके बाद राहुल अगली सुबह कश्मीर पहुंच गए। वहां अस्पताल जाकर घायलों से मिले। अपनी पार्टी के लोगों से मिलकर घटना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मिले। नेता प्रतिपक्ष के रूप में जो कर सकते थे किया।

दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी। विदेश यात्रा से लौटकर न तो किसी मृतक के परिवार से मिले, न घायलों से। न कश्मीर गए। न आल पार्टी मीटिंग में आए। किया क्या? बिहार चले गए। जहां विधानसभा चुनाव होना है। वहां एक चुनावी रैली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ हंस-हंस कर बातें करते हुए फोटो और वीडियो सामने आए।

यहीं से वह टर्निंग पाइंट बनना शुरू हो गया जहां मोदी पीछे और राहुल आगे दिखने लगे। मगर यह इतना आसान नहीं। जनता में भावनाएं आई हैं। मगर यह सामने आएं इसके लिए कांग्रेस को काम करना पड़ेगा।

मोदी के पास मीडिया है। और इन 11 सालों में यह साबित हो गया है कि मीडिया का प्रोपेगंडा इतना ताकतवर है कि वह एक पढ़े-लिखे व्यक्ति को पप्पू और जिसकी डिग्री में संदेह हो उसे बड़ा चिंतक विचारक बता सकता है। मोदी के पास मीडिया के साथ अपनी पार्टी की सोशल मीडिया टीम है और एक बड़ा भक्त समुदाय है। यह तीनों मिलकर मोदी के गिरते ग्राफ को थामने के लिए कुछ भी कर सकते हैं।

यहीं कांग्रेस को सावधान रहने की जरूरत है। उसे मजबूत होने और अफवाह, प्रचारतंत्र और झूठ का माहौल तोड़ने के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा। अभी कांग्रेस की हालत क्या है? हैदराबाद में सौ देशों के प्रतिनिधियों ने पाक समर्थित आतंकवाद के खिलाफ केंडिल लाइट प्रदर्शन किया। शांति की कामना की। आतंकवाद का विरोध। मगर कांग्रेस यह दिखाने बताने में असमर्थ रही।



शकील अख्तर

**यहीं कांग्रेस को सावधान रहने की जरूरत है। उसे मजबूत होने और अफवाह, प्रचारतंत्र और झूठ का माहौल तोड़ने के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा। अभी कांग्रेस की हालत क्या है? हैदराबाद में सौ देशों के प्रतिनिधियों ने पाक समर्थित आतंकवाद के खिलाफ केंडिल लाइट प्रदर्शन किया। शांति की कामना की। आतंकवाद का विरोध। मगर कांग्रेस यह दिखाने बताने में असमर्थ रही।**

यह आयोजन किस का था? कांग्रेस का। राहुल गांधी इसमें शामिल हुए। तेलंगाना के मुख्यमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सौ से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि। मगर उनके आतंकवाद के खिलाफ का प्रदर्शन कांग्रेस हाई लाइट नहीं कर पाई। यह गलती इस समय नहीं होना चाहिए थी। आतंकवाद के खिलाफ कांग्रेस की कोई भी पहल इस समय जनता बहुत उम्मीद और भरोसे के साथ देख रही है। कांग्रेस में गुटबाजी और केवल 'मैं ही मैं हूं' बड़ी समस्या है। खुद राहुल कह चुके हैं। और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे भी। मगर उसे दूर करने के लिए कुछ नहीं कर रहे। और इसका नुकसान इन दोनों को ही होगा। कोई कांग्रेस के गुटबाज, छोटे-छोटे स्वार्थों में लगे लोगों से जवाब नहीं मांगेगा। जवाब इन दोनों शीर्ष नेताओं को ही देना होगा। मगर यह दोनों कुछ क्यों नहीं करते हैं। इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

मोदी अपने सबसे विपरीत समय में भी नरेटिव (कहानी) बनाने के लिए कुछ करेंगे। लेकिन कांग्रेस जागेगी इसमें लोगों को संदेह है। लोग अभी भी वही पुरानी बात कहते हैं कि कांग्रेस सोचती है कि लोग जब मोदी से परेशान हो जाएंगे खुद उसके पास आएंगे। लोग आ रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं। मगर कांग्रेस जो सबसे बड़ा विपक्षी दल है उसे भी पार्टी के रूप में अधिक सक्रिय होकर सामने आना होगा। राहुल बहुत मेहनत करते हैं। खरगे जी इस उम्र में जितना काम कर रहे हैं इतनी उम्र का किसी भी पार्टी का कोई नेता नहीं कर रहा है। 83 साल के होने वाले हैं।

बीजेपी का सारा प्रचारतंत्र इस समय भरभरा कर गिर गया है। मोदी जी कुछ भी बोलते रहते थे। नोटबंदी से आतंकवाद खतम हो गया। कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद हो गया। घर में घुस कर मारेंगे। लाल आंखें। सब की असलियत लोगों के सामने आ गई।

और उस पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के साथ पाकिस्तान को भी एक पलड़े में रखकर मोदी की यह मेरा दोस्त वह मेरा दोस्त माई डियर ट्रंप सब दावों की हवा और निकाल दी। ट्रंप ने बहुत गलत बोला। दोनों को समान दोस्त बता दिया। और कश्मीर मामले को 1500 साल पुराना बता दिया। आतंकवाद पर हम पीड़ित हैं। पाकिस्तान कश्मीर में करीब चार दशक से आतंकवाद चला रहा है। वह उत्पीड़क है। उसके साथ हमें रख देना एकदम गलत है।

लेकिन प्रधानमंत्री कोई विरोध नहीं कर पाए। इससे पहले भी जब भारतीयों को हथकड़ी बेड़ी डालकर वापस भेजा गया तब भी। मनमाना टैरिफ लगाया गया तब भी। मोदी को सामने बिठाकर भारत के खिलाफ बोला गया तब भी। पता नहीं अब भी समझ में आएगा कि नहीं। काहे के लिए खुद को विश्व गुरु बोलते थे!

11 साल सिर्फ हिन्दू-मुसलमान किया। क्या हुआ उससे? नौकरी, महंगाई, देश की अर्थ व्यवस्था, जनता की सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं, उनके बच्चों की सरकारी स्कूलों की मुफ्त शिक्षा छोड़िए, क्या जिस पर सारा जोर था वह आतंकवाद खतम हो गया? चीन की तो बात ही करना बेकार है। वह तो अंदर घुसकर गलवान में हमारे 20 जवानों को शहीद कर गया। और प्रधानमंत्री ने उन्हें क्लीन चिट दे दी कि न कोई आया हो न कोई घुसा है। और सबसे खराब बात कि पाकिस्तान जिस का पक्ष लेने की अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन ने कोशिश की थी तो उस समय की प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे उसी पाकिस्तान को आज अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के साथ बराबरी पर रख रहे हैं। और हम चुप हैं।

अमेरिका से इतना डर? अगर इन्दिरा गांधी डरी होतीं तो क्या आज भारत ऐसा मिलता?

बातों ही बातों को समय ने पूरा एक्सपोज कर दिया। जनता की समझ में आ रहा है। मगर जनता खुद से कुछ नहीं कर सकती है। उसे प्रेरित करते रहना पड़ेगा।

दूसरी बात कांग्रेस को पहले चुनाव जीतना सीखना पड़ेगा। सब परिस्थितियां हैं। चुनाव आयोग का पक्षपात। वोटर लिस्ट में धांधलियां, ईवीएम में गड़बड़ियां सब हैं। मगर कांग्रेस की अपनी कमजोरियां?

हम नहीं कह रहे खरगे और राहुल खुद कह चुके हैं। गुटबाजी, कांग्रेस में आधे बैठे भाजपाई, काम नहीं करना, सब परतें दोनों ने खरगे-राहुल ने खोल दी हैं। मगर इन्हें दूर कौन करेगा? पता नहीं? ऊपर वाले का नाम तो भाजपा सबसे ज्यादा लेती है। मगर शायद सोचती कांग्रेस है कि वही इन सब गड़बड़ियों को दूर करेगा! जैसे अंध भक्त आजकल हो गए हैं। वैसे शायद अंध आस्थावान कांग्रेस आजकल हो रही है!

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# भारत-पाक के बीच दो अंतरराष्ट्रीय संधियों के निलंबन की कहानी

**■ डॉ. ज्ञान पाठक**

शायद यह समय निकट अतीत का सबसे बुरा दौर है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोग मारे गये, जो 2000 के बाद से पिछले 25 सालों में सबसे भयानक घटना है। दुनिया ने इसे 'आतंकवाद की कार्रवाई' कहा। इस आतंकी हमले में पाकिस्तान के शामिल होने के प्रथम दृष्टया सुबूतों के आधार पर भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ तुरंत पांच सख्त कदम उठाये। इनमें से एक 1960 की सिंधु जल संधि का निलंबन था। पाकिस्तान ने इसे 'युद्ध की कार्रवाई' कहा और फिर 1972 के शिमला समझौते को निलंबित कर दिया, जो 'शांति का निलंबन' है। संयुक्त राष्ट्र ने 'अधिकतम संयम' का आह्वान किया है। कहानी अभी भी चल रही है और कोई नहीजानता कि यह किस ओर मुड़ेगी।

अपनी शुरुआती प्रतिक्रिया में पाकिस्तान ने बुधवार को कहा कि वह 22 अप्रैल मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में 'पर्यटकों की जान जाने से चिंतित है'। तब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि इस घटना से देश का कोई लेना-देना नहीं है। भारतीय अधिकारी, हालांकि, पाकिस्तान के इनकार से संतुष्ट नहीं थे।

**अगर पाकिस्तान में राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर जल्दबाजी में टिप्पणी नहीं की होती या घाटी में आतंकी नेटवर्क को खत्म करने में मदद का वायदा किया होता, तो कहानी अलग तरह से आगे बढ़ती। शांति का पालन करने के बजाय, उन्होंने प्रतिशोध का रास्ता अपनाया। पाकिस्तान ने भारत द्वारा सिंधु जल संधि 1960 के निलंबन को 'युद्ध की कार्रवाई' कहा।**

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक दल ने पहलगाम के आतंकवादियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहा। यहां तक कि पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर में भारत-पाक सीमा पर गोलीबारी का सहारा लिया, जिसका भारतीय बलों ने तुरंत जवाब दिया। यह कहानी अशुभ दिशा में आगे बढ़ रही है जिसका असर दोनों देशों के आम लोगों पर पड़ेगा और उनकी जान और संपत्ति का भारी नुकसान होगा।

22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार मशीन द्वारा बनाये गये मिथक को ध्वस्त कर दिया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद जम्मू और कश्मीर में 'सब ठीक है' और उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रत्यक्ष सुरक्षा कवर के तहत सुरक्षित रखा गया है। जम्मू और कश्मीर वास्तव में आतंकवादियों से सुरक्षित नहीं था, क्योंकि आतंकी समूह खुद को शांत रख रहे थे, जबकि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह यह दावा करते रहे कि उन्होंने नागरिकों को प्रदान किये गये मजबूत सुरक्षा कवर के बाद घाटी में शांति बहाल कर दी है। घाटी ने वास्तव में अक्टूबर 2001 के बाद से इस पैमाने पर नागरिकों पर हमले में मौत नहीं देखी है जब 35 लोग मारे गये थे। 2019 का पुलवामा हमला सशस्त्र बलों पर था जिसमें 40 से अधिक जवान मारे गये थे।

घरेलू सुरक्षा व्यवस्था की विफलता अब इस आतंकी घटना से साबित हुई है, और इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी के तहत घाटी में शांति, केवल एक मिथक थी, जो उनके हाइपर प्रचार मशीन द्वारा निर्मित था। लेकिन इस विफलता पर पर्दा डालने के लिए मोदी सरकार को एक कवर उपलब्ध है, वह है वर्तमान आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ, और घाटी के साथ-साथ भारत में अलगाववादी और आतंकवादी आंदोलनों में उनकी पारंपरिक भागीदारी। लेकिन यह बाहरी हाथ की बात पर, सुरक्षा के मोर्चे पर मोदी सरकार की विफलता को माफ नहीं किया जा सकता।

हालांकि, यह कहानी आगे बढ़ी, सिंधु जल संधि 1960 के निलंबन के साथ, जो भारत और पाकिस्तान के बीच तीन युद्धों - 1965, 1971 और 1999 में भी बची रही। सिंधु जल संधि का निलंबन अब अतीत से एक प्रस्थान है, और इनमें से एक युद्ध अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के तहत लड़ा गया था। इस प्रकार सिंधु जल संधि को निलंबित करने का पीएम नरेंद्र मोदी का निर्णय महत्वपूर्ण नया घटनाक्रम है।

सिंधु जल संधि के प्रावधानों के अनुसार सिंधु नदी प्रणाली की पूर्वी नदियों सतलुज, व्यास और रावी का सारा पानी भारत के 'अप्रतिबंधित उपयोग' के लिए उपलब्ध रहेगा, जबकि पाकिस्तान को 'पश्चिमी नदियों' सिंधु, झेलम और चिनाब से पानी मिलेगा। इस संधि के निलंबन से पाकिस्तान अभूतपूर्व स्तर के जल संकट और बाढ़ से पीड़ित होगा। यह पाकिस्तानी लोगों और नीचे की ओर रहने वाले सभी प्रकार के जीवन के लिए विनाशकारी होगा। मानवता के दृष्टिकोण से, यह तबाही अभूतपूर्व होगी।

अगर पाकिस्तान में राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर जल्दबाजी में टिप्पणी नहीं की होती या घाटी में आतंकी नेटवर्क को खत्म करने में मदद का वायदा किया होता, तो कहानी अलग तरह से आगे बढ़ती। शांति का पालन करने के बजाय, उन्होंने प्रतिशोध का रास्ता अपनाया। पाकिस्तान ने भारत द्वारा सिंधु जल संधि 1960 के निलंबन को 'युद्ध की कार्रवाई' कहा।

गुरुवार, 24 अप्रैल को पाकिस्तान ने भारत-पाक शिमला समझौते 1972 को स्थगित करने की घोषणा की, जो शांति के लिए एक समझौता था। पाकिस्तान ने भारत के पाकिस्तान के खिलाफ़ उठाये गये कदमों के जवाब में सात जवाबी उपायों की घोषणा की। उनके सात जवाबी उपायों में से एक 'शांति का निलंबन' है, शिमला समझौते के निलंबन से रूप में, जो 1971 के युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित किया गया था जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण हुआ था। शिमला समझौता एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच शांति बहाल करना और संबंधों को सामान्य बनाना था, जिसमें अच्छे संबंधों के लिए भविष्य की बातचीत के लिए प्रमुख सिद्धांतों को रेखांकित करके सुलह की दिशा तय की गयी थी। शांति के लिए हुए इस समझौते के निलंबन से न केवल दोनों देशों के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा, बल्कि नागरिकों की शांति और उनका कल्याण पूरी तरह बाधित होगा।

शिमला समझौते पर संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है, 'भारत सरकार और पाकिस्तान सरकार ने संकल्प लिया है कि दोनों देश अपने संबंधों को खराब करने वाले संघर्ष और टकराव को समाप्त करेंगे और मैत्रीपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने तथा उपमहाद्वीप में स्थायी शांति की स्थापना के लिए काम करेंगे, ताकि दोनों देश अपने संसाधनों और ऊर्जा को अपने लोगों के कल्याण को आगे बढ़ाने के महत्वपूर्ण कार्य में लगा सकें।'

पाकिस्तान द्वारा इस संधि को निलंबित करने से दोनों देशों के लोगों के 'कल्याण को आगे बढ़ाना' गंभीर जोखिम में पड़ गया है। भारत और पाकिस्तान द्वारा दो अंतरराष्ट्रीय संधियों को निलंबित करने के बाद, दोनों पक्षों में कट्टरता अपने चरम पर पहुंच रही है। घाटी में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान और भारत के सैनिकों के बीच रात भर गोलीबारी हुई। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र ने दोनों देशों से 'अधिकतम संयम बरतने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि स्थिति और घटनाक्रम जो हमने देखा है, वह और अधिक न बिगड़े।'

## आपके पत्र

### टॉपर या जाति टॉपर : प्रतिभा गुम, जाति और पृष्ठभूमि का बाज़ार गर्म

देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा अब जातीय गौरव का तमाशा बन चुकी है। जैसे ही रिज़ल्ट आता है, प्रतिभा और मेहनत को धकिया कर जाति, धर्म और 'किसान की झोपड़ी' की स्क्रिप्ट सोशल मीडिया पर दौड़ने लगती है। एसी कमरों में पढ़ने वाले अब खुद को किसान का बेटा घोषित करते हैं, ताकि संघर्ष बिके। टॉपर बनने के बाद सेवा की बजाय सेल्फी और सेमिनार का मोह शुरू हो जाता है।

हर साल जब संघ लोक सेवा आयोग के परिणाम आते हैं, तो देश का एक बड़ा वर्ग उत्साहित होता है — कहीं उम्मीदें टूटती हैं, कहीं सपने पूरे होते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से एक नया और खतरनाक ट्रेंड भी देखने को मिल रहा है — सफल अभ्यर्थियों की प्रतिभा और मेहनत पर चर्चा करने के बजाय, उनकी जाति, धर्म और आर्थिक पृष्ठभूमि को माइक्रोस्कोप से जांचा जा रहा है और फिर उसी के आधार पर उनके संघर्ष की कहानी गढ़ी जाती है, सोशल मीडिया पर महिमामंडन या विवाद खड़ा किया जाता है।

एक तरफ़ सफल अभ्यर्थी अपनी मेहनत को सेलिब्रेट करना चाहते हैं, दूसरी तरफ़ समाज उन्हें एक 'ट्रॉफी' बना देता है — या तो जातीय गौरव के नाम पर, या भावनात्मक बाज़ार के नाम पर। जब प्रतिभा गौण हो जाए और पहचान प्राथमिक। क्या हम इतने खोखले हो गए हैं कि अब सफलता भी जाति की चश्मे से देखनी पड़ती है? एक छात्र जिसने वर्षों तक दिन-रात एक कर दिए, जो असफलताओं के बावजूद डटा रहा, जिसने निजी सुखों को छोड़ तपस्या की — उसकी कहानी अब उसकी प्रतिभा नहीं, उसकी जातीय पहचान से मापी जाएगी? सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और न्यूज़ चैनल्स अब सबसे पहले पूछते हैं- यह किस जाति से है? उसके बाद आता है सवाल-'पिता क्या करते हैं?' फिर, अगर कहीं से भी किसान, मजदूर या निम्नवर्गीय पृष्ठभूमि जुड़ जाए, तो सफलता की कहानी में 'संघर्ष का मसाला' डालकर उसे और अधिक बिकाऊ बना दिया जाता है।'

जहां एक समय सिविल सेवा का मतलब होता था — समाज की बेहतरी के लिए समर्पित जीवन। अब इसका अर्थ बदलता दिख रहा है। अब टॉपर्स बनने के बाद तुरंत यूट्यूब चैनल खोलना, इंस्टाग्राम पर [illegible]सेशन करना, कोचिंग ब्रांड्स के विज्ञापनों में चमकना, किताबें लिखना और मोटिवेशनल स्पीच देना, ट्रेंड बन गया है।

इसमें कोई बुराई नहीं है कि युवा अपनी सफलता का जश्न मनाएं या दूसरों को प्रेरित करें। लेकिन सवाल तब उठता है जब सेवा का भाव पीछे छूट जाए, और सेल्फ ब्रांडिंग ही प्राथमिक एजेंडा बन जाए। अब राजनीतिक लाभ का भी माध्यम बनता दिख रहा है। अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराएं, मीडिया हाउस और जातीय संगठन क्चस्ट टॉपर्स को च्अपनाज् बताने की होड़ में लगे हैं।

कहीं 'दलित गौरव' के नाम पर प्रचार हो रहा है, तो कहीं 'सवर्ण शान' के नारे गढ़े जा रहे हैं। कोई 'ओबीसी चमत्कार' कहता है, तो कोई 'किसान पुत्री की उड़ान'। असल में इन सबमें एक साधारण सच्चाई गायब हो जाती है — मेहनत तो मेहनत होती है, न जाति देखती है, न मजहब, न वंश।

भारतीय लोकतंत्र की एक दुर्लभ उपलब्धि है — जहां किसी जाति, धर्म, वर्ग से परे जाकर व्यक्ति के ज्ञान, समझ, सोच, तर्कशक्ति और निर्णय क्षमता को परखा जाता है। यह परीक्षा बार-बार साबित करती है कि देश के अंतिम छोर से भी प्रतिभाएं निकल सकती हैं।

असलियत यह है कि जिन किसानों की हालत आज भी बैंकों के कर्ज में दबी है, जिनके बच्चे आज भी टूटी हुई पाठशालाओं में पढ़ रहे हैं, वे इस चकिसान परिवारज् की ब्रांडिंग का हिस्सा नहीं बन पाते। यह नया 'संघर्ष बेचो' मॉडल दरअसल एक बड़े मध्यमवर्गीय या उच्चवर्गीय तबके का सोशल इमोशनल इंजीनियरिंग है।

**- डॉ सत्यवान सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### 'मोदीवाद की जीत'

*'गठबंधन का नाम नहीं, पार्टी का नाम नहीं, मुद्दों की बात एक सिरे से गायब तो फिर वह ऐसा कौन सा आशादीप था जो पतिंगे की मानिंद मतदाताओं को मोदी की तरफ खींच रहा था? इसका जवाब 23 तारीख की दोपहर में छत्तीसगढ़ की प्रमुख भाजपा नेत्री सरोज पांडे ने दिया। एक रिपोर्टर से उन्होंने कहा- राष्ट्रवाद और देश की सुरक्षा। मैंने उनका कथन सुना, लेकिन देश में अन्यत्र भी अन्य नेतागण शायद यही बात कर रहे होंगे! इस राष्ट्रवाद को कैसे परिभाषित किया जाए, मैं नहीं जानता। इतना अवश्य पता है कि बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध में चीनी राष्ट्रवाद, जापानी राष्ट्रवाद, कोरियाई राष्ट्रवाद जैसी भावनाएं प्रचलित थीं, जिनकी आलोचना विश्वकवि रवींद्रनाथ ठाकुर ने की थी। मैं यह भी नहीं समझ पाता कि हम एक देश में रहते हैं, देशवासी कहलाते हैं, लेकिन राष्ट्रवाद की तर्ज पर देशवाद जैसी कोई संज्ञा आजतक क्यों नहीं बनी! भाजपा के राष्ट्रवाद की व्याख्या शायद यही है कि 1947 में पाकिस्तान के नाम पर एक मुस्लिम राष्ट्र बन गया था, सो भारत को हिंदू राष्ट्र बनना ही चाहिए जिसमें मुसलमान दोयम दर्जे के नागरिक बनकर रहें। उनकी यह अवधारणा इजराइल के यहूदी राष्ट्रवाद से प्रेरित हो तो इसमें आश्चर्य की बात नहीं होगी। यह मोदीवाद का सूत्र क्रमांक दो है।*

**(देशबंधु में 30 मई 2019 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/05/blog-post_29.html

## आज प्रकाश पर्व

### दूसरे नानक गुरु अंगद देव

सिखों के दूसरे नानक गुरु अंगद देव का नाम पहले भाई लहणा था। आपका जन्म 1504ई. में जिला फिरोजपुर मत्ते की सराय में पिता के गृह ग्राम में फेरूमल के यहां माता दया कौर की कोख से हुआ था। आपके माता पिता दोनों ही माता वैष्णो देवी के भक्त थे। आपके पिता का सन् 1526 में देहांत हो जाने के बाद भी आप वैष्णोदेवी के दर्शन करने जाते रहे। आपकी शादी देवीचंद खत्री की पुत्री बीबी खीणी के साथ खंडूर साहिब में सन् 519 ई. में हुई। वैष्णो देवी जाने के रास्ते में ही करतारपुर जहां गुरु नानक देव का निवास था। 1532 में जब आप पांचवीं बार वैष्णो देवी के दर्शन को जा रहे थे तभी आपके साथ भाई जोधाजी भी थे जो गुरु नानक देव के परम भक्त थे और वे करतारपुर गुरु नानक देवजी के दर्शन करने जा रहे थे। भाई लहणाजी उनकी बातों से प्रभावित होकर गुरु नानक जी के दर्शन करने करतारपुर चल पड़े। रास्ते में आपकी मुलाकार एक बुजुर्ग व्यक्ति से हुई। आप घोड़े पर सवार थे और उस बुजुर्ग से नानक देव जी के घर का पता पूछने लगे तब उन बुजुर्ग व्यक्ति ने आपके घोड़े की रास पकड़ कर गुरु नानक देवजी के निवास के बाहर ले जा कर कहा कि इसी घर में गुरुदेव रहते हैं और स्वयं उस घर के अंदर पीछे की ओर चले गए। भाई लहणा जी ने जब अंदर जाकर देखा कि ये वही बुजुर्ग हैं जिन्होंने राह दिखाई। तब वे शर्मिन्दा हुए हाथ जोड़कर उनसे क्षमा मांगी तथा अपना नाम बताया लहणा बताया। तब गुरुदेव ने कहा आपने लेना है और मुझे देना है। लेने वाला हमेशा घोड़े पर सवार होकर ही आता है तब रात में वहीं विश्राम किया। सुबह उनकी आंख खुली तो देखा स्वयं वैष्णो देवी उनके सामने खड़ी उनसे कुछ मांग रही हैं।

इस तरह आपका गुरु नानकदेव जी पर अटूट विश्वास हो गया और आपने वैष्णो देवी जाने का विचार त्याग दिया। आप वहीं रह कर गुरु घर की सेवा में लग गए। आप वहां पावन वाणी का पाठ भी करते सेवा कार्य में भी लगे रहते। इस तरह वाणी का पाठ करते-करते आपके मन का भ्रम दूर होने लगा और इस बात का ज्ञान हो गया कि गुरु नानक देव ही समरथ गुरु हैं। करतारपुर में आपने सात साल गुरुदेव की सेवा में व्यतीत किए और गुरुदेव के प्रत्येक आदेश का अक्षरश: पालन किया। आपने वहां गुरुदेव के खेतों की निंदाई की गुरुदेव के आदेश पर गंदे कीचड़ में फेंके गए कटोरे को भी निकालने में नहीं हिचकिचाए। एक दिन अत्यधिक बरसात होने के कारण धर्मशाला की दीवार गिर गई तब आपने बारिश की परवाह किए बिना रात भर में दिवाल तैयार कर दी। इस अंधेरी रात में गुरुदेव आपको कपड़े धोने नदी में भेजा। आपने बिना किंतु परन्तु किए आपके आदेश का पालन किया और कपड़ेधोकर ले आए। इस तरह गुरु नानक देवजी ने आपकी कई तरह से परीक्षा ली और आप गुरुदेव की हर परीक्षा में खरे उतरे। गुरु नानक देवजी के दो सुपुत्र थे भाई श्रीचंद और भाई लखमीचंद उनकी भी इसी किस्म की परीक्षाएं लीं पर वे सफल नहीं हुए। अंतिम परीक्षा के रूप में गुरुदेव ने उन्हें मुर्दा खाने का आदेश दिया। मुर्दे पर चादर पड़ी हुई थी। आपने गुरुदेव से पूछा किस तरफ से खाना शुरु करूं? गुरुदेव ने पैर की तरफ इशारा किया। आपने पैर की तरफ जैसे ही खाने को हाथ बढ़ाया गुरुदेव ने झट से जाकर उनका हाथ पकड़ लिया और उन्हें गले से लगा लिया। भाई लहणा से उनका नाम अंगद देव रख दिया और कहा कि आज से तुममें और मुझमें कोई फर्क नहीं है। इस तरह उन्हें दूसरा नानक अंगद देव बना दिया। इस तरह शरीर तो दोनों के अलग-अलग रहे पर ज्योति दोनों में एक ही प्रकाशित होने लगी। गुरुदेव के आदेश पर खंडूर साहिब नगर बसाया और वहीं रहकर सिमरन भक्ति में लगे रहे। तब वहां के एक तपस्वी शिवनाथ लोगों को भड़काने लगे कि जब से महात्मा बनकर आए हैं तभी से इंद्रदेव नाराज हैं और बारिश नहीं हो रही है क्योंकि ये गृहस्थी हैं और महात्मा बने हैं। तब कुछ साध संगत के कहने पर आप खंडूर साहिब छोड़कर बाहर चले गए पर फिर भी बरसात नहीं हुई। तब साध संगत आप के पास आकर प्रार्थना करने लगे। तब गुरुदेव ने कहा- मुझे करामात दिखाने का प्रभु परमात्मा से आदेश नहीं है परन्तु वहां पर मौजूद आपके सेवक अगरदास जी कहा आप जाओ शिवनाथ को पकड़ो जिस-जिस खेत में उसके चरण पड़ेंगे वहां बरसात होगी। बस फिर क्या था हर एक ने घसीट-घसीट कर अपने -अपने खेत में ले जाने लगे और वहां-वहां बरसात होने लगी और इस घसीटा-घसीटी में शिवनाथ की प्राण निकल गए।

**-इंदर सिंह आहुजा**

# गढ़ा राइजिंग लाइन से दिये गये नल कनेक्शन, बह रहा है पानी

## नगर निगम के जवाबदार अधिकारी मौन



**जबलपुर, देशबन्धु।** गर्मी अपने शवाब पर है, और शहर मे जल संकट भी गहरा रहा है। शहर के उपनगरीय क्षेत्रों में पानी की बढ़ती किल्लत को दूर करने के लिए निगम टैंकरों के फेरों की संख्या लगातार बढ़ा रहा है। लेकिन पानी की कमी से जूझते क्षेत्रों का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। रांझी, अधारताल, दद्दा नगर संस्कार नगर, चौधरी मुहल्ले आदि क्षेत्र पानी की कमी से जूझ रहे हैं।

इस जल संकट के बीच, निगम की भारी लापरवाही सामने आ रही है, गढ़ा मे पिछले दो दिन सप्लाई सुचारू रूप से नही हो पा रही है, या तो पानी आ नही रहा और आ रहा है तो बहुत ही कम।गढ़ा पानी की टंकी की राइजिंग लाइन ( जिससे टंकी मे पानी भरते हैं) उसी से क्षेत्र के अनेक लोगों ने कनेक्शन लिए हुए हैं, और उनमें टोंटी भी नही है , जिससे जब तक पानी की टंकी भरती है, उन नल कनेक्शन से पानी बहता रहता है। राइजिंग लाइन वो होती है, जिससे जलाशय या श्रोत से पानी को भण्डारण के लिए टंकी तक लाया जाता है। और पानी के कनेक्शन सामान्यतः आपूर्ति लाइन से दिए जाते है।

इस संबंध मे जब नगर निगम जल प्रभारी कमलेश श्रीवास्तव से बात की गई, तो उन्होंने अभी जानकारी लेकर समस्या को ठीक करते हैं। तो विद्युत प्रवाह अवरुद्ध होने के कारण पानी की सप्लाई नही हो सकी थी।

# अब एईओ संभालेंगे स्कूल शिक्षा की कमान

## जल्द होंगी नियुक्तियां, उठने लगे विरोध के स्वर

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के साथ ही प्रदेश के अन्य स्कूलों में शिक्षा की कमान एरिया एज्युकेशन ऑफिसर (एईओ) को सौंपने की तैयारी चल रही हैं। 12 साल बाद अब प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग संस्थागत ढांचे में बदलाव किया जा रहा है। इसके लिए साल 2013 से प्रस्तावित एईओ की व्यवस्था अब लागू होने के आखिरी चरण में पहुंच गई है। हालांकि 12 साल पहले ली गई परीक्षा में इस पद के लिए जिन शिक्षकों का चयन हुआ था उन्हें कोई लाभ नहीं मिलेगा। विभाग अब नए सिरे से एरिया एज्युकेशन ऑफिसर का चयन करने की तैयारी कर रहा है। लोक शिक्षण संचालनालय जल्द ही एईओ के चयन की प्रक्रिया शुरू करने राज्य शासन को प्रस्ताव भी भेज रहा है।

### आधे से ज्यादा योग्य हुए सेवानिवृत्त

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 12 साल पहले कराई गई चयन परीक्षा में अपनी योग्यता साबित करने वाले आधे से ज्यादा शिक्षक अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वहीं एईओ परीक्षा से जुड़े पुराने विवादों को भी डीपीआई हवा देना नहीं चाहता। इसी वजह से एईओ के चयन के लिए नए सिरे से तैयारी की जा रही है। नियमों में संशोधन के साथ ही नए प्रावधान भी जोड़े जा रहे हैं। हांलाकि अभी प्रस्ताव शासन को भेजना शेष है लेकिन विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। यह प्रणाली प्रदेश में अभी चल रही बीआरसी व्यवस्था की जगह लेगी।

### फिर साबित करनी होगी योग्यता

साल 2013 में प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने एईओ प्रणाली लागू करने की घोषणा की थी। इसकी सारी तैयारी होने के साथ ही परीक्षा के माध्यम से 3500 पदों पर शिक्षकों का चयन भी किया गया था। हांलाकि परीक्षा और परिणामों पर शिक्षकों द्वारा गंभीर आरोप लगाए जाने और शिक्षक संगठनों के विरोध के चलते विभाग को इसे रोकना पड़ा था। तब से एईओ के पद खाली हैं और व्यवस्था पूर्व की तरह संचालित की जा रही है।

### चयनित शिक्षक कर रहे विरोध

अभी एईओ प्रणाली को लेकर संचालनालय स्तर पर सुगबुगाहट ही शुरू हुई है कि प्रदेश के शिक्षक विरोध पर उतर आए हैं। राज्य शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि एईओ परीक्षा के बाद मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। हाईकोर्ट डीपीआई की परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के निर्देश दे चुका है। इसके बावजूद डीपीआई को एईओ के चयन के लिए नई परीक्षा कराने की क्या जरूरत पड़ रही है।

# अप्लास्टिक एनीमिया अत्यंत गंभीर बीमारी, समय पर इलाज नहीं तो जान का खतरा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जब लोग एनीमिया सुनते हैं, तो अक्सर यही मान लेते हैं कि यह सिर्फ आयरन अथवा विटामिन की कमी से जुड़ी समस्या है। लेकिन अप्लास्टिक एनीमिया बिलकुल अलग और अत्यधिक ज़्यादा गंभीर बीमारी है, जिसमें शरीर के बोन मैरो खून बनाना बंद कर देते है साथ ही उनका बोन मैरो रक्त कणिकाओं को मार भी डालता है। जिसके कारण यह स्थिति इतनी गंभीर होती है कि समय पर इलाज न हो तो मरीज़ की जान तक जा सकती है। यह कहना है केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य एवं मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विवि में होम्योपैथी संकाय के अंतर्गत बोर्ड ऑफ स्टडी के सदस्य डॉ. एके द्विवेदी का। डॉ. द्विवेदी कहते हैं कि इसकी एटीजी दवाएँ महंगी होती हैं, इलाज लंबा चलता है और कई बार तो बोनमैरो ट्रांसप्लांट की ज़रूरत पड़ती है। होम्योपैथी दवा, अप्लास्टिक एनीमिया के इलाज में काफी कारगर साबित हो रही है। डॉ एके द्विवेदी द्वारा की जा रही होम्योपैथी चिकित्सा से असाध्य मानी जाने वाली बीमारी अप्लास्टिक एनीमिया के अनेक मरीजों को जीवनदान मिला है

मरीज़ों को चाहिए कि वे प्रधानमंत्री राहत कोष जैसी सरकारी योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करें और समय रहते आवेदन करें, ताकि उन्हें भी आर्थिक सहायता मिल सके।

# बिजली की कमी से जूझ रहे किसान ने ट्रांसफार्मर को जलने से बचाने लगाया कूलर



**जबलपुर, देशबन्धु।** नरसिंहपुर जिले की गोटेगांव तहसील के मानेगांव पॉवर हाउस में पॉवर ट्रांसफार्मर में ग्राम टिकरी के किसान मुकेश पटेल ने भरी गर्मी में अपने घर के कूलर को निकालकर ट्रांसफार्मर में लगा दिया। जिससे ट्रांसफार्मर ओवरहीटिंग के कारण जल न जाए और किसान को फसल के लिए पानी बिना व्यवधान के मिल सके। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि किसान व कृषि के लिए बिजली की क्या अहमियत है।

# प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम 967 बूथों में सुना गया



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ''मन की बात'' कार्यक्रम को जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों में सुना गया। मन की बात कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने पूर्व विधानसभा अंतर्गत बूथ क्रमांक 140 में, सांसद आशीष दुबे उत्तर विधानसभा अंतर्गत बूथ क्रमांक 101 में, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने बूथ क्रमांक 144 में, विधायक अभिलाष पांडे उत्तर विधानसभा के बूथ 153 में, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने पश्चिम विधानसभा अंतर्गत नरसिंह वार्ड में कार्यकर्ताओ एवं स्थानीय जानो के साथ मन की बात सुनी। इसी के साथ ही जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों में मन की बात का प्रसारण हुआ जिसे भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ ने क्षेत्रीय जनों के साथ सुना।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शरद जैन, अंचल सोनकर, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व जिला अध्यक्ष जीएस ठाकुर, प्रभात साहू, आंनद बर्नार्ड, डॉ जितेंद्र जामदार, दीपांकर बैनर्जी, एस के मुद्दीन, राममूर्ति मिश्रा, अरविंद पाठक, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, राजेश मिश्रा, कमलेश अग्रवाल के साथ जिला पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों ने स्थानीय जनों के साथ मन की बात सुनी।

# कांग्रेस सेवा दल का ध्वज वंदन कार्यक्रम संपन्न





**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर कांग्रेस सेवादल जबलपुर के तत्वाधान में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को होने वाले ध्वज वंदन कार्यक्रम इस माह का पश्चिम विधानसभा कार्यालय गोरखपुर में संपन्न हुआ ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत गुर्जर जी थे क्योंकि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण कार्यक्रम को बहुत ही सीमित रखा गया कार्यक्रम के तुरंत बाद आतंकवादी घटनाओं में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण रखा गया साथ ही इस घटना में घायल हुए लोगों को शीघ्र स्वस्थ लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई शहर कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी ने अपने भाषण में पाकिस्तान की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से शीघ्राती शीघ्र कोई बड़ी कार्यवाही करने का मांग किया है उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान का पानी बंद करना ऐसा कोई सिस्टम नहीं है जिससे बंद किया जा सके गोदी मीडिया व्यर्थ ही लोगों को गुमराह कर रही है।

पुलवामा में भी आतंकवादी घटना हुई थी जिसका आज तक पूरा जांच नहीं हो पाया अब आवश्यकता है कोई ठोस कदम उठाने की ना कि झूठा प्रचार करने की देश की ?140 करोड़ जनता और पूरा विपक्ष आपके साथ है।

**इनकी रही उपस्थिति**- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलवंत गुर्जर जी ने भी अपने भाषण में सेवा दल को मजबूत करने का आह्वान किया है इस कार्यक्रम में शहर कांग्रेस सेवादल नगर अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत गुर्जर, पार्षद दिनेश तामसेतवार,महिला नगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष मीनाक्षी स्वामी, प्रवक्ता जितेंद्र यादव, श्वेता दुबे ,ओमप्रकाश मरवाहा, राकेश चक्रवर्ती, उमेश पटेल, रीना विश्वकर्मा, गीता पटेल, रिंकू कुशवाहा, श्याम सोलंकी, आलोक गुप्ता, अनिल गुप्ता, देव नारायण तिवारी, काशीराम बग्घा, प्रदीप पटेल, अशोक राय, देव दत्त ,सचिन खरे, संतोष तानवेश अमर सिंह आदि उपस्थित थे।

# विवेचना का बच्चों का कला मेला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की सक्रिय नाट्य संस्था विवेचना थियेटर ग्रुप द्वारा जबलपुर में स्कूली बच्चों का वर्कशॉप का आयोजन आगामी 1 मई से 30 मई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस वर्कशॉप में 6 वर्ष से 16 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकते हैं।

बच्चों का यह कला मेला विंग्स ऑफ जॉय स्कूल, एम आर 4, विजय नगर मुस्कान प्लाजा के पास में प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से 12 बजे तक संचालित होगा। इस कला मेले में गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को नाटक, संगीत, नृत्य, गायन, क्राफ्ट और ड्राइंग-पेंटिंग सिखाई जाएगी।

बच्चों को खेल खेल में विभिन्न कलाओं का ज्ञान दिया जाएगा। और मोबाइल-कम्प्यूटर गेम्स से दूर रखकर उन्हें अपने मन के मुताबिक खेलने और कलाओं को सीखने का अवसर मिलेगा।

` बच्चों को थियेटर गेम्स, चरित्र अध्ययन, मूवमेन्ट, नृत्य और संगीत के माध्यम से नाटक से जुडने और व्यक्तित्व विकास का अवसर मिलेगा। आज के स्पर्धा के युग में बच्चों में इन गुणों का विकास होना बहुत आवश्यक है। विवेचना के स्कूली बच्चों के वर्कशॉप को आदित्य रूसिया व अन्य विशेषज्ञ संचालित करेंगे।

विवेचना के बच्चों के कला मेले और थियेटर वर्कशॉप हेतु रजिस्ट्रेशन 30 अप्रैल तक विंग्स आफ जाय में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक किया जा सकता है। बच्चों के वर्कशॉप हेतु विवेचना के हिमांशु राय मो 9425387580 बांकेबिहारी ब्यौहार 9827215749 अजय धाबर्डे 7770805826 व आदित्य रूसिया 9617529960 से संपर्क किया जा सकता है।

# श्रद्धांजलि सभा एवं पुतला दहन




**जबलपुर, देशबन्धु।** कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में पनागर विधानसभा अंतर्गत कुदवारी चौराहा स्थित,अमखेरा रोड पर हजारों की संख्या क्षेत्रिय नागरिकों ने घटना में मारे गए भारतीय नागरिकों की आत्मा की शांति हेतु केंडल मार्च करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही आतंकवाद के विरोध में पुतला दहन करते हुए देशभक्ति के नारों से वातावरण को भावपूर्ण एवं ओजस्वी बना दिया। इस अवसर माया इंदु तिवारी ने नरेन्द्र मोदी द्वारा की जा रही कार्रवाई का समर्थन करते हुऐ,आम नागरिकों के साथ दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी।

पार्षद सुभाष तिवारी ने भारत शासन की आतंक की सफाई को भारत सरकार का विशेष लक्ष्य बताया। इस अवसर पर, पूर्व सैनिक समाजसेवी श्याम सुंदर चौबे ने आतंकवाद की इस घटना में धर्म पूछकर गोली मारने को इंसानियत का काला अध्याय निरुपित करते हुए बताया इस घटनाक्रम ने समस्त भारतीय को आक्रोशित कर दिया है हम आतंक का साफया करके ही दम लेंगे।

इस मौके पर माया इंदु तिवारी, डॉक्टर सुभाष तिवारी पार्षद, श्याम सुंदर चौबे, डॉ विजयकांत तिवारी चीफ़ कमिश्नर भारत स्काउट एंड गाइड ,चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, नरेंद्र कुशवाहा, सुरेंद्र गिरी , मुरारी गोस्वामी, सुभाष पटेल, अमित चौहान , चन्द्र मोहन सोनी, शिवानन्द गुप्ता,किशोर सोनी जी नितेश पटेल जी शैलेंद्र बिसेन ,संजय दिक्षित , ओमप्रकाश शर्मा अशोक पटेल, अमित सिंह चौहान, किशोर सोनी ,नेहा खेरा, के के वर्मा, दयाराम विश्वकर्मा, नरेंद्र हल्दकार, नितिन खेरा, कामिनी हल्दकार,तारा दुबेदी, रुचि गुप्ता, भगवती विश्वकर्मा ,शिवानम गुप्ता,नमो गिरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में जनसमूह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर घटना पर आक्रोश जाहिर किया।

# ट्रांसको का एकस्ट्रा हाईटेंशन लाइन के समीप बने घातक अनाधिकृत निर्माणों को हटाने का अभियान जारी

## 4 खतरनाक निर्माण हटाये



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा भोपाल में एकस्ट्रा हाईटेंशन लाइन के समीप निर्धारित सुरक्षा मापदंडों की अवहेलना कर किए गए, मानव जीवन के लिए घातक अनाधिकृत निर्माणों को हटाने का अभियान निरंतर जारी है। विगत दिवस हुई दुर्घटना के पश्चात खतरनाक रहवासी मकानों को हटाने के बाद, अब भोपाल में चार और अनाधिकृत निर्माणों को विधिवत कार्रवाई करते हुए ध्वस्त कर दिया गया। ये निर्माण शारदा नगर क्षेत्र में 132 के.व्ही. भोपाल-लालघाटी एकस्ट्रा हाईटेंशन लाइन के निकट इंडक्शन ज़ोन की परिधि में किए गए थे।



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में रविवार को नगर में पहलगाम घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ। इसमें उत्कर्ष त्रिपाठी, कृष्ण यादव के साथ अन्य जन शामिल रहे। नारेबाजी भी की गई।

## खेतों में नरवाई जलाना प्रतिबंधित

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा धान एवं गेहूँ की फसल कटाई के बाद शेष बचे अवशेषों (नरवाई) को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने जिले के प्रत्येक कृषि विस्तार अधिकारी को अपने कार्यक्षेत्र में कृषकों से संपर्क कर उन्हें नरवाई जलाने की वजह से होने वाली संभावित घटनाओं से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।


# सरकार पेंशनर्स को भी दे इसी तरह 5 प्रतिशत मंहगाई राहत

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य सरकार में कार्यरत कार्मिकों को 5 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने की घोषणा मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई है। मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कर्मचारियों को 5 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने के लिएं मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार करते हुए आश्चर्य व्यक्त किया कि प्रदेश में पेंशनर्स की ऐसी क्या गल्ती है कि सरकार ने पेंशनर्स के साथ फिर भेदभाव कर दिया और उन्हें 5 प्रतिशत मंहगाई राहत से वंचित कर दिया। जबकि पेंशनर्स का एकमात्र सहारा महंगाई राहत ही है। उन्हें भी इस मंहगाई के दौर में अपने पारिवारिक और समाजिक दायित्वों को निभाना पड़ता है।

राकेश डी पी पाठक ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों और पेंशनरों को 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत व 1 जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत मंहगाई भत्ता और मंहगाई राहत देने के आदेश एक साथ दिए गए हैं। इस प्रकार केन्द्र के कर्मचारियों और पेंशनरों को वर्तमान में महंगाई भत्ता और मंहगाई राहत बढकर 55 प्रतिशत हो गया है। किन्तु मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को आज 5 प्रतिशत देने की घोषणा हुई है, जिससे अब कर्मचारी साथियों को भी 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता मिलेगा। वहीं पेंशनरों को अभी केवल 50 प्रतिशत महंगाई राहत ही प्राप्त हो रही है। इस प्रकार केन्द्र के कर्मचारियों, पेंशनर्स एवं राज्य के कर्मचारियों की तुलना में मध्यप्रदेश के पेंशनरों को 5 प्रतिशत कम महंगाई राहत प्राप्त हो रही है। मध्यप्रदेश की सरकार अपने पेंशनरों से लम्बे समय से भेदभावपूर्ण व्यवहार कर रही है। हर बार कर्मचारियों के महंगाई भत्ता के साथ पेंशनर्स के महंगाई राहत का आदेश जारी नहीं करतीं हैं।

राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के तहत नए राज्यों के रूप में मध्यप्रदेश से 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश से 9 नवंबर 2000 को उत्तरांचल और बिहार से 5 नबंबर 2000 को झारखंड राज्य अस्तित्व में आया। इन किसी भी राज्य में एक दूसरे राज्य की सहमति के बिना महंगाई राहत का भुगतान हो रहा है।

# नालों की सफाई के लिए मशीनरी संशाधनों को लगाया



**जबलपुर, देशबन्धु।** वर्षा ऋतु में जप्लावन से नागरिकों को राहत प्रदान करने की दिशा में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार नाला नालियों एवं कंजरवेंसियों की सफाई के लिए तैयार कार्य योजना के अनुरूप नियमित रूप से मानव संशाधनों के साथ-साथ मशीनरी संशाधनों को भी लगाकर युद्ध स्तर पर सफाई कराई जा रही है। बड़ नालों में मशीनरी संशाधनों को उतारकर वहाँ की सफाई भी तेजी से कराई जा रही है ताकि वर्षा जल की निकासी सुगमतापूर्वक हो सके।




उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव ने बताया कि नगर निगम शहर के बड़ नालों की सफाई कार्य वर्षा पूर्व चालू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त प्रीति यादव द्वारा वर्ष पूर्व ` नालों की सफाई कार्य को गंभीरता से किए जाने हेतु पूर्व में ही बैठक लेकर प्लानिंग तैयार करने हेतु मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, वाहन शाखा को निर्देश दिये थे, जिसके बाद नगर निगम और प्राइवेट मशीने मिलकर 5 नग 200 हिटाची मशीने, 05 नग 100 हिटाची मशीने और 2 नग 70 हिटाची मशीने, 24 नग मिनी हिटची और जेसीबी लगाकर सफाई कार्य करवाया जा रहा है। शहर के नाले ओमती नाला, मोतीनाला, उरदाना नाला, ख़ंदारी नाला के साथ-साथ छोटे, मझले एवं समस्त नालों में स?ाई कार्य वर्षा पूर्व पूर्ण करवा लिए जाएगे, जिससें आम जानता को जल प्लावन जैसी स्थिति का सामना नहीं करना पडेगा।

# ब्राह्मण एकता मंच निकालेगा विशाल शोभायात्रा




**जबलपुर, देशबन्धु।** ब्राह्मण एकता मंच एवं भगवान परशुराम वंशज के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाली विशाल शोभायात्रा दिनाँक 29 अप्रैल मंगलवार को संध्या 5 बजे से आयोजित है। संगठन के संरक्षक पं. वासुदेव शास्त्री नगर पंडित सभा अध्यक्ष पं. हरिषकांत दुबे, राम दुबे, पं. अनिल शर्मा, पं. बीरेन्द्र चौबे पं.इंदू तिवारी पं. भागीरथ शर्मा, पं. शिवप्रसाद शर्मा पं.राम मूर्ति मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेस में बताया शोभायात्रा मार्ग मालवीय चौक से सतना बिल्डिंग, लार्ड गंज, घमंडी चौक, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा बाजार होते हुये कोतवाली थाना के सामने सम्पन्न होगी। पं. अयोध्या तिवारी, पं.अमरीष मिश्रा, पं. सतेन्द्र चौबे, पं. सुभाष तिवारी, पं. पंकज पाण्डे (पूर्व पार्षद) ने बताया जिसमें 20 झाकियों तथा वेद पाठी ब्राह्मण, डांडिया करती हुई बच्चियों, कलशधारी महिलायें, घोडे, बधियों पर जीवांत झॉकी, बैल गाड़ी पर भगवान परशुराम जी की प्रतिमा, बैंड होंगे। श्रीमति गीता शरद तिवारी श्रीमति रंजना मिश्रा, श्रीमति निशा दुबे श्रीमति नीतू दुबे ने बताया कि महिलाये पीली साड़ी, पुरूष वर्ग अपना पारंपरिक परिधान पीलं कुर्ता और पर्चनी पहन कर शोभायात्रा को भव्यता प्रदान करेगें। पं. मनीष त्रिवेदी, पं. अखिलेश मिश्रा, ने बताया कि शोभायात्रा मार्ग पर भिन्न-भिन्न संस्थाओं के द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की मूर्ति का पूजन अर्चन एवं सम्मिलित समस्त नागरिकों को मिष्ठान एवं शीतल पेय के साथ स्वागत किया जायेगा।



**संपूर्ण ब्राह्मण मंच** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अक्षय तृतीया निशुल्क परिचय सम्मेलन एवं निशुल्क उपनयन संस्कार भगवान परशुराम दुग्ध अभिषेक कन्या पूजन महा आरती कार्यक्रम आयोजित किया गया है 30 अप्रैल दिन बुधवार परशुराम धाम ग्वारीघाट उमा घाट के पास सुबह 7.30 से कार्यक्रम प्रारंभ होगा कार्यक्रम में उपस्थित की अपील जगद्गुरु सुखनानंद स्वामी राघव देवाचार्य धनंजय बाजपेई सीताराम कुरचनिया यदुवंश मिश्रा रावेंद्रतिवारी डॉक्टर अरुण मिश्रा निशांत शर्मा सार्थक शर्मा सुधाकर मिश्र आनंद मोहन शर्मा प्रशांत तिवारी सुधा मिश्रा पुष्पा तिवारी डॉ, स्वागतिकापति मीरा दुबे जागृति शुक्ला मधुबाला दुबे मिथिलेश तिवारी विनीता मालवीय जागृति दुबे एचपी तिवारी मुन्नालाल दुबे माधव पांडे सत्यदेव तिवारी आदि ने उपस्थित की अपील की है

**मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के नेतृत्व में 30 अप्रैल को निकलेगी विराट वाहन रैली–** जबलपुर मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के नेतृत्व में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विराट वाहन रैली गुलौआ चौक गढ़ा से प्रारंभ की जाएगी। इस रैली में पूरे महानगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों से शामिल होंगे महानगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी उप नगरी क्षेत्र कॉलोनी नगरों से छोटी-छोटी रेलिया निकालकर इस विराट महा रैली में सम्मिलित होगी।

**संत समाज करेगा नेतृत्व–** इस विराट वाहन रैली का नेतृत्व संत समाज करेगा । स्वामी नरसिंह दास जी महाराज स्वामी राघव देवाचार्य जी महाराज स्वामी राधे चैतन्य जी महाराज स्वामी बालमुकुंद शास्त्री जी महाराज स्वामी चैतन्यानंद जी महाराज आदि संत इस विराट रैली का नेतृत्व करेंगे।

**संतो के पीछे महिला शक्ति अपने वाहन के साथ रैली का नेतृत्व करेगी–** मध्य प्रदेश प्रगतिशील महिला ब्राह्मण सभा एवं सनातन धर्मी महिलाएं इस रैली में संतों के पीछे अपने वाहनों के साथ पारंपरिक वेशभूषा में भगवान परशुराम का ध्वज धारण करके चलेंगी

**30 से अधिक स्वागत मंच रैली मार्ग में रहेंगे –** रैली गुलौआ चौक से प्रारंभ होकर बी टी तिराहा छोटी बजरिया आनंद कुंज गढ़ा बाजार पंडा की मडिया शाही नाका कुरारिया मार्केट कछपुरा ब्रिज लेबर चौक रानीताल चौक मालवीय चौक होते हुए डी एन जैन कॉलेज में समाप्त होगी। रैली मार्ग में 30 से अधिक स्वागत मंच लगाए जा रहे हैं जिसमें विभिन्न संगठन वाल्मीकि समाज डोम डूमर महासंघ यादव महासभा स्वर्णकार समाज बड़ी खैरमाई मंदिर ट्रस्ट रविदास विचार मंच जैन समाज आगा चौक दरबार समिति क्षत्रिय सभा समरसता सेवा संगठन आदि अनेक आदि अनेक सामाजिक जातीय संगठन इस रैली का स्वागत करेंगे रैली में समस्त सनातन धर्मी भगवान परशुराम जी की जय घोष लगाते हुए शामिल होंगे

## आचार्य श्री समयसागर से विविध विषयों पर लिया मार्गदर्शन



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री शरद अग्रवाल ने 108 मुनि श्री समयसागर जी का लाखा भवन पहुंचकर दर्शन व चरण वंदन कर आशीर्वाद लिया द्य इस अवसर पर मुनिश्री समयसागर जी से उन्होंने विविध विषयों पर मार्गदर्शन भी लिया द्य इस अवसर पर आचार्य श्री को संस्कार साहित्य नामक पत्रिका और गोंडी चित्रकला की पुस्तक भी भेंट की गई। चर्चा के दौरान वर्तमान समय में आयुर्वेद , स्वदेशी सेवा प्रकल्प और घट रही संयुक्त परिवार की संख्या जैसे सम सामायिक विषयों पर आचार्य श्री से मार्गदर्शन लिया। इस अवसर पर उनके साथ मैहर से आये भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री कैलाश गौतम , सतना से आये जवाहर जैन , मनीष जैन कल्लू , पवन चौधरी , आशीष दिवाकर, अमित पड़रिया , परउ जैन , बबलू सिंघई आदि भी शामिल रहे।

## हाजियों ने हासिल की सफर-ए-हज की मालूमात

### गोहलपुर मोमिन ईदगाह के हज ट्रेनिंग कैम्प में हाजियों को नसीहत

जबलपुर। मुस्लिम धर्मालंबियों की पवित्र व मुख्य तीर्थ मक्का-मदीना (सऊदी अरब) हज 2025 के लिये जबलपुर से जाने वाले हज यात्रियों के लिए एक दिवसीय विशेष तरबियती व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मोमिन ईदगाह, गोहलपुर में रविवार को किया गया। हज इस्लाम का एक अहम फर्ज है, जिसकी अदायगी सही इल्म और अमल के साथ जरूरी है।

प्रशिक्षण शिविर की सदारत अंसारी समाज के अध्यक्ष सरदार हकीम बाबा, हाजी जमील अंसारी, हाजी साबिर सरदार, सगीर सरदार, जुम्मन खलीफा, सगीर फ़रोग और गुलाम रसूल ने की। शिविर का आगाज तिलावते-क़ुरआन पाक, नाते-रसूल पाक और लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक की बुलंद आवाजों के साथ किया गया, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान ने सफर-ए-हज की तैयारी से जुड़ी अहम जानकारियां दी। हाजी मतलूब अंसारी ने सफर में पेश आने वाले मसाइल पर मार्गदर्शन दिया। मुश्ताक अहमद छिद्दी हाजी ने उमरह और हज के सही तरीक़े, हज के पांच दिन (मीना, अराफात, मुजदलफा में रुकना), अहराम



के कपड़े पहनने और आवश्यक समान की तरतीबवार जानकारी दी। ज़ियारत-ए-मदीना के आदाब मौलाना रियाज़ आलम मोहम्मदी और हाजी इदरीश ने हज यात्रियों के सामने रखे। मोमिन ईदगाह एक्शन कमेटी के याक़ूब अंसारी और अदनान अंसारी ने जानकारी दी कि इस तरबियती कैंप का उद्देश्य आज़मीने हज को हर जरूरी पहलू से तैयार करना था, ताकि उनका सफर आसान, मुकम्मल और मक़बूल हो सके। उन्होंने बताया कि प्रोग्राम में जबलपुर से हज करने जाने वाले लगभग 2 सौ महिला पुरुष हज यात्रियों ने शिरकत की और तरबियती माहौल का भरपूर लाभ उठाया।

## बंगाली काली बाड़ी प्रेम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा 30 को

**जबलपुर, देशबधु।** बंगाली काली बाड़ी (काली मन्दिर) प्रेम नगर मे मां काली की नई प्रतिमा स्थापना 30 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के साथ होगी , अक्षय तृतीया की पूर्व संध्या मंगलवार की रात्रि आठ बजे महोत्सव माता की चौकी भजन आदि होंगे बुधवार को प्रात: नौ बजे से शाम 5 बजे तक मां काली एवम भगवान महादेव की प्राण प्रतिष्ठा एवम महाआरती और प्रसाद वितरण। एक मई गुरुवार को काली बाड़ी प्रांगण मे रात्रि आठ बजे से श्यामा संगीत के लोकप्रिय गायक कोलकाता के इंद्रनील दत्ता अपने भजन प्रस्तुत करेंगे। काली बाड़ी समिति के अध्यक्ष मिलन मुखर्जी एच के डे, संदीप चक्रवर्ती, संजीवन पाल, साधन दास अभिलाष ठाकुरता सभी ने श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

## हृदय की बीमारियों की सुनी आवाज




**जबलपुर, देशबन्धु।** सूरतलाई एसवी नायडू मेमोरियल संस्था में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस दौरान ग्रामीणों का हार्ट चैकअप किया गया। संस्था अध्यक्ष रमेश नायडू ने कहा कि हृदय रोग वर्तमान में कम उम्र वालों के लिए भी समस्या बन चुका है। ऐसे में सही समय पर जांच से ही बीमारी को दूर किया जा सकता है। शिविर में बीपी, ईसीजी के साथ डेंटल चेकअप किया गया। चेकअप के बाद दवाओं का वितरण भी हुआ। इस मौके पर डॉ. आशीष तिवारी, डॉ. संजय जैन, जय उज्वने, डॉ. दिव्या दुबे, वीरेंद्र पटेल, रानू पटेल, साई शेखर नायडू, ललिता नायडू, मिलन कोल, रामकिशोर पटेल, पवन पटेल का सहयोग रहा।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 28 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा नक्षत्र- भरणी।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

## जीवन का फलसफा सिखाती हैं लघुकथाएं




जबलपुर, देशबन्धु। प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच, साहित्य संसार संस्था के तत्वावधान में लघुकथा उत्सव मनाया गया। **आयोजन में 50 लघुकथा प्रस्तुत की गई–** कार्यक्रम संयोजक इंजी. विनोद नयन ने बताया कि लघुकथा संक्षिप्त प्रभावशाली कहानी होती है, जो कम शब्दों में पाठकों एवं श्रोताओं को महत्वपूर्ण संदेश देती है।

वक्ताओं ने कहा कि लघुकथा कथानक, परिवेश, प्रभावी संवाद, निरंतरता, जिज्ञासा एवं रचनात्मकता से परिपूर्ण होती है। इस अवसर पर संस्था संस्थापक डॉ. रानू रूही, संरक्षक मृगेंद्र नारायण सिंह, रजनी कटारे, डॉ. शोभा सिंह, मनोज कुमार शुक्ल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ज्योत्सना शर्मा, उपाध्यक्ष अर्चना अर्चन, सचिव तरुणा खरे, सह सचिव डॉ. गीता पांडे मौजूद थीं।

समारोह में पचास कथाकारों ने लघुकथा का वाचन किया। इसमें रमाकांत ताम्रकार, डॉ. विनीता पाण्डेय, डॉ. छाया सिंह, इंदु सिंह कंचन, डॉ. संध्या पाठक, निर्मला तिवारी, रश्मि पाण्डेय, कृष्णा राजपूत, डॉ. अरूणा पाठक, डॉ. संध्या उपाध्याय आदि ने कथाएं पढ़ी। समारोह में डॉ. सुरेन्द्र लाल साहू, अनिल पाठक, अर्चना द्विवेदी, ज्ञानेश्वर द्विवेदी, प्रीति आगौन का सहयोग रहा।

## बच्चे सीखेंगे अभिनय

**जबलपुर.** विवेचना थिएटर ग्रुप के तत्वावधान में 1 से 30 मई तक नाट्य वर्कशॉप आयोजित होगी। इसमें 6 से 16 वर्ष के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। शिविर एमआर 4 रोड मुस्कान प्लाजा में सुबह 8.30 से 12 बजे तक संचालित होगा। कला मेले में बच्चों को नाटक, संगीत, नृत्य, गायन, क्राफ्ट और ड्राइंग-पेंटिंग सिखाई जाएगी। इसके साथ ही थिएटर गेम्स, चरित्र अध्ययन, मूवमेन्ट, नृत्य और संगीत के साथ व्यक्तित्व विकास में माहिर बनाया जाएगा।

## कर्मचारियों के भुगतान में क़ानूनी अड़चन

**कर्मचारी जगत**

**जबलपुर, देशबन्धु।** छठवें वेतन आयोग के लागू होने के पश्चात ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मियों के लिए नए फार्मूले से ओवरटाइम का भुगतान किया जाता रहा। यह भुगतान कारखाना अधिनियम 1948 में दिए गए प्रावधानों को शामिल न कर अर्थात मकान किराया भत्ता, ट्रांसपोर्ट अलाउंस इत्यादि को ओवरटाइम कैलकुलेशन में शामिल न कर सीधे मासिक वेतन के आधार पर दिया जाता रहा । जीसीएफ मजदूर संघ हथौड़ा (लाल झंडा) तथा ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ नॉनगैजेटेड ऑफीसर्स द्वारा ओटी कैलकुलेशन की इस विसंगति को दूर करने के लिए ज्ञापन धरना आंदोलन इत्यादि के माध्यम से लंबी लड़ाई लड़ी, परंतु सरकार द्वारा सकारात्मक रुख ना अपनाये जाने के कारण जीसीएफ मजदूर संघ हथौड़ा (लाल झंडा) दलीलों एवं जिरह से संतुष्ट होकर माननीय कैट न्यायालय द्वारा कर्मचारियों के पक्ष में फैसला देकर मकान किराया भत्ता ट्रांसपोर्ट अलाउंस को ओवरटाइम कैलकुलेशन में शामिल कर एरियर्स के साथ कर्मचारियों को भुगतान करने हेतु आदेश दिया गया। परंतु प्रशासनिक गलियारों में व्याप्त चर्चा के आधार पर यूनियन को ऐसे संकेत मिले की उच्चअधिकारी ओटी एरियर्स के केस को जबलपुर हाईकोर्ट में ले जाने की तैयारी कर रहे हैं इस स्थिति में कर्मचारी हितों का ध्यान रखते हुए जीसीएफ मजदूर संघ हथौड़ा तथा जीसीएफ ब्रांच ने संयुक्त रूप से माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के समक्ष कैविएट दायर करने का फैसला लिया एवं दिनांक 24 अप्रैल को केविएट प्रस्तुत कर दिया गया है। कर्मचारी हितों को सर्वोपरि रखते हुए कर्मचारी नेताओं रोहित यादव विनय गुप्ता उत्तम विश्वास अमित चंदेल राजा पांडे अजय रजक राजेंद्र असाटी कुमार सुजीत मनीष चौरसिया नरेश बाजपेई ने न्याय के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कर्मचारियों से संघर्ष हेतु सहयोग बनाए रखने का आवाहन किया है

## सदाबहार गीतों से सजी संध्या

**जबलपुर, देशबन्धु।** विंटेज वाइब्स संगीत संस्था के तत्वावधान में गीत संगीत कार्यक्रम आयोजित हुआ। गायक ध्रुव मुखर्जी, अर्चना गोस्वामी, शर्मिला मुखर्जी, पल्लवी फाटक, प्रांजलि दिधाते, विनीता पैगवार, ममता कुशवाहा, प्रेरणा रानाडे, डॉ. आज्ञा मिश्रा, राजेश तिवारी, अरुण यादव, गुलाम खान, ध्रुव मुद्गल, स्वाति अवस्थी, योगेश उपाध्याय, मयंक श्रीवास्तव, लखन राही ने किया। गायक कलाकारों ने छोड़ेंगे ना हम तेरा साथ..., मिलकर ना होंगे जुदा..., चोरी-चोरी चुपके..., हम तुम युग युग से... जैसे गीत गाए।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती सिया बाई–** दाना बाबा मंदिर रोड प्रेमनगर मदनमहल निवासी रामदयाल की धर्मपत्नी श्रीमती सिया बाई (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रशांत शुक्ला–** नरसिंह नगर रांझी निवासी श्री शशांक शुक्ला के पुत्र श्री प्रशांत शुक्ला (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा चौधरी–** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री रमेश चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती उषा चौधरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती फुल्ला बाई मरकाम–** गुजराती कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी शिव लाल मरकाम की धर्मपत्नी श्रीमती फुल्ला बाई मरकाम (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रंजन साखरे–** भानतलैया बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री रंजन साखरे (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्री प्रदीप कुमार–** शिवपुरी कजरवारा निवासी द्वारका प्रसाद के पुत्र श्री प्रदीप कुमार (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रतन कुमार नायडू–** गली नं. 15, सदर काली मंदिर के पास निवासी श्री रतन कुमार नायडू (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री महेंद्र मलिक–** नानक नगर मानेगांव रांझी निवासी अमरनाथ मलिक के पुत्र श्री महेंद्र मलिक (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव कुमार कुशवाहा–** जयप्रकाश वार्ड पनागर निवासी श्री शिव कुमार कुशवाहा (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती फूला बाई कुशवाहा–** रांझी गांधी व्यायाम शाला के पास निवासी श्री मुकंदी लाल कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती फूला बाई कुशवाहा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गनेशी बाई बजाज–** आदित्य कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी मूलचंद बजाज की धर्मपत्नी श्रीमती गनेशी बाई बजाज (105) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सीएम वर्मा–** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री सीएम वर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गिरानी बाई रजक–** शंकर नगर करमेता निवासी पुसऊ रजक की धर्मपत्नी श्रीमती गिरानी बाई रजक (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# 6 माह से भूल चुके थे सैल्यूट देना, डीजीपी के निर्देश के बाद असमंजस में पुलिस विभाग

## अब फिर से देनी होगी माननीयों को सलामी!

**जबलपुर,देशबन्धु।** दूसरों का भी अदब करना ज़रूरी है बहुत तल्ख़ लहजे से तो इज़्ज़त नहीं मिलने वाली तनवीर गौहर का ये शेर इन एक निर्देश आने के बाद चर्चाओं में हैं। दरअसल नवंबर 2024 से पुलिस विभाग पर माननीयों को सलामी देने के आदेश पर लगी रोक को हालहीं में हटा लिया गया हैं। अब नवंबर 2024 से करीब 6 माह से जिन माननीयों को पुलिस विभाग द्वारा सलामी देने की आदत छूट गई हैं उसे फिर से लागू होने पर पुलिस अधिकारी ही नहीं कर्मचारी भी थोड़ा असहज महसूस कर रहे हैं। पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की ही नहीं ठीक यही स्थिति माननीयों की भी हो गई हैं। जिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने विगत 6 माह से उन्हें सलामी नहीं दी उस विभाग के अधिकारी कर्मचारी अब जब सलामी देते हैं तो वे थोड़ा सा असहज महसूस कर रहे हैं।

**इस तरह बंद हुई थी माननीयों को सलामी**

दरअसल नवंबर 2024 में प्रदेश सरकार ने एक आदेश जारी किया था। इसमें मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, और पुलिस अधिकारियों को दी जाने वाली सलामी पर रोक लगाई गई थी। इस आदेश के तहत केवल राज्यपाल को ही सलामी दिए जाने की मंजूरी थी। इसके बाद यह देखा जा रहा हैं कि इस आदेश का कड़ाई से पालन नहीं हो रहा है, जिससे परेड में लगे कर्मचारियों की ड्यूटी पर



असर पड़ रहा है। इस प्रथा को लेकर आलोचना भी की जा रही है, क्योंकि यह प्रथा अंग्रेजों की याद दिलाती है और लोकतांत्रिक प्रणाली से मेल नहीं खाती।

**डीजीपी ने जारी किए निर्देश**

हालहीं में मप्र के डीजीपी कैलाश मकवाना ने नया आदेश जारी किया है। आदेश के तहत पुलिस अधिकारियों को अब सांसदों और विधायकों को सलामी देने और सम्मानपूर्वक व्यवहार करने का निर्देश दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि अब पुलिस अधिकारियों को सांसदों और विधायकों को सैल्यूट करना होगा। इस आदेश में कहा गया है कि चाहे वह सरकारी कार्यक्रम हो या सामान्य मुलाकात, जनप्रतिनिधियों के साथ शिष्ट व्यवहार में कोई कमी नहीं होनी चाहिए और अगर कोई सांसद या विधायक मिलने के लिए आते हैं, तो उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**सांसदों और विधायकों से संवाद**

डीजीपी ने निर्देशित किया कि जब सांसद या विधायक पुलिस अधिकारियों से अपने क्षेत्रों में जनता की समस्याओं के बारे में संपर्क करें। उस समय अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी होगी वो सांसदों-विधायकों से बात करते समय उनका ध्यानपूर्वक संवाद सुनें और सम्मानपूर्वक व्यवहार करें।

# रुपये न देने पर कार का कांच तोड़कर मारपीट

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरेला नीम खेड़ा से अपने ममेरे भाई की शादी में शामिल होने गये कपिल पटेल से दो बदमाशों ने शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करते हुए उनकी कार का कांच तोड़ दिया। कपिल के साथ गये राजेन्द्र पटेल को भी पत्थर लगने से चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि कपिल पटेल अपने मामा अशोक पटेल निवासी माढ़ोताल राशन दुकान के पीछे उनके बेटे वैभव पटेल की शादी में शामिल होने सपरिवार पहुंचा था। जहां उसने अपनी कार मामा के घर के पास खड़ी की, रात्रि करीब साढ़े आठ बजे दो लड़के आये और बोले यहां कार क्यो खड़ी की और शराब पीने के लिये पांच सौ रुपये मांगने लगे। उसने रुपये देने से मना किया तो दोनों ने ईंट के टुकड़े से उनकी कार क्रमांक एमपी 20 सीजी-3718 के पीछे का कांच तोड़ दिया। उक्त हमले में कार में पीछे बैठे राजेन्द्र पटेल के सिर में भी चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# चौकीदार पर चाकू से हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी पुलिस ने बताया कि शांति नगर निवासी 60 वर्षीय भारत सोनी रिछाई में चौकीदारी का काम करता है। बीती रात जब वह घर पर था, उसी समय रात्रि करीब दस बजे मोहल्ले का राजेश कोरी ने उसे आवाज लगाई। जैसे ही वह घर के बाहर निकला तो राजेश शराब पीने के लिये पांच सौ रुपये मांगने लगा। उसने रुपये देने से मना किया तो राजेश ने चाकू से हमला कर उसके गाल व कान के पास चोट पहुंचा दी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# अवैध हथियार सहित आरोपी युवक गिरफ्तार

## देशी 1 पिस्टल तथा 1 कारतूस जब्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** अधारताल थाना पुलिस ने किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूमते एक आरोपी को मुखबिर की सूचना पर अवैध पिस्टल और 1 कारतूस सहित धरदबोचा। थाना प्रभारी अधारताल प्रवीण कुमार कुमर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना प्रभारियो को अवैध हथियार एवं मादक पदार्थो की तस्करी मे लिप्त आरोपियों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है। आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी तथा नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में थाना अधारताल की टीम द्वारा 1 आरोपी को पिस्टल एवं कारतूस सहित रंगे हाथ पकडा गया है।




इस संबंध में रविवार को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली। सूचना पर महाराजपुर रिछाई रोड पर दुर्गा मंदिर के पास दबिश देकर आरोपी एमजीएम स्कूल के पीछे हाथीताल, गोरखपुर निवासी 24 वर्षीय ऋित्विक पाण्डे को पुलिस ने घेराबंदी कर धरदबोचा। आरोपी की तलाशी लेने पर कमर में पीछे तरफ पेंट के नीचे देशी पिस्टल खोसे तथा पेंट के बायें जेब मे एक कारतूस रखे मिला। आरोपी रित्विक पाण्डे उर्फ पांडू पांडे के कब्जे से देशी पिस्टल एवं कारतूस जब्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27, आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को प्रधान आरक्षक अरविन्द डोंगरे, सुधीर सिंह, आरक्षक पवन शुक्ला, शशिकांत बंजारे, इंद्रकुमार ने पकड़ा।

# शहर का बेतरतीब यातायात सुधारने मुहिम जारी

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर की यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं सुचारू बनाये रखने के लिए पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम रविवार को भी जारी रही। इस दौरान अनाउंसमेंट करते हुये यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 400 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुये 1 लाख 14 हजार रुपये समन शुल्क वसूला गया।

बताया गया कि पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात जबलपुर सोनाली दुबे व उप पुलिस अधीक्षक यातायात बैजनाथ प्रजापति, संगीता डामोर थाना प्रभारी मालवीय चौक शिवदयाल सनोडिया, थाना प्रभारी यातायात गढ़ा हरिकिशन आटनेरे द्वारा यातायात के




सुगम संचालन एवं दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु यातायात पुलिस एवं नगर निगम द्वारा कार्रवाई की गई।

**इन क्षेत्रों में चली मुहिम**

यातायात पुलिस एवं नगर निगम की टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर शहर के मुख्य व्यस्ततम् चौक चौराहे, मुख्य बाजार क्षेत्र जैसे- तैयब अली, तीनपत्ती चौक, नगर निगम ,नौदरा चौक, मालवीय चौक, करमचंद चौक, छोटी लाईन फाटक, गोरखपुर बाजार, आजाद चौक, कटंगा क्रासिंग, सदर बाजार, रांझी बाजार, घमापुर चौक आदि क्षेत्र के आसपास अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई जिसमें यातायात में बाधक ठेले/टपरे /गुमटियों को मौके से हटवाया गया एवं यातायात व्यवस्थित करवाया गया। इसके साथ ही लगातार माईक से एनाउंस कर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की गई है एवं सभी दुकानदारों को समझाईश दी गई कि आम रोड पर अतिक्रमण कर अपना व्यवसाय न करें। इसके साथ ही क्रेन मोबाईल के माध्यम से नो पार्किंग/हूटर /सीटबेल्ट/हेलमेट यातायात व्यवस्था को प्रभावित अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया एवं यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको पर चालानी कार्यवाही की गई।

# प्रतियोगी परीक्षा देने शहर आए विद्यार्थी का मोबाइल लूटा

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर में अपराधियों में पुलिस का खौफ नाम मात्र का नहीं रह गया हैं अब शहर के नागरिकों को ही नहीं वे राह चलते विद्यार्थियों के साथ भी बेखौफ होकर सरेराह लूट की वारदात कर रहे हैं। ऐसी ही एक वारदात बेलबाग क्षेत्र में बीती रात सामने आई। बाई का बगीचा गली नंबर 2 में रुके एक विद्यार्थी का सरेराह मोबाईल झपटकर आरोपी फरार हो गए। थाना बेलबाग पुलिस के अनुसार इस संबंध में रविवार को मूलतः ग्राम भदौरा, जिला सीधी निवासी एवं वर्तमान में बाई का बगीचा गली नंबर 2 में रह रहे 20 वर्षीय विष्णु प्रभाकर मिश्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई। विष्णू ने पुलिस को बताया कि वह पढ़ाई करता है। शनिवार को प्रतियोगिता परीक्षा का पेपर देने जबलपुर आया था एवं अपने दोस्त धीरज ब्रम्हे के घर बाई का बगीचा गली नम्बर 2 में रूका था। पेपर देकर अपने दोस्त के घर से पैदल रात लगभग 10-30 से 11 बजे के बीच स्टेशन जा रहा था। वह मोबाइल पर अपने दोस्त से बात करते हुये जैसे ही घमापुर चौक से ज्यूडिशियली एकेडमी के पास पहुंचा तभी पीछे से काले रंग की बिना नम्बर की मोटर साइकल में 2 व्यक्ति आये और उसके हाथ से मोबाइल झपटकर तहसील चौक तरफ भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 304 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# शराब के लिये रुपये न देने पर मारपीट, तोडफोड़

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी पुलिस ने बताया कि मानेगांव निवासी 29 वर्षीय शुभम काछी बड़ा पत्थर क्षेत्र में पान की दुकान चलाता है।

बीती रात साढ़े दस बजे वह अपनी दुकान बंद घर जा रहा था। जैसे ही वह लखेरा बारात घर के पास पहुंचा तो उसे राकेश चौधरी मिला, जिसने शराब पीने के लिये पांच सौ रुपयों की मांग शुरू कर दी।

शुभम के रुपये देने से मना करने पर आरोपी ने उसे पटक दिया और मारपीट शुरु कर दी। इसके बाद उसकी मोटर साइकिल सुपर स्पेलण्डर क्रमांक एमपी 20 एमजेड 7294 में तोड?ोड़ कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# वाहनो में भरी जा रही थी घरेलू गैस

**जबलपुर,देशबन्धु।** मदन महल थानांतर्गत घरेलू गैस सिलेण्डर से वाहनों में गैस रिफ्लिंग करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धरदबोचा। आरोपी के कब्जे से 1 घरेलू गैस सिलेण्डर, तौल कांटा एवं विद्युत मोटर जब्त की गई। पुलिस के अनुसार शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि लिंक रोड शराब दुकान के पास टपरिया में एक व्यक्ति अवैध रूप से गैस सिलेण्डर से आटो में गैस रिफलिंग कर रहा है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां टपरिया में एक व्यक्ति घरेलू गैस सिलेण्डर को इलेक्ट्रिक तौल कांटा तथा एक मोटर लगाये रखे मिला। जिससे नाम पता पूछने पर आरोपी ने अपना नाम नितिन केवट उम्र 24 वर्ष निवासी बड़ी खेरमाई भानतलैया हनुमानताल बताया। जिसके कब्जे से एक घरेलू गैस सिलेण्डर, तौल कांटा एवं विधुत मोटर जब्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आरोपी को पकडने में उप निरीक्षक सतीष अनुरागी, प्रधान आरक्षक बल्देव विश्वकर्मा, निर्मल, आरक्षक सतेन्द्र बिसेन की सराहनीय भूमिका रही।

# लूट का फरार आरोपी देने जा रहा था दूसरी वारदात को अंजाम

## 1 पिस्टल, कारतूस सहित 1 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शारदा नगर पार्क के पास लूट के एक फरार आरोपी को उसके साथी सहित पुलिस ने उस वक्त धरदबोचा जब वह किसी दूसरी वारदात को अंजाम देने के इरादे से खड़ा था। आरोपी को गिरफ्त में लेकर उसके कब्जे से एक देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस जब्त किए गए।

टीआई मानस द्विवेदी ने बताया कि एसपी सम्पत उपाध्याय द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना प्रभारियो को अवैध हथियार एवं मादक पदार्थो की तस्करी मे लिप्त आरोपियों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए आदेशित किया गया है। आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी तथा नगर पुलिस अधीक्षक रांझी सतीश कुमार साहू एवं नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में थाना रांझी पुलिस ने




यह कार्रवाई की। श्री द्विवेदी ने बताया कि रविवार को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि रांझी थाने के लूट के अपराध में फरार आरोपी रेयान सोनकर गुलाबी रंग की टीशर्ट तथा काले रंग की लोअर पहने शारदा नगर पार्क के गेट के सामने पेड़ के नीचे हाथ में पिस्टल लिये कोई अपराध करने की नीयत से बैठा हैं।

सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी बापू नगर रांझी निवासी 26 वर्षीय रेयान उर्फ अमन सोनकर निकला। तलाशी लेने पर आरोपी के पास एक देशी पिस्टल मिला, देशी पिस्टल को चैक करने पर एक कारतूस लोड मिला।

पिस्टल के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि पिस्टल हरीश राजपूत की हैं। आरोपी रेयान उर्फ अमन सोनकर के कब्जे से देशी पिस्टल कारतूस सहित जब्त करते हुये आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27, आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये पूर्व से पंजीबद्ध लूट के प्रकरण में भी आरोपी की गिरफ्तारी करते हुये हरीश राजपूत की तलाश जारी है। आरोपी का अवैध फायर आर्म्स के साथ रंगे हाथ पकड़ने में सहायक उप निरीक्षक मनीष कुमार जाटव, प्रधान आरक्षक पुरूषोत्तम, प्रदीप तिवारी, आरक्षक मनीष पटैल, अर्पित सिंह, अभिषेक की सराहनीय भूमिका रही।

## पहले फेसबुक पर रिक्वेस्ट भेज कर की दोस्ती, फिर निवेश कराने के नाम पर लूटा

# फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर डॉक्टर से महिला ने की लाखों की साइबर ठगी

**जबलपुर,देशबन्धु।** साइबर ठगों के गिरोह में शातिर महिलाएं भी शामिल होकर संभ्रांत और बुद्धिजीवी लोगों को पहले सोशल साइट्स पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज दोस्ती कर रही हैं फिर ठगी का शिकार बना रही हैं।

इसी तरह का एक मामला तिलवारा थाना पुलिस के सामने आया हैं जिसमें एक डॉक्टर को फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर एक महिला द्वारा लाखों रुपये निवेश के नाम पर धोखाधड़ी का मामला आया हैं। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना शुरु कर दी हैं। पुलिस के अनुसार इस मामले में जेडीए बाजनामठ कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय डॉ. अनुज प्रताप सिंह ने गत दिवस शिकायत दी। लिखित शिकायत में डॉ. सिंह ने बताया कि 2 दिसंबर 2024 को उनकी फेसबुक आईडी पर आरोपी श्वेता जैसवाल नाम की आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। डॉ. सिंह ने फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट कर ली। जिसके बाद श्वेता जायसवाल एवं डॉ. सिंह के बीच बातचीत हुई। डॉ. सिंह ने अपना मोबाईल नंबर श्वेता को दिया। फिर टेलीग्राम से बातचीत होने लगी। इसी दौरान डॉ. सिंह को श्वेता ने बताया कि वह फोरेक्स ट्रेडिंग करती हैं, जिसमें उसे अच्छा प्रॉफिट होता है। श्वेता ने डॉ. सिंह को भी फोरेक्स में पैसा लगाने की बात कहते हुए कहा कि वह उन्हें ज्वाईन करवा देगी। डॉ. सिंह श्वेता की बातों में आ गए और उसके द्वारा भेजे गये लिंक पर ज्वाइन कर लिया। जिसके बाद फिर दिनांक 04.01.25 को 40,000 का फोन पे किया उसके बाद कई बार ऑन लाईन ट्रांजेक्शन एवं आरटीजीएस के माध्यम से विभिन्न अकाउंट में कुल 24 लाख 28 हजार 6 सौ 51 रुपए स्थानांतरित कर दिए।

जब डॉ. सिंह ने अपने रुपये विड्रावल के लिए बोला तो श्वेता से कहा तो श्वेता ने कहा कि टैक्स का भुगतान कर दोगे तो पूरे रुपये वापस आ जाएंगे। डॉ. सिंह ने आरोपी श्वेता के कहने के हिसाब से टैक्स का भुगतान भी कर दिया फिर भी रूपये वापस नहीं आए। इस पर जब डॉ. सिंह को शंका हुई और उन्होंने कई बार रुपये विड्रावल हेतु बोला किन्तु उनके रुपये नही लौटाए गए। तब जाकर डॉ. सिंह को समझ आया कि आरोपी कथित श्वेता जैसवाल नामक महिला जिसका नाम गलत भी हो सकता द्वारा फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर पैसा इन्वेस्ट (निवेश) करने के नाम पर उसके साथ करीब 24 लाख 28 हजार 2 सौ 51 रुपए की धोखाधड़ी साइबर ठगी की है। शिकायत के अवलोकन के बाद पुलिस ने पाया कि 2 दिसंबर 2024 को फेसबुक के माध्यम से अपना नाम श्वेता जायसवाल बताकर दोस्ती कर अपने झांसे मे लेकर फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर किश्तों में विभिन्न माध्यम से कुल 24 लाख 28 हजार 6 सौ 51 रुपए साइबर ठगों ने अपने विभिन्न अकाउंट में ट्रांसफर कर धोखाधडी की। महिला आरोपी के विरूध्द अपराध धारा 318 (4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना लार्डगंज अंतर्गत कछपुरा गणेश नगर में एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोरो ने घर में रखी नगदी और जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के अनुसार इस मामले में कछपुरा गणेश नगर निवासी पेशे से फर्नीचर व्यवसायी 45 वर्षीय राजेश कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई। राजेश ने पुलिस को बताया कि 23 अप्रैल की सुबह लगभग 11-30 बजे वह एवं उसके बच्चे रियाना तैरहवी कार्यक्रम में गए थे। शनिवार शाम लगभग 4-30 बजे घर वापस आए तो देखा घर के मेन गेट का ताला नहीं था। गेट खुला था अंदर वाले दरवाजे का सेंट्रल लॉक टूटा था कमरे में रखी आलमारी का लाकर टूटा था एवं सामान बिखरा पडा था। यही नहीं आलमारी में रखा पत्नी का सोने का 1 मंगलसूत्र, चांदी की 2 जोड़ी पायल, 1 करधन, 1 खुसना, तथा नगदी 20 हजार रूपये गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोर के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया हैं।

# घर से 3 बोरी गेहूं पार

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरेला थानांतर्गत ग्राम देवरी में एक घर में रखे 3 बोरी गेहूं पर किसी चोर ने हाथ साफ कर दिया। इस मामले में खेती किसानी का काम करने वाले ग्राम देवरी निवासी 65 वर्षीय कोदूलाल साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। पुलिस के अनुसार वृद्ध ने खेत से कटाई करने के बाद अपना गेहूं घर के बाजू में खुली जगह में रखा था। 23 अप्रैल को गेहूं बोरियों मे सिलकर रखे थे। उसने शनिवार को सुबह लगभग 6 बजे देखा 3 बोरी गेहू की कट्टी नहीं थीं। किसी चोर ने तीन बोरी में रखे डेढ़ क्विंटल गेहू पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए गेहूं की कीमत करीब 3500 रूपये बताई गई। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सास और दो जेठ दे रहे जान से मारने की धमकी

**जबलपुर,देशबन्धु।** सरकारी कुआं क्षेत्र में रहने वाली एक महिला मोना ने अपने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने एएसपी सूर्यकांत शर्मा को लिखित शिकायत सौंपते हुए कहा कि सास और दो जेठ लगातार उसे, उसके पति और तीन साल के बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

गुरुवार रात घटना की शुरुआत पत्थर और ईंटों से हमले के साथ हो गई। पीड़िता ने मारपीट और हमले का सीसीटीवी वीडियो भी पुलिस को सौंपा है।

पीड़िता मोना ने शुक्रवार को एसपी ऑफिस पहुंचकर खुद के साथ पति और बेटे की सुरक्षा की मांग की। उनका कहना है कि अब हालात इतने खराब हो गए हैं कि घर में रहने से भी डर लगने लगा है। मोना ने बताया कि छह साल पहले उसने नीरज पाली से लव



मैरिज की थी। तभी से ससुराल वाले उसे घर से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले एक साल से हालात बदतर हो गए हैं।

आए दिन गाली-गलौज और मारपीट की जा रही है। शुक्रवार रात जब मोना थाने में शिकायत करने निकली तो रास्ते में सास और जेठानी ने उसे रोका और मारपीट की। आरोप है कि जेठानी के बेटे ने उसके ऊपर पत्थर फेंका, जबकि उस समय मोना की गोद में तीन साल का बच्चा था। मोना का कहना है कि जब पति नीरज ने बीच-बचाव करना चाहा तो उसे भी जान से मारने की धमकियां दी गईं। मोना ने बताया कि मायके वालों ने भी लव मैरिज के कारण साथ छोड़ दिया है। अब उसका और बच्चे का एकमात्र सहारा उसका पति ही है।एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने महिला की शिकायत और सीसीटीवी फुटेज का संज्ञान लेते हुए हनुमान ताल थाना प्रभारी को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एएसपी ने कहा कि वीडियो में साफ दिख रहा है कि महिला और बच्चे पर हमला किया गया, जो गंभीर अपराध है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# थाने में फरारी के दौरान पहुंचे आरोपियों की चर्चा

**जबलपुर,देशबन्धु।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत वैभव होटल में एक रेत कारोबारी पुष्पराज लोधी की जन्मदिन पार्टी में बने लाइसेंसी राइफल हथियार से हवाई फायरिंग का वीडियो वायरल हुआ था। तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। उसके बाद चर्चाएं तेजी से सरगर्म हो गई है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद थाने आरोपी थाने पहुंचे थे कुछ अधिकारियों से चर्चा की और मामले को निपटाने का प्रयास भी किया।

पुलिस के अनुसार रेत कारोबार से जुड़े ग्राम कूड़न निवासी पुष्पराज सिंह राजपूत को 16 फरवरी को अपने बर्थडे पार्टी में हर्ष फायरिंग करना भारी पड़ गया। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो को पुलिस ने संज्ञान लेकर पुष्पराज समेत उसके साथी विमलेश राजोरिया उर्फ महाराज निवासी कोली हात्त मुकाम जसूजा सिटी, राजेश राजपूत उर्फ राजू शूटर निवासी गोटेगांव नरसिंहपुर के खिलाफ धारा 125, 3(5), बीएनएस व 30 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल थानांतर्गत दद्दा नगर आम रोड कटंगी रोड में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस के अनुसर आईटीआई चुंगीनाका निवासी 37 वर्षीय कुलदीप रैकवार पिता शोभाराम रैकवार को शनिवार को एक सड़क हादसे में घायल होने के बाद उपचार के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान रात सवा 11 बजे युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शनिवारस को रात लगभग 10 बजे दद्दा नगर आम रोड कटंगी रोड माढोताल पर सड़क दुर्घटना में घायल होने से कुलदीप को नीरज रैकवार के द्वारा इलाज हेतु लाया गया था। जिसे डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया।

# आंधी-बारिश से पेड़ गिरे, छप्पर उड़े

## पनागर में बिजली के तारे टूटे, पिपरिया कंदराखेड़ा में गिरे ओले





**पनागर, देशबन्धु।** आज दोपहर लगभग 4¬15 बजे आई तेज आंधी तूफान ने नगर और ग्रामीण क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में लोगों का जनजीवन झकझोर कर रख दिया।

अचानक आई इस आंधी ने अनेक स्थानों पर मकान के छत पर उड़ गए। टीन चादर भी उखड़कर रोड पर बिखर गए। पनागर से भरदा पड़रिया होकर खमरिया जाने वाले मार्ग पर पेड़ गिर गया, जिसके चलते उसे माल का आवागमन बंद हो गया था। दोनों साइड गाड़ियों की कटारे लग गई वही प्रशासनिक व्यवस्था बुरी तरह रही। अनेक स्थानों पर बिजली के खभों से तार टूट कर रोड में गिर गए, क्योंकि विद्युत आंधी के चलते बंद हो गई थी, इससे किसी प्रकार का नुकसान या जनहानि नहीं हुई। अचानक आई तेज बारिश के चलते पनागर के मुख्य मार्ग में नालियों में पानी भरकर रोड में वह पानी आ गया, तो वही पिपरिया कंदरा खेड़ा में ओले भी गिरे।

# मल्टी बिल्डिंग के पांचवें माले से कूदी युवती, मौत



## समदड़िया बिल्डिंग सुसाइड केस बना रहस्य

### ● नही हुई पहचान, जले हुये मिले कागज, फोन का नही खुल रहा लाक

**रीवा देशबन्धु।** शहर के बीचो-बीच स्थित समदडिया मल्टी बिल्डिंग के पांचवें माले से एक युवती ने छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। युवती कौन है, कहां की है और उसने सुसाइड किन कारणों के चलते किया, यह समाचार लिखे जाने तक साफ नहीं हो सका है। पुलिस की शुरुआती जांच में बिल्डिंग के भीतर का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें युवती अकेले ही सीढ़ियों के रास्ते छत की ओर जाती नजर आई है। हालांकि युवती के पास से मौके पर ऐसी कोई भी दस्तावेज नहीं मिले हैं जिससे उसकी पहचान की जा सके। फिलहाल पुलिस को एक मोबाइल फोन मिला है जिसकी मदद से उसकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पर फोन का लाक नही खुल पा रहा। इधर बिल्डिंग की ही छत पर कुछ कागजों के जले हुए अवशेष भी पुलिस को मिले हैं। माना जा रहा है की युवती ने सुसाइड करने से पहले कागजों को मौके पर ही जलाया था। फिलहाल शहर के भीतर हुए इस सुसाइड कांड के बाद पूरी घटना महज एक पहेली बनी हुई है जिसे सुलझाने के प्रयास में पुलिस जुटी हुई है। दरअसल यह घटना आज दोपहर शहर के समान थाना क्षेत्र के न्यू बस स्टैंड स्थित समदरिया मल्टी बिल्डिंग की है, जहां बिल्डिंग के पांचवें वाले से एक अज्ञात युवती ने छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया।



### सीसीटीवी फुटेज में अकेले जाती दिख रही युवती

घटना की शुरुआती जांच में बिल्डिंग का जो सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लगा है, उसमें युवती अकेले ही सीढ़ियों के रास्ते छत की ओर जाती नजर आई है, लेकिन इस सीसीटीवी फुटेज में युवती का चेहरा नकाब से पूरी तरह ढका हुआ है। वही युवती ने पेंट और शर्ट पहन रखा था जिसके चलते पहले लोग उसे पुरुष समझ रहे थे, लेकिन बाद में वह युवती निकली। पुलिस ने फिलहाल मौके से एक मोबाइल फोन बरामद किया है जिसकी मदद से अब उसकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

फिलहाल आज दोपहर तकरीबन 2 बजे हुई इस घटना के 2 से 3 घंटे का समय बीत जाने के बाद भी ना तो घटना के कर्म का पता चल पाया है और ना ही सुसाइड करने वाली युक्ति की पहचान की जा सकी है।

## सार-समाचार



### ब्लॉक कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

**पनागर, देशबन्धु।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुये 26 लोगों की आत्मा की शान्ती हेतु एवं पाकिस्तान पाकिस्तानी आतंकियों के द्वारा की गई निरंश हत्या के विरोध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नगर के बस स्टेंड से लेकर गाँधी स्मारक तक पैदल कडिल मार्च निकाला गया जिसमे सभी कांग्रेस जन आतंकवाद मुर्दाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुये गाँधी स्मारक पहुंचे यहां पर समस्त लोगों ने 2 मिनट का मोन रखकर समस्त शहीदों को श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सम्मति सैनी ने कहा मेरी सरकार पकिस्तान को मुंहतोड़ जबाब दे पूरा देश सरकार के साथ में है कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव महिला नेत्री विनीता यादव संगीता , सिंह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विमल जैन एडवोकेट महेंद्र चक्रवर्ती , जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल पार्षद तुलसी राम कुशवाहा, संतोष, प्रजापति मनोज पहलवान, धरमू राय अमन गोस्वामी, सुभाष पटेल, दिनेश सोनी अधिवक्ता शंकर सिंह मदन सिंह विशन सिंह रामू मिश्रा सीता राम कुशवाहा, जमाल भाईजान सुरेंद्र तिवारी रमेश पटेल, शुभम प्रजापति , टिंकू कुशवाहा, रवि चरण पांडे सचिन तिवारी बाबू खान यूनिस खान, नब्बू खान, अनंत पटेल, मिहि लाल राय, राजन मनोविया, राजू महोविया, राजा राम के साथ सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### नि:शुल्क स्वान रेबीज परीक्षण शिविर में 37 स्वान को किया टीकाकरण




**पनागर,देशबन्धु।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के उपलक्ष में डॉ एस एस बग्गा वरिष्ठ पशु चिकित्सा के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सालय पनागर में निशुल्क पशु चिकित्सा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं रेबीज टीकाकरण का आयोजन कर 35 बीमार पशुओं का उपचार एवं 37 स्वानो में रेबीज बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण किया गया नगर के आसपास ग्रामों से भी लोग पशु इलाज हेतु लेकर पहुंचे और इलाज करा कर लाभ लिया शिविर में डॉ जी के पटेल सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी रविंद्र वंशकार अंकित लोधी जितेंद्र कुशवाहा माया बाई का सराहनीय सहयोग रहा।

### आगजनी की घटना से खतरे में शहपुरा



**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** नगर शहपुरा में स्थित भारत प्लांट अन्य गैस प्लांट फीलिंग प्लांट में हमेशा गैस पेट्रोल डीजल लाने का कार्य मालगाड़ी करती है। गत दिवस घटित आगजनी की घटना ने शहपुरा को खतरे पर लाकर खड़ा कर दिया है। ऐसी घटना यदि भविष्य में घटित हुई तो वह पहलगाम की आतंकवादी घटना को भी पीछे छोड़ देगी। यह बात कांग्रेस नेता सुमन कुमार जैन, सरदार दलवीर सिंह, राजेंद्र जैन बंधु, नेकराम पटेल, राजकुमार जैन मामाजीख जस्सल अतुल जोसेफ ने इस घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति न हो। यहा शासकीय माल की चोरी और पेट्रोल चोरी की वारदातें आए दिन होती रहती हैं।

# कार की ठोकर से मासूम की दर्दनाक मौत

### ● बोस कॉलोनी में ड्राइविंग सीखते समय हादसा

**मैहर, देशबन्धु।** मैहर की बोस कॉलोनी में शनिवार शाम तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने तीन वर्षीय मासूम बालक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में मासूम शिवांश पिता अमित सिंह चौहान की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शिवांश अपने घर के सामने अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन कॉलोनी से निकला और मासूम को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिवांश गंभीर रूप से घायल हो गया।



**शव को गोद में उठाकर थाने पहुंची महिला**

परिजन आनन-फानन में मासूम को सिविल अस्पताल मैहर लेकर पहुंचे, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद डॉक्टर मासूम की जान नहीं बचा सके। इलाज के दौरान शिवांश ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत के बाद गमगीन माहौल के बीच बालक की मां शव को गोद में उठाए सीधे मैहर थाने पहुंच गई, उन्होंने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**सीख रहा था कार चलाना**

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बोस कॉलोनी में विनोद सेन (55) कार (एमपी 19 सीबी9203) को चलाना सीख रहा था। इस दौरान अचानक कार की रफ्तार बढ़ गई और तेज रफ्तार कार ने बच्चे को रौंद दिया। इसके बाद विनोद सेन ने अपनी कार से मासूम को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कार जब्त कर ली है।

# कंतोरा गांव में अवैध शराब दुकान खोलने के विरोध में महिलाओं ने किया थाने में प्रदर्शन

**पाटन देशबन्धु।** पाटन के ग्राम कंतोरा में अवैध शराब दुकान खोलने की खबर जैसी ही गांव की महिलाओं को लगी उसके बाद बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए पाटन थाने पहुंची जहां महिलाओं ने उग्र प्रदर्शन करते हुए गांव में अवैध शराब दुकान खोलने को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया।



गांव की महिलाओं का कहना है कि गांव में शराब बिकने नहीं दी जाएगी और ना ही यहां पर किसी प्रकार की दुकान खुलने दी जाएगी। कँतोरा गांव की डॉक्टर सीता साहू के साथ अंजू बाई,रितेश सेन,हर्ष साहू, सुमन पटेल,राजेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण पाटन थाने पहुंचे थे। डॉक्टर साहू ने बताया कि गांव में जहां शराब दुकान खुलनी थी वहां पर जैसे ही जेसीबी मशीन पहुंची गांव की महिलाओं ने एकत्रित होकर जेसीबी मशीन के ड्राइवर को मौके से भगा दिया और गांव पहुंचे हाईवा को भी महिलाओं ने गांव में नहीं घुसने दिया। महिलाओं का कहना है कि गांव में शराब दुकान नहीं खुलने दी जाएगी इसके लिए उन्हें जो भी कोशिश करनी पड़े वह करेगी। हालांकि मौके की नजाकत को समझते हुए पाटन थाना प्रभारी गोपेन्द्र सिंह राजपूत ने दो पुलिस कर्मियों को तत्काल कंतोरा गांव भेजा और महिलाओं को आश्वस्त किया है कि गांव में शराब दुकान नहीं खुलेगी।

# डॉ. अरुण सरावगी निर्विरोध निर्वाचित



**जबलपुर,देशबन्धु।** तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज के उमंग सभागार में आगामी तीन वर्ष 2025-2028 हेतु अखिल भारतीय गहोई शिक्षा प्रसार समिति के चुनाव रविवार को चुनाव अधिकारी प्रोफेसर राजेंद्र चपरा, विजय सुहाने एवं सन्तोष सिपौलया की उपस्थिति में संपन्न हुए। अध्यक्ष पद पर डॉ. अरुण सरावगी (रिटायर्ड अधिष्ठाता, जवाहर-लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय) का निर्विरोध निर्वाचन हुआ अन्य पदाधिकारियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजी अरुण खर्द , कनिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार लोहिया, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र रावत निर्विरोध निर्वाचित हुए।

कार्यकारिणी सदस्यों में श्याम चौदहा ,संतोष सुहाने,आलोक सरावगी, शिवकुमार नीखरा (गाडरवारा ), सीता सरावगी, अनुभव मातेले एवं कृष्णकांत बरसैंया भी निर्वाचित हुए ।इस अवसर पर श्रीकांत कस्तवार, एड . उत्तम चन्द्र बिलैया, कमल कान्त गुप्ता बहरे, एड. अशोक गुप्ता, शम्भू दयाल बड़ेरिया, डॉ. श्रीकृष्ण बिलैया, डॉ राधेश्याम सुहाने, राम गोपाल ददरया, केसी गुप्ता, सुरेन्द्र चौदहा, कैलाश लहारिया , आर के गुप्ता इंजी गोपाल गुप्ता आदि ने बधाई प्रेषित की।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर ट्रक खाई में गिरा, ड्राइवर-क्लीनर घायल





**गांधीग्राम, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर जबलपुर-सिहोरा सड़क मार्ग पर कुशनेर के आगे आज सुबह लगभग 8 बजे एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

कोलकाता से जबलपुर खाली कैरेट लेकर जा रहा ट्रक क्रमांक रू॥ 40ष 02215 अनियंत्रित होकर हाइवे के किनारे लगभग 20 फीट गहरी खाई में गिर गया। खाई में गिरने से ट्रक के ड्राइवर शक्ति केवट और क्लीनर आशु केवट दब गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के राहगीरों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। लोगों ने ट्रक का कांच तोड़कर दोनों घायलों को बाहर निकाला।

इसके बाद घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही एंबुलेंस से डॉ धर्मेंद्र पटेल और पायलट सुनील कुशवाहा मौके पर पहुंचे। उन्होंने गहरी खाई में कांटो और झाड़ियों में पड़े घायलों को एक-एक कर दोनों को सावधानीपूर्वक बाहर निकाला और एंबुलेंस में लिटाया। ड्राइवर शक्ति केवट और क्लीनर आशु केवट इस दुर्घटना में बुरी तरह जख्मी हो गए थे और लहूलुहान अवस्था में थे। एंबुलेंस कर्मियों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आगे के इलाज के लिए रवाना कर दिया।

# पेंच नेशनल पार्क में बाघिन पीएन-42 की हुई रहस्यमयी तरीके से मौत, पंजे और दांत गायब

**सिवनी, देशबन्धु।** पेंच नेशनल पार्क के रुखड़ बफर क्षेत्र में शनिवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जिसने वन विभाग को हिला कर रख दिया। रुखड़ बीट के मासूरनाला इलाके में गश्त कर रहे दल को तेज दुर्गंध ने सतर्क किया। जांच करने पर नाले की रेत में आंशिक रूप से दबा हुआ एक बाघिन का शव बरामद हुआ। टाइगर रिजर्व के फोटो डेटाबेस से उसकी पहचान बाघिन पीएन-42 के रूप में हुई, जो 2016 में पहली बार कैमरा ट्रैप में कैद हुई थी। उस समय उसकी उम्र करीब 2-3 वर्ष थी और अब वह लगभग 12 साल की हो चुकी थी।

वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में एनटीसीए प्रोटोकॉल के तहत शव का पोस्टमार्टम किया गया। प्रारंभिक जांच में बाघिन के शरीर पर न तो जहर, करंट और न ही गोली लगने के कोई निशान मिले। इससे उसकी प्राकृतिक मौत का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि, मामला यहीं खत्म नहीं होता। पोस्टमार्टम के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ। बाघिन के चारों पंजे कुल्हाड़ी या किसी धारदार हथियार से काटे गए थे और तीन कैनाइन दांत भी गायब थे। इस हरकत से वन्यजीव अपराध की आशंका गहरा गई है।



### सवालों के घेरे में सुरक्षा व्यवस्था

यह घटना न केवल पेंच नेशनल पार्क की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण के लिए भी गंभीर चेतावनी है। आखिर कौन हैं वे लोग, जिन्होंने मृत बाघिन के साथ ऐसी क्रूरता की? क्या यह किसी तस्करी गिरोह की करतूत है? इन सवालों के जवाब जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएंगे। पेंच टाइगर रिजर्व, जो बाघों के संरक्षण के लिए विश्व प्रसिद्ध है, अब इस सनसनीखेज मामले के चलते सुर्खियों में है। वन्यजीव प्रेमी और स्थानीय लोग दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# बहन की शादी की शॉपिंग करने आया भाई हादसे का शिकार

**उमरिया, देशबन्धु।** बड़ी बहन के शादी की शॉपिंग करने आया युवक सड़क हादसे का शिकार हुआ है,इस घटना में गुलाब दास पिता बलराम बैगा उम्र 23 निवासी छींकाताल पिनोरा गम्भीर बताया जा रहा है,हालांकि दोपहिया में चचेरा भाई शंकर पिता चाकू बैगा उम्र 21 वर्ष आंशिक रूप से चोटिल है ।बताया जाता है कि घायल दोनों युवक उमरिया से बाजार कर वापस घर जा रहे थे,तभी पिपरिया कालरी के पास अचानक मवेशियों का जमघट हाइवे पर आ गया, तभी युवक हादसे का शिकार हुए है। 108 वाहन से तत्काल दोनों घायलों को एम्बुलेंस में लिया और जिला अस्पताल लाकर इलाज शुरू कराया है।

## यमन से मृत सागर को निशाना बनाकर दागी गई मिसाइल को रोका : इजरायल

**यरुशलम, (आईएएनएस)।** इजरायल की सेना ने रविवार को कहा कि उसने यमन से मृत सागर की ओर दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को सुबह-सुबह इजरायली क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही रोक दिया। सिन्हुआ के मुताबिक पुलिस ने कहा कि मृत सागर क्षेत्र और अरावा क्षेत्र में सायरन बजाया गया। देश की मैगन डेविड एडोम रेसक्यू सर्विस ने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अक्टूबर 2023 में गाजा संघर्ष शुरू होने के बाद से, ईरान समर्थित हूती विद्रोही फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इजरायल पर मिसाइलें और ड्रोन दाग रहे हैं। इजरायल के चैनल 12 ने बताया कि अप्रैल की शुरुआत से लेकर अब तक हूती विद्रोहियों की तरफ से इजरायल की ओर दागी गई यह 11वीं मिसाइल थी। इससे पहले यमन के हूती विद्रोहियों ने 23 अप्रैल को इजरायल के शहरों हाइफा और तेल अवीव में महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर मिसाइल और ड्रोन हमले करने का दावा किया था। इस अटैक के कारण कथित तौर पर दिन में पूरे उत्तर-पश्चिमी इजरायल में सायरन बजने लगे।

# पहलगाम हमले पर भारत के ऐक्शन से निकल गई पाक की हेकड़ी

## गिड़गिड़ाने लगे बिलावल भुट्टो




**जम्मू-कश्मीर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। भारत के ऐक्शन से पाकिस्तान की हेकड़ी निकल चुकी है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में भारत पाकिस्तान के खिलाफ और बड़ी कार्रवाई कर सकता है। इस बीच, पाकिस्तान बैकफुट पर आ गया है और बातचीत से तनाव को कम करने के लिए गिड़गिड़ा रहा है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने दोनों देशों से विवादों के समाधान के लिए बातचीत का सहारा लेने का आग्रह किया है।

पाकिस्तान के एक निजी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में बिलावल ने बातचीत के प्रति नई दिल्ली पर अफसोस जताया और कहा कि पाकिस्तानी सरकार ने बातचीत की पेशकश की, लेकिन भारत ने इसे अस्वीकार कर दिया। यानी कि साफ है कि हमला करने वाले पाकिस्तान की इस बातचीत वाली नौटंकी करने का भारत पर कोई असर नहीं पड़ा है और भारत आतंकी हमले पर पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए तैयार है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी।

भारत ने इसके बाद सिंधु जल संधि को रोक दिया था, जिससे पाकिस्तान को पानी की कमी हो सकती है। साथ ही, भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा को भी रद्द करते हुए अटारी बॉर्डर भी बंद कर दिया। इस ऐक्शन से तिलमिलाए पाकिस्तान ने भी शहबाज शरीफ के नेतृत्व में हुई बैठक में भारतीय विमानों के लिए एयरस्पेस को बंद करने के साथ-साथ कई फैसले लिए। हालांकि, उससे भारत पर कोई बड़ा असर पड़ता नहीं दिख रहा है।

इससे पहले, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने धमकी दी थी कि अगर पानी रोका गया तो नदियों में खून बहेगा। यह धमकी पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित करने के भारत के फैसले पर प्रतिक्रिया थी। पूर्व विदेश मंत्री ने शुक्रवार को अपने गृह प्रांत सिंध के सुक्कुर इलाके में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए द न्यूज को दिए गए अपने बयान में कहा, सिंधु हमारी है और हमारी ही रहेगी - या तो हमारा पानी इसमें बहेगा या उनका खून। इस पर भारत की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया आई। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को पीपीपी अध्यक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि दुनिया में ऐसे राजनेताओं की मौजूदगी दुर्भाग्यपूर्ण है। गोयल ने आगे कहा कि पाकिस्तान एक निराश देश है, जिसकी आतंक फैलाने के अलावा कोई प्राथमिकता नहीं है।

## 130 परमाणु बम सिर्फ भारत के लिए, हमले के डर से पाकिस्तानी मंत्री देने लगा गीदड़भभकी



**जम्मू-कश्मीर।** पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा उठाए गए कड़े कदमों के जवाब में पाकिस्तान के मंत्री हनीफ अब्बासी ने बेहद उग्र और भड़काऊ बयान दिया है। उन्होंने गीदड़भभकी देते हुए भारत को परमाणु हमले की धमकी दी है। अब्बासी ने खुलेआम चेतावनी दी कि पाकिस्तान का परमाणु जखीरा और मिसाइलें जैसे कि गौरी, शाहीन और गजनवी भारत के खिलाफ तैयार रखी गई हैं।

हनीफ अब्बासी ने कहा, अगर भारत हमारे पानी की आपूर्ति रोकता है तो उसे पूर्ण युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। हमारे पास जो मिसाइलें और सैन्य उपकरण हैं वे केवल प्रदर्शन के लिए नहीं हैं। कोई नहीं जानता कि हमने अपने परमाणु हथियार देश के किस-किस कोने में छिपाकर रखे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान के 130 परमाणु हथियार पूरी तरह से भारत को निशाना बनाने के लिए तैनात हैं।

भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 1960 के सिंधु जल संधि को निलंबित करने, पाकिस्तानियों के लिए सभी वीजा रद्द करने और व्यापारिक संबंध तोड़ने का ऐलान किया था। इसके जवाब में अब्बासी ने भारत को अपने फैसलों के गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, अगर हमने भारतीय विमानों के लिए अपना वायुक्षेत्र कुछ और दिनों तक बंद रखते हैं तो भारतीय एयरलाइंस दिवालिया हो जाएंगी।

## कनाडा में लापु-लापु फेस्टिवल के दौरान भयानक हादसा, कई लोगों को कुचलते हुए निकल गई कार

कनाडा के वैंकूवर में चल रहे सालाना लापु-लापु स्ट्रीट फेस्टिवल के दौरान भयानक हादसा हुआ है। हजारों की संख्या में सड़क पर मौजूद लोगों के बीच में एक तेज रफ्तार कार घुस गई, कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि लोगों की चीखों से पूरा क्षेत्र थर्रा उठा। इस हादसे में कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। सोशल मीडिया पर इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कनाडा में एक फिलिपिनो स्ट्रीट लापु-लापु के दौरान एक कार चालक तेजी के साथ भीड़ में घुस गया। इससे वहां पर मौजूद कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है, जबकि ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक एक चश्मदीद ने बताया कि उसने भीड़ को टक्कर मारने से पहले फेस्टिवल के क्षेत्र में एक काले रंग की एसयूवी को अनियंत्रित रूप से चलते हुए देखा था।

## आज का इतिहास

1740 – मराठा शासक पेशवा बाजीराव प्रथम का निधन।

1829: यूरोपीय देश नीदरलैंड की संसद ने नये प्रेस कानून को पारित किया।

1910 – इंग्लैंड में क्लोड ग्राहम व्हाइट नाम के पायलट ने पहली बार रात में विमान उड़ाया।

1914 – अमेरिका में वेस्ट वर्जीनिया के एस्सेल्स इलाके में एक कोयला खदान हादसे में 181 लोगों की मौत।

1932 – इंसानों के लिए पीत ज्वर का टीका विकसित करने की घोषणा।

1935 – रूस की राजधानी मॉस्को में भूमिगत मेट्रो ट्रेन की शुरुआत।

1937 – इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन का जन्म। एक शासक के तौर पर उनका जीवन जितना राजसी और भव्य रहा, उनके जीवन का अंतिम समय और उनकी मौत उतनी ही दुखद और त्रासद रही।

## सुडोकू 6896

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 8 | | | 5 | |
| 6 | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | | | 2 | | 6 | |
| | | | | 2 | 3 | | | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | | | 6 | 5 | | | | |
| | 6 | | 8 | | | 2 | | 7 |
| 3 | | | 7 | | | 6 | | 5 |
| | 4 | | | 6 | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## म्यांमार : शक्तिशाली भूकंप की वजह से 200,000 से अधिक लोग विस्थापित

**यांगून, (आईएएनएस)।** म्यांमार में 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद 2,00,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। देश की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति (एनडीएमसी) ने यह जानकारी दी। एनडीएमसी के अध्यक्ष वाइस सीनियर जनरल सो विन ने कहा कि भूकंप ने ने प्यी ताव, सागांग, मांडले, बागो, मैगवे और शान सहित 10 क्षेत्रों और राज्यों में व्यापक विनाश किया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने राज्य मीडिया की रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी दी। जनरल सो विन ने शुक्रवार को प्यी ताव में आयोजित एनडीएमसी की वर्ष की तीसरी बैठक में यह बात कही। जनरल सो विन ने बताया कि शुक्रवार तक 3,763 लोगों की मौत हो गई और 5,107 घायल हुए हैं, जबकि 110 लोग लापता हैं। कुल मिलाकर, 128,965 घरों के 629,206 लोग सीधे तौर पर प्रभावित हुए। सरकारी दैनिक द मिरर ने शनिवार को एनडीएमसी के हवाले से बताया कि 23 अप्रैल तक कुल विस्थापित लोगों में से 48,656 लोग 135 बचाव केंद्रों में शरण लिए हुए हैं, जबकि 1,59,239 अन्य जगह स्थानांतरित हो गए। जनरल सो विन ने बताया कि प्रभावित होने के बावजूद 421,000 से अधिक लोग अपने घरों में ही रह रहे हैं, क्योंकि उनके घर अभी भी रहने योग्य हैं। उन्होंने कहा कि सागाइंग, मांडले और ने पई ताव जैसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में खोज और बचाव अभियान के साथ-साथ नुकसान का आकलन और पुनर्निर्माण कार्य भी जारी है। जनरल सो विन ने कहा कि भूकंप से 63,000 से अधिक घर, 6,700 स्कूल, 5,400 मठ, 5,300 पगोडा और सैकड़ों अन्य धार्मिक इमारतें, अस्पताल, पुल, सड़कें और बांध नष्ट हो गए या क्षतिग्रस्त हो गए। 337 विदेशी कर्मियों सहित अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा दलों ने सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में अस्थायी अस्पताल स्थापित किए हैं तथा स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलकर देखभाल प्रदान कर रहे हैं। 337 विदेशी कर्मियों सहित अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा दलों ने सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में अस्थायी अस्पताल स्थापित किए हैं और स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर देखभाल प्रदान कर रहे हैं। सो विन ने कहा कि एनडीएमसी के माध्यम से स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय दाताओं की ओर से दान की गई धनराशि को बचाव और पुनर्प्राप्ति प्रयासों के लिए व्यवस्थित रूप से वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि म्यांमार सरकार के अंतर्राष्ट्रीय सहायता के अनुरोध के बाद, 26 देशों और क्षेत्रों से 2,095 बचावकर्मी म्यांमार पहुंचे हैं, जो 147 विमानों, सात जहाजों और 23 वाहनों का उपयोग करके 3,800 टन से अधिक राहत सामग्री लेकर आए हैं।

## किम जोंग उन की बढ़ेगी टेंशन, दक्षिण कोरिया में एफ-35 लड़ाकू विमानों की स्थायी तैनाती कर सकती है अमेरिकी सेना



**सोल, (आईएएनएस)।** अमेरिकी सेना दक्षिण कोरिया में एडवांस्ड एफ-35ए रडार-रोधी लड़ाकू विमानों की स्थायी तैनाती पर विचार कर रही है। एक सूत्र ने रविवार को यह जानकारी दी। अगर एफ-35ए की तैनाती होती है तो यह दक्षिण कोरिया में अमेरिकी वायु सेना की मौजूदगी को ताकत देगी, जिसमें ज्यादातर पुरानी पीढ़ी के एफ-16 लड़ाकू विमान शामिल हैं।

एफ-35 को पहले सिर्फ संयुक्त प्रशिक्षण के लिए अस्थायी तौर पर तैनात किया गया था। सूत्र ने कहा, अमेरिकी सेना कुनसन एयर बेस पर स्थायी रूप से एफ-35ए तैनात करने की सोच रही है। पहले एक स्क्वाड्रन तैनात किया जाएगा, फिर एक और स्क्वाड्रन तैनात करने की संभावना है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, एक स्क्वाड्रन वायु सेना की एक इकाई है, जिसमें लगभग 20 विमान होते हैं। पिछले साल जुलाई में, दक्षिण कोरिया में अमेरिकी 7वीं वायुसेना ने कुनसन एयर बेस से ओसान एयर बेस पर नौ एफ-16 विमानों को स्थानांतरित करने की घोषणा की थी।

इसका मकसद ओसान एयर बेस पर 31 लड़ाकू विमानों का सुपर स्क्वाड्रन स्थापित करना था। 7वीं वायुसेना ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह अक्टूबर में कुनसन एयर बेस से शेष बचे अधिकांश एफ-16 विमानों को एक अन्य सुपर स्क्वाड्रन के लिए ओसान एयर बेस पर स्थानांतरित कर देगी।

इसके बाद ओसान एयर बेस 62, एफ-16 विमानों का घर बन जाएगा।

7वीं वायु सेना ने कहा कि कुनसन एयर बेस दक्षिण कोरिया में अमेरिकी वायु सेना के लिए प्राथमिक अभ्यास और रोटेशनल फोर्स बेड-डाउन लोकेशन के रूप में काम करेगा कुनसन एयर बेस पर एफ-35ए की संभावित तैनाती के बारे में पूछे जाने पर 7वीं वायुसेना के एक अधिकारी ने कहा कि अभी कुछ भी निर्णय नहीं लिया गया है। माना जाता है कि एफ 35ए दुश्मन के इलाके में बिना पकड़ में आए गहराई तक उड़ान भरने में सक्षम हैं। दक्षिण कोरिया के पास फिलहाल 39 ए-35ए हैं और वह 20 और खरीदने की योजना बना रहा है। उत्तर कोरिया ने अक्सर दक्षिण कोरिया में अमेरिका की प्रमुख सैन्य संपत्तियों की तैनाती पर नाराजगी व्यक्त की है।

## इजरायल में नेतन्याहू के खिलाफ चरम पर गुस्सा, 'कटे सिर' सड़क पर रख प्रदर्शन




**तेल अवीव।** इजरायल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गुस्सा अब चरम सीमा पर पहुंच गया है। शनिवार रात तेल अवीव में उग्र प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें लोगों ने नेतन्याहू के चेहरे वाले मास्क के साथ खून से सने कटे सिर सड़क पर लेटा रखे थे। इस तरह के प्रदर्शन ने पूरे देश को झकझोर कर दिया। नेतन्याहू ने भी इस तरह के प्रदर्शन को बेहूदा और राजनीतिक हत्या करार दिया है। टाइम्स ऑफ इजरायल में छपि रिपोर्ट के अनुसार, तेल अवीव में प्रदर्शन के दौरान एक व्यक्ति अपने शरीर पर नकली खून से सने पट्टियों के साथ सड़क पर पड़ा दिखा, उसके चारों ओर नेतन्याहू के मुखौटे रखे गए थे, जिन पर गुनहगार और खतरा जैसे शब्द लिखे थे। इस दृश्य ने राजनीतिक माहौल को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया।

**नेतन्याहू का तीखा पलटवार**- प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने प्रदर्शन को हत्या के लिए सीधी उकसावट करार देते हुए कहा, यह प्रदर्शन बंधकों की मदद नहीं कर रहा, बल्कि उन्हें बलि का बकरा बनाकर सरकार गिराने की साजिश है। उन्होंने आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट से सवाल किया कि अब तक इस तरह की हिंसक प्रतीकों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

**लिकुड पार्टी का बयान**5 नेतन्याहू की पार्टी लिकुड ने भी प्रदर्शन को पागलपन बताते हुए कहा, यह प्रधानमंत्री की हत्या के लिए खुला उकसावा है। अटॉर्नी जनरल और शिन बेट प्रमुख रोनेन बार इसे रोकने के लिए क्या कर रहे हैं?

**नेतन्याहू-शिन बेट में टकराव**- नेतन्याहू ने हाल ही में कतारगेट घोटाले की जांच के दौरान शिन बेट प्रमुख रोनेन

## वर्ग पहेली 6896



**बायें से दायें:-**

१ सम्मोहित
३. गणेश,
५. गर्व, घमंड
६. प्राप्त, लब्ध (उर्दू)
७. श्रीकृष्ण के बड़े भाई
८. अंधाधुंध, लगातार
१३. आवरणहीन, उजागर (उर्दू)
१५. प्रारब्ध, भाग्य
१६. मददगार
१७. निखार, दीप्ति
१८. खिताब, पदवी (उर्दू)
२०. दूसरों के साथ किया जाने वाला व्यवहार
२२. संतुलित, नापतौल किया गया
२३. नई नवेली दुल्हन

**ऊपर से नीचे:-**

१. धीमी हँसी
२. गलतफहमी, भ्रम, भ्रांति (उर्दू)
३. अव्यवस्था, घपला
४. पत्थरबाजी
५ अल्पवयस्क, मासूम निर्दोष
९. हठात
१०. तहकीकात
११. सौर मंडल का एक ग्रह
१२. नुमाइंदा
१४. नाकाबिलियत
१७. प्रकाशित, आलोकित (उर्दू)
१९. पृथ्वी संबंधी
२०. विपत्ति, प्रेतबाधा (उर्दू)
२१. कानन, विपिन

### वर्ग पहेली-6895

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बे | आ | २ ब | रू | ■ | ■ | ३ ज | न | ४ सं | ख्या |
| ल | ■ | र | ■ | ५ नि | श्च | ल | ■ | स्था | ■ |
| ६ गा | लि | ब | ■ | शि | ■ | ७ पा | र | प | त्र |
| म | ■ | ८ स | ९ म | का | ली | न | ■ | क | ■ |
| ■ | १० का | ■ | नो | ■ | ■ | ■ | ११ भ | ■ | १२ ए |
| १३ अ | त्या | चा | र | ■ | १४ प | ■ | १५ व्य | थि | त |
| ■ | य | ■ | १६ थ | का | व | ट | ■ | ■ | बा |
| १७ मु | नी | म | ■ | ■ | ना | ■ | १८ व्या | १९ पा | र |
| हि | ■ | ■ | २० अ | वि | र | २१ ल | ■ | व | ■ |
| २२ म | क | त | ब | ■ | ■ | २३ त | र | क | श |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**कार्रवाई** *पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की बड़ी धड़कनें*

# जम्मू में शादी कर आईं 34 पाक महिलाएं दीर्घकालिक वीजा पर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)। कश्मीर ही नहीं बल्कि जम्मू संभाग में भी पाकिस्तानी महिलाओं की शादी जम्मू के व्यक्तियों से हुई है। इनकी कुल संख्या 34 है। एक रोचक तथ्य इन शादियों का यह भी है कि इनमें से चार महिलाओं ने जिन बच्चों को जन्म दिया उन्हें पाकिस्तानी नागरिकता मिली है।**

जबकि कुछ सप्ताह पूर्व भारतीय केरिपुब जवान से शादी करने वाली पाकिस्तानी महिला मीनल का वीजा पिछले महीने की 14 तारीख को समाप्त हो चुका है। याद रहे केंद्र सरकार ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को दिए गए व्यापार, सम्मेलन, पर्यटन और तीर्थयात्री सहित 14 श्रेणियों के वीजा रद्द कर दिए हैं। जम्मू में अधिकारियों ने बताया है कि चार बच्चों के साथ 34 पाकिस्तानी महिलाएं और केरिपुब कांस्टेबल से विवाहित एक अन्य महिला फिलहाल जम्मू क्षेत्र में रह रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, विवाहित 34 पाकिस्तानी महिलाएं यहां बस गई हैं और वे दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) की श्रेणी में आती हैं, जिसे रद्द नहीं किया गया है।



■ केंद्र सरकार ने 14 श्रेणियों के वीजा किए हैं रद्द

रोचक तथ्य यह है कि कुछ महिलाओं ने चार बच्चों को जन्म दिया है और उन्होंने भी पाकिस्तानी नागरिकता का विकल्प चुना है। एक अन्य पाकिस्तानी महिला मीनल खान ने यहां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान से शादी की है, जिसका वीजा इस साल 14 मार्च को समाप्त हो गया था। अधिकारियों ने कहा कि महिला ने वीजा में विस्तार के लिए आवेदन किया है और उसका आवेदन केंद्रीय गृह मंत्रालय के समक्ष लंबित है। दरअसल शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने भी सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ एक वीडियो कांफ्रेंस की थी और उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि जिन पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द किए गए हैं, वे तय समय सीमा तक भारत छोड़ दें। सभी राज्य सरकारों को भेजे गए संदेश में गृह मंत्रालय ने कहा कि यह आदेश पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए दीर्घकालिक वीजा और राजनयिक और आधिकारिक वीजा पर लागू नहीं होगा। गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार, सार्क वीजा रखने वालों को 26 अप्रैल तक भारत छोड़ देना चाहिए और जिनके पास आगमन पर वीजा, व्यवसाय, फिल्म, पत्रकार, पारगमन, सम्मेलन, पर्वतारोहण, छात्र, आगंतुक, समूह पर्यटक और तीर्थयात्री वीजा हैं, उन्हें 27 अप्रैल तक भारत छोड़ देना चाहिए। पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों को दिए जाने वाले समूह तीर्थयात्री वीजा वाले लोगों को भी 27 अप्रैल तक देश छोड़ देना चाहिए।

# खेल जगत

## पंत अच्छी कप्तानी कर रहे हैं : मोहम्मद कैफ

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने मौजूदा आईपीएल 2025 सीजन में अपने संसाधनों का बेहतरीन उपयोग करने के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की प्रशंसा की है। नौ मैचों में पांच जीत के साथ, लखनऊ स्थित फ्रेंचाइजी अंक तालिका में छठे स्थान पर है और रविवार को दोपहर के मैच में वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। पंत को उनके नेतृत्व कौशल का श्रेय देते हुए, कैफ ने बताया कि कैसे उनके शस्त्रागार में एक स्टार गेंदबाज के बिना एलएसजी ने आवेश खान और दिग्वेश राठी जैसे खिलाड़ियों के साथ मुश्किल परिस्थितियों में मैच जीते हैं। कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि ऋषभ पंत आईपीएल 2025 में अच्छी कप्तानी कर रहे हैं।



# बूम-बूम बुमराह के दम पर मुंबई की लगातार पांचवीं जीत

■ मुंबई ने यह जीत हासिल कर प्लेऑफ की दावेदारी को और मजबूत कर लिया है



**मुंबई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (22 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को रविवार को आईपीएल मुकाबले में 54 रन से हराकर लगातार अपनी पांचवीं जीत दर्ज की। मुंबई ने रायन रिकलटन (58) और सूर्यकुमार यादव (54) के शानदार अर्धशतकों तथा निचले क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से 20 ओवर में सात विकेट पर 215 रन का मजबूत स्कोर बनाया और लखनऊ की पारी को 20 ओवर में 161 रन पर समेट दिया। मुंबई ने यह जीत हासिल कर प्लेऑफ की दावेदारी को और मजबूत कर लिया है। बुमराह ने ओपनर एडन मारक्रम (9) को आउट करने के बाद 16वें ओवर में डेविड मिलर, अब्दुल समद और आवेश खान को पवेलियन की राह दिखाई। ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल मार्श और आयुष बदौनी के विकेट निकाले और दिग्वेश राठी को पारी की आखिरी गेंद पर बोल्ड कर तीन विकेट पूरे किये जबकि विल जैक्स ने निकोलस पूरन और एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत के विकेट झटके। पंत की खराब फॉर्म इस मैच में भी जारी रही और वह चार रन ही बना सके। मुंबई की 10 मैचों में यह छठी जीत है और वह 12 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। लखनऊ को 10 मैचों में पांचवीं हार का सामना करना पड़ा और उसके खाते में 10 अंक हैं। लखनऊ छठे स्थान पर है। लखनऊ की तरफ से बदौनी ने सर्वाधिक 35, मार्श ने 34, पूरन ने 27 और मिलर ने 24 रन बनाये। इससे पहले टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 33 रन की ओपनिंग साझेदारी के बाद मुंबई ने रोहित शर्मा का विकेट गंवाया। रोहित दो छक्कों की मदद से 12 रन बनाने के बाद मयंक यादव का शिकार बन गए।

रिकलटन ने विल जैक्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। रिकलटन 32 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से 58 रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने 21 गेंदों पर 29 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया। सूर्यकुमार ने एक छोर संभालकर खेलते हुए 28 गेंदों पर 54 रन में चार चौके और चार छक्के मारे। सूर्य ने छक्का मारकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया लेकिन फिर वह मयंक की गेंद पर आउट हो गए। नमन धीर ने नाबाद 25 और कॉर्बिन बॉश ने 20 रन बनाकर मुंबई को 215 रन तक पहुंचाया। नमन धीर ने आखिरी गेंद पर छक्का मारा। नमन ने 11 गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाए। बॉश ने 10 गेंदों पर 20 रन में दो चौके और एक छक्का लगाया।

रोहित शर्मा और रायन रिकलटन ने आक्रामक शुरुआत दिलाई थी लेकिन लंबे सयम बाद वापसी कर रहे मयंक यादव ने रोहित को पवेलियन चलता कर दिया। हालांकि अर्द्धशतक बनाकर रिकलटन के भी पवेलियन लौटने के बाद सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतकीय पारी खेली। अंत में नमन धीर और डेब्यू कर रहे कॉर्बिन बॉश की उपयोगी पारियों की बदौलत मुंबई ने एक ऐसा स्कोर खड़ा कर दिया है जिसे हासिल करना मुंबई की मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने लखनऊ के लिए मुश्किल साबित हो गया। एलएसजी की तरफ से मयंक ने चार ओवर में 40 रन पर दो विकेट लिए। आवेश खान ने चार ओवर में 42 रन पर दो विकेट झटके।

## राजस्थान रॉयल्स को प्लेऑफ में बने रहने के लिए करना होगा संघर्ष

**जयपुर,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑरेंज कैप धारक साई सुदर्शन की शानदार फार्म से उत्साहित गुजरात टाइटन्स (जीटी) सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल के मैच 47 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) पर अपना दबदबा कायम रखने मैदान में उतरेगी। वहीं प्लेऑफ से दूर होती जा रही राजस्थान रॉयल्स को इस मैच में जीत हासिल कर लगातार पांच हार की निराशा से निकलने के लिए संघर्ष दिखाना होगा। टूर्नामेंट के प्लेऑफ में पहुंचने के लिए संघर्ष कर रही है आरआर के लिए इस मुकाबले को जीतने का अधिक दबाव होगा। आरआर को टूर्नामेंट में अब तक खेले गये नौ मैचों में से सात में हार का सामना करना पड़ा है। वह दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। वहीं गुजरात इस सत्र में राजस्थान के खिलाफ अपने सात मुकाबलों में से छह में जीत हासिल की है इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। उसके स्टार बल्लेबाज साई सुदर्शन नौ मैचों में 417 रन बनाकर चार्ट में सबसे आगे हैं। कप्तान शुभमन गिल ने टूर्नामेंट में अब तक 153.26 की स्ट्राइक रेट से 305 रन बना चुके है। गुजरात के गेंदबाज भी सामूहिक रूप से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। गेंदबाजी विभाग में, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और दोनों ने मिलकर 28 विकेट लिए हैं।

## बुमराह, शमी और सिराज की तेज गेंदबाजी इंग्लैंड के लिए मुसीबतें खड़ी करेगी : रवि शास्त्री

**दुबई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि जून में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में फिट हो चुके जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी तिकड़ी इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए घातक साबित होगी।

भारत को बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण की अनुपलब्धता के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा, क्योंकि मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह दोनों ही चोटिल हो गए थे। इस बीच, बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दौरान संघर्ष करने वाले मोहम्मद सिराज को आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम से बाहर कर दिया गया।

हालांकि, सिराज ने मौजूदा आईपीएल में शानदार वापसी की है, उन्होंने अब तक आठ मैचों में 12 विकेट लिए हैं, जिससे पता चलता है कि वह अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं, जबकि बुमराह और शमी दोनों अपनी चोटों से पूरी तरह उबर चुके हैं। यह सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के नए चक्र की शुरुआत करेगी, जिसमें



■ मोहम्मद सिराज ने मौजूदा आईपीएल में आठ मैचों में 12 विकेट लिए

■ बुमराह और शमी दोनों अपनी चोटों से पूरी तरह उबर चुके हैं

भारत चैंपियंस ट्रॉफी जीतने से अपनी सफेद गेंद की सफलता के बाद इसमें प्रवेश करेगा। हालांकि, उनकी टेस्ट टीम ऑस्ट्रेलिया में अपने पिछले असाइनमेंट में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वापसी करने के लिए दृढ़ संकल्पित होगी - बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 से सीरीज हार जिसने लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उनकी उम्मीदों को धराशायी कर दिया। भारत पिछले दो मौकों पर उपविजेता रहा। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि मुझे लगता है कि सिराज, जसप्रीत और मोहम्मद शमी, ये तीनों अगर पूरी तरह से फिट हैं, तो वे इंग्लैंड को ढेरों परेशानियां देंगे। जब आप इन तीनों को फिट कर लेते हैं, तो यह एक बेहतरीन, शीर्ष श्रेणी का तेज गेंदबाजी आक्रमण होता है। और सिराज के बारे में मुझे जो पसंद है, वह यह है कि मुझे खुशी है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में नहीं चुने जाने के बाद उन्हें चोट लग गई। यही आप चाहते हैं। उनके लिए ड्राइंग बोर्ड पर वापस जाना और जिस तरह से उन्होंने वापसी की है, उसमें एक स्प्रिंग है, उनकी गति बहुत अच्छी है, और वे हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड दौरे के आने के बाद भारत के दृष्टिकोण से यह बिल्कुल सही है। मौजूदा आईपीएल 2025 में बुमराह ने अपनी लय हासिल कर ली है और मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई कर रहे हैं। पीठ की चोट के कारण वह चैंपियंस ट्रॉफी से चूक गए थे, जिसकी वजह से वह सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। हालांकि, शास्त्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को इंग्लैंड दौरे के दौरान बुमराह के कार्यभार को मैनेज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं बुमराह के साथ बहुत सावधान रहूंगा।

## सूर्यकुमार बनें नंबर-1, आईपीएल में सबसे तेज 4000 रन बनाने वाले खिलाड़ी




■ सूर्यकुमार यादव ने 2714 गेंदों पर 4000 रन बनाए और इस सूची में वे दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी हैं

**मुंबई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के सुपरस्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गेंदों के हिसाब से 4000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने यहां वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच 45 में यह उपलब्धि हासिल की। मुंबई इंडियंस के 88/2 के स्कोर पर बल्लेबाजी करने आए सूर्यकुमार ने स्पिनर रवि बिश्नोई की गेंद पर छक्का लगाया और फिर लगातार दो चौके लगाए। इसके अलावा उन्होंने आवेश खान को भी बाउंड्री के पार भेजा। इस तरह उन्होंने आईपीएल में अपने 4000 रन पूरे किए। उन्होंने 2714 गेंदों पर 4000 रन बनाए और इस सूची में वे दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी हैं। क्रिस गेल और एबी डिविलियर्स ने संयुक्त रूप से यह उपलब्धि हासिल की। दोनों ने ही 2658 गेंदों पर यह उपलब्धि हासिल की। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने 2809 गेंदों पर अपने 4000 रन पूरे किए, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज सुरेश रैना ने 2886 गेंदों पर यह मुकाम हासिल किया। वे सूची में शीर्ष पांच में शामिल हैं। उन्होंने दोपहर में अपना पहला चौका मयंक यादव की तेज गति के खिलाफ और दिन का पहला छक्का 11वें ओवर में बिश्नोई के खिलाफ डीप मिडविकेट पर लगाया था। 15वें ओवर में प्रिंस यादव की गेंद पर लगाया गया उनका शानदार छक्का दिन का उनका सर्वश्रेष्ठ शॉट था, क्योंकि वह

## अनुभव के साथ और बेहतर बन जाएंगे प्रियांश आर्य : अजय जडेजा





■ प्रियांश आर्य का यह पहला आईपीएल सत्र है और वह लगातार टीम के लिए अच्छे रन बना रहे हैं

**कोलकाता,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने पंजाब किंग्स के युवा सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की जमकर तारीफ की। आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश से प्रभावित मुकाबले में प्रियांश ने शानदारत प्रदर्शन किया। ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मैच में आर्य ने 35 गेंदों में तेज 69 रन बनाए और पंजाब किंग्स को अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने बेहतरीन टाइमिंग और आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी की और पावरप्ले में लगभग 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। 24 वर्षीय प्रियांश आर्य का यह पहला आईपीएल सत्र है और वह लगातार टीम के लिए अच्छे रन बना रहे हैं। उन्होंने अब तक नौ पारियों में 323 रन बना लिए हैं और इस सीजन 300 रन पार करने वाले दसवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस पारी के बाद वह रन बनाने के मामले में दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल से आगे नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। राहुल के भी इतने ही रन हैं लेकिन उनका स्ट्राइक रेट कम है, इसलिए वह दसवें स्थान पर हैं। अजय जडेजा ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि प्रियांश ने बिल्कुल उसी तरह बल्लेबाजी की जैसे वह आमतौर पर करते हैं। वह शुरुआत में हर गेंद को जोर से मारने नहीं निकले, बल्कि समझदारी से खेले। जब स्पिन गेंदबाज आए या विपक्षी टीम ने दबाव बनाया तो उन्होंने अपनी बल्लेबाजी में संयम दिखाया। समय आने पर उन्होंने फिर से आक्रामकता दिखाई। यह लचीलापन उन्हें और बेहतर खिलाड़ी बनाएगा। आज का दिन उनके लिए संतोषजनक रहा होगा। पंजाब किंग्स ने सूखी पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 201 रन बनाए। आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने मिलकर 120 रनों की शानदार साझेदारी की। आर्या के आउट होने के बाद प्रभसिमरन ने मोर्चा संभाला और 49 गेंदों में 83 रन की शानदार पारी खेली।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया 'ए' से 2-3 से हारी

**पर्थ,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय महिला टीम को रविवार को ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ मैच में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। पर्थ हॉकी स्टेडियम में आज ऑस्ट्रेलिया दौरे के दूसरे मुकाबले में भारतीय महिला टीम के लिए ज्योति सिंह ने (13वें) मिनट में गोल दागकर बढ़त



दिलाई। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए की एवी स्टैंसबी ने (17वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मैच खत्म होने में 15 मिनट बचे थे और स्कोर 1-1 से बराबरी पर था। डेल डोल्केंस ने (48वें) मिनट में गोलकर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। इसके बाद जेमी-ली सुरहा ने (52वें) मिनट में गोलकर स्कोर 3-1 कर दिया। भारतीय टीम के लिए दूसरा गोल सुनीता टोप्पो ने (59वें) मिनट में किया। भारतीय महिला टीम अपने तीसरे मुकाबले में गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम से भिड़ेगी।

## सार संक्षेप

### ब्राजील की विश्वकप विजेता टीम के सदस्य जैर दा कोस्टा का निधन

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी और 1962 फीफा विश्वकप विजेता टीम के सदस्य जैर दा कोस्टा का साओ पाउलो के ओसास्को में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि सीबीएफ, ब्राजील की राष्ट्रीय टीम, पोर्टुगुसा के पूर्व राइट विंगर और इंटर मिलान और रोमा जैसे क्लबों के आदर्श जैर द कोस्टा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है। उनका निधन शनिवार को 84 वर्ष की आयु में साओ पाउलो के ओसास्को में हुआ। सीबीएफ ने कहा कि ब्राजीलियाई फुटबॉल के चार राष्ट्रीय डिवीजनों में रविवार को सभी खेलों के शुरु होने से पहले एक मिनट का मौन रखा जाएगा। साओ पाउलो स्थित क्लब पोर्टुगुसा के साथ पेशेवर करियर की शुरुआत करने वाले फॉरवर्ड जैर दा कोस्टा ने इंटर मिलान में बेहरीन प्रदर्शन करते हुए अपने को साबित किया, जहां उन्होंने दो कार्यकालों में चार इतालवी सीरी ए खिताब, दो यूरोपीय कप और दो इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीते।

### लैक्रोज प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम की जर्सी का अनावरण

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपर की संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने उत्तर प्रदेश के आगरा में आगामी 29 अप्रैल से एक मई तक आयोजित होने वाली तीसरी राष्ट्रीय महिला एवं पुरुष सीनियर, जूनियर तथा सब जूनियर राष्ट्रीय लैक्रोज प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम की किट टी शर्ट का आज अनावरण किया। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता लैक्रोज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया तथा उत्तर प्रदेश लैक्रोज संघ की संयुक्त मेजबानी में आयोजित की जायेगी। संभागीय आयुक्त ने प्रशिक्षक नीरज बत्रा सहित पुरुष सीनियर टीम के कप्तान मोहनलाल गमेती, जूनियर टीम के प्रणय त्रिपाठी, सब जूनियर के निशांत नागदा, महिला वर्ग में सीनियर टीम की सुनीता मीणा, जूनियर टीम की डाली गमेती तथा सब जूनियर की रोशनी बोस सहित समस्त खिलाड़ियों को जर्सी वितरित करते हुए प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला कलक्टर नमित मेहता एवं जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल भी उपस्थित थे।

## भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को नौ विकेट से हराया

**कोलंबो,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। स्नेह राणा (तीन विकेट), दीप्ति शर्मा और श्री चरणी (दो-दो विकेट) की शानदार गेदबाजी के बाद प्रतिका रावल (नाबाद 50), हरलीन देओल (नाबाद 48) और स्मृति मंधाना (43) रनों की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को वर्षा बाधित त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को 56 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 54 जोड़े। 10वें ओवर में इनोका रनावीरा ने अर्धशतक की ओर बढ़ रही स्मृति मंधाना को आउटकर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। स्मृति मंधाना ने 46 गेंदों में छह चौके लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हरलीन देओल ने प्रतिका रावल के साथ धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए अपनी भारतीय टीम को 29.4 ओवर में एक विकेट पर 149 रन बनाकर नौ विकेट से जीत दिला दी। प्रतिका रावल ने 62 गेदों में सात चौके लगाते हुए (नाबाद 50) रन बनाए।

## अपनी पुरानी टीम के खिलाफ हल्ला बोल सकते हैं बटलर

**जयपुर,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के 47वें मुकाबले में मेजबान राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सामना पड़ोसी गुजरात टाइटंस (जीटी) से जयपुर में होगा। इस सत्र में जीटी की टीम आठ मैचों में छह जीत और बेहतर नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर है, वहीं पिछले साल क्वालिफायर तक पहुंची आरआर की टीम नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका के दूसरे हिस्से में संघर्ष कर रही है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए सात मुकाबलों में भी जीटी का पलड़ा भारी है और आरआर ने इसमें से सिर्फ एक मैच जीता है। जयपुर में हुए दोनों टीमों के बीच दो मुकाबलों में तो जीटी ने ही दोनों मैचों में बाजी मारी है। आइए डालते हैं इस मैच से जुड़े कुछ प्रमुख आंकड़ों और मैच-अप्स पर नजर। जॉस बटलर पिछले सीजन तक आरआर के साथ थे, लेकिन ओपनिंग में संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल को देखते हुए आरआर ने उन्हें आश्चर्यजनक रूप से रिलीज कर दिया था। जीटी में भी



गिल और साई सुदर्शन के शानदार फॉर्म को देखते हुए बटलर नंबर तीन पर आ रहे हैं, लेकिन तीन अर्धशतकों के साथ 356 रन बनाकर उन्होंने यह बताया है कि उनको छोड़ना आरआर की गलती थी। आरआर के गेंदबाजों के खिलाफ बटलर तेजी से रन बनाते हैं और कोई भी गेंदबाज उनको परेशान नहीं कर पाया है। संदीप शर्मा के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 207, जोफ्रा आर्चर के खिलाफ 188 और महीश तीक्षणा के खिलाफ 153 है। इसमें से सिर्फ आर्चर ही उन्हें सात में से दो पारियों में आउट कर पाए हैं। चूंकि इस सीजन से पहले जयपुर बटलर का होमग्राउंड था, इसलिए उनका रिकॉर्ड भी इस मैदान पर शानदार रहा है। वह जयपुर में 45 की औसत और 140 के

■ जीटी में भी गिल और साई सुदर्शन के शानदार फॉर्म को देखते हुए बटलर नंबर तीन पर आ रहे हैं

■ जयपुर में हुए दोनों टीमों के बीच दो मुकाबलों में तो जीटी ने ही दोनों मैचों में बाजी मारी

स्ट्राइक रेट से 769 रन बना चुके हैं, जिसमें पांच अर्द्धशतक और एक शतक शामिल है। इस सीजन शुभमन गिल ने अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों से प्रभावित किया है। उनकी टीम ने आठ में से छह मुकाबले जीते हैं और बेहतर नेट रन रेट के साथ फिलहाल वे शीर्ष पर हैं। वहीं दूसरी तरफ उन्होंने बल्ले से भी तीन अर्द्धशतक लगाते हुए 44 की औसत और 153 के स्ट्राइक रेट से 300 से ऊपर रन बनाए हैं। पिछले मैच में भी उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 90 रनों की एक बेहतरीन पारी खेली थी, लेकिन इस सीजन के अपने पहले शतक से चूक गए थे।

### महिला मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन

## 14 भारतीय एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में

**अम्मान,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। सेमीफाइनल में भाग ले रही 12 महिला अंडर-15 मुक्केबाजों में से नौ ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिससे प्रतियोगिता के आठवें दिन एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 14 भारतीयों के लिए फाइनल में जगह पक्की हो गई। दिन का खेल शुरू होने से पहले भारत के लिए 43 पदक पक्के थे, लेकिन भारतीय मुक्केबाजों के फाइनल में जगह पक्की करने के बाद कांस्य पदक रजत और स्वर्ण पदक में बदल गए। महिला अंडर-15 सेमीफाइनल में कोमल (30-33 किग्रा), नव्या (58 किग्रा) और सुनैना (61 किग्रा) ने शानदार आरएससी (रेफरी द्वारा रोकी गई प्रतियोगिता) जीत हासिल की। खुशी अहलावत (35 किग्रा), तमन्ना (37 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा) और त्रुशाना मोहिते (67 किग्रा) ने स्पष्ट अंकों के अंतर से जीत दर्ज की। मिल्की मीनम (43 किग्रा) ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराकर कड़ी टक्कर दी, जिससे भारत की युवा महिला मुक्केबाजों के लिए यह बेहद सफल दिन रहा। सवि और वंशिका को फाइनल के लिए बाई मिली थी। पुरुषों की अंडर-15 प्रतियोगिता में, संस्कार विनोद (35 किग्रा) किर्गिस्तान के आर्सेन जोरोबेव पर आरएससी जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने।

## डेथ ओवरों की चुनौती पर मैंने हमेशा काम किया है : बोल्ट



■ बोल्ट आईपीएल इतिहास में पहले ओवर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 96 मैचों में 30 विकेट लिए हैं

नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के स्टार सीमर ट्रेंट बोल्ट ने आईपीएल 2025 में डेथ ओवरों की गेंदबाजी की बढ़ती मांग पर अपनी राय दी और कहा कि यह एक ऐसी चुनौती है जिस पर उन्होंने हमेशा काम किया है। बोल्ट आईपीएल इतिहास में पहले ओवर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 96 मैचों में 30 विकेट लिए हैं। साथ ही, वह आईपीएल पावरप्ले में भुवनेश्वर कुमार के 77 विकेटों से सिर्फ 11 विकेट पीछे हैं। 35 वर्षीय इस तेज गेंदबाज ने कभी भी एक आईपीएल सीजन में डेथ ओवरों में नौ से ज्यादा विकेट नहीं लिए हैं, लेकिन आईपीएल 2025 में उनके नाम पहले से ही छह विकेट हैं। बोल्ट ने जियोहॉटस्टार की श्रृंखला 'जेन गोल्ड' पर कहा कि यह एक चुनौती है और एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर मैंने हमेशा काम किया है। मेरा मंत्र बेहतर होते रहना और अपने कौशल या प्रदर्शन में कभी भी स्थिरता नहीं लाना है। मैं लगातार नए विकल्पों और योजनाओं के साथ आने के लिए खुद को प्रेरित कर रहा हूं। इन दिनों, बहुत सारे बल्लेबाज हैं - जिनमें से कुछ के बारे में हमने कभी सुना भी नहीं है या जिनके खिलाफ खेला भी नहीं है - इसलिए आपको अपने खेल पर ध्यान देना होगा। स्पष्टता महत्वपूर्ण है, और दबाव में प्रदर्शन करना अंतर पैदा करता है। यह सब अच्छी तरह से प्रशिक्षण लेने और उन क्षणों के लिए तैयार रहने के बारे में है। कीवी पेसर ने चैंपियनशिप जीतने वाली 2020 मुंबई इंडियंस टीम के साथ अपने सफ़र को याद किया, जहां उन्होंने फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन सहित 25 विकेट लिए थे, और कहा कि मुझे जो सबसे ज्यादा याद है।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | + 0.104 |
| 2- | मुंबई इंडियंस | 10 | 6 | 4 | 12 | + 0. 889 |
| 3- | दिल्ली कैपिटल | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.657 |
| 4- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 10 | + 0.482 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 9 | 5 | 3 | 11 | + 0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | - 0.035 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 9 | 3 | 5 | 7 | + 0.212 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -1.103 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.635 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 2 | 9 | 4 | -1.302 |

# कृषि जगत



# टमाटर की खेती कब और कैसे करें

टमाटर की खेती एक महत्वपूर्ण फसल है जो पूरे देश में लोकप्रिय है। अगर आप भी टमाटर की खेती करना चाहते हैं, तो आज हम आपको बताएंगे कि टमाटर की खेती कब और कैसे करनी चाहिए।

**टमाटर की खेती के लिए सही समय**- टमाटर की खेती के लिए सही समय का चयन करना बहुत जरूरी है। टमाटर की खेती आमतौर पर तीन मौसमों में की जाती है-

खरीफ (जून-जुलाई)- इस समय में बारिश का मौसम होता है, जिससे मिट्टी में नमी बनी रहती है। यह समय टमाटर की खेती के लिए उपयुक्त होता है।

रबी (अक्टूबर-नवंबर)- रबी के मौसम में तापमान कम होता है, जो टमाटर की खेती के लिए अनुकूल होता है। इस समय में फसल की वृद्धि अच्छी होती है।

ज़ायद (फरवरी-मार्च)- इस समय तापमान सामान्य होता है और फसल की अच्छी बढ़ोतरी होती है।

**टमाटर की खेती के लिए सही मिट्टी और जलवायु चुनना**- टमाटर की खेती के लिए हल्की दोमट या बलुई मिट्टी सबसे उपयुक्त होती है। मिट्टी का श्व॥ मान 6.0 से 7.0 के बीच होना चाहिए।

टमाटर की अच्छी पैदावार के लिए तापमान 20-25ष्ट के बीच होना चाहिए। बहुत अधिक गर्मी या ठंड टमाटर की खेती के लिए नुकसानदायक हो सकती है।

**टमाटर की खेती के लिए उपयुक्त किस्में**- भारत में कई प्रकार की टमाटर की किस्में होती हैं जो अलग-अलग मौसम और क्षेत्रों में उगाई जाती हैं। कुछ प्रमुख किस्में हैं-

पूसा रूबी

पूसा अर्ली ड्वार्फ

पूसा 120

इनमें से किसी भी किस्म का चयन करने से पहले स्थानीय कृषि विशेषज्ञ से सलाह लेना चाहिए।

**बीज की तैयारी और बुवाई का सही तरीका अपनाना बहुत महत्वपूर्ण है**- बुवाई से पहले बीजों को फफूंदनाशक से उपचारित कर लेना चाहिए ताकि रोगों से बचाव हो सके।

बीज उपचार के बाद नर्सरी बेड में अच्छी मिट्टी और गोबर की खाद मिलाकर बीज बोएं। बीज बोने के 4-6 हफ्ते बाद पौधे तैयार हो जाते हैं।

पौधों को मुख्य खेत में रोपने से पहले मिट्टी को अच्छी तरह जोतकर तैयार कर लेना चाहिए। पौधों के बीच 60-75 सेंटीमीटर की दूरी रखनी चाहिए।

**टमाटर की खेती के लिए खाद और सिंचाई प्रबंधन**

**टमाटर की खेती के लिए उचित मात्रा में खाद और सिंचाई की आवश्यकता होती है-**



**खाद**- खेत तैयार करते समय प्रति एकड़ 10-12 टन गोबर की खाद मिलानी चाहिए। इसके अलावा एल.सी.बी फ़र्टिलाइज़र्स द्वारा निर्मित नव्यकोष आर्गेनिक खाद का उपयोग भी किया जा सकता है।रासायनिक खादों के उपयोग से बचें।

**सिंचाई**- टमाटर के पौधों को नियमित रूप से सिंचाई की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम में हर 4-5 दिन और सर्दी में 10-15 दिन के अंतराल पर सिंचाई करें।

**टमाटर के पौधे की देखभाल का सही तरीका**- टमाटर की फसल को कीटों और बीमारियों से बचाने के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाए जा सकते हैं।

**कीट नियंत्रण**- सफेद मक्खी, चेपा, और फल छेदक कीट टमाटर के प्रमुख दुश्मन हैं। इनसे बचाव के लिए जैविक कीटनाशकों का प्रयोग करें।

रोग नियंत्रण- टमाटर में पत्तियों का पीला पड़ना, तना गलन, और फल सड़न जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इनसे बचने के लिए रोग प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें और समय-समय पर फफूंदनाशकों का छिड़काव करें।

**टमाटर की तुड़ाई और भंडारण का सही तरीका**- टमाटर की तुड़ाई तब करें जब फल पूर्णत: पके हुए हों। तुड़ाई के बाद टमाटरों को ठंडी और हवादार जगह पर रखें। यदि आप टमाटर को लंबे समय तक सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो इन्हें 10-12°C तापमान पर स्टोर करें। ऊपर दी गई जानकारी का पालन करके आप भी टमाटर की सफल खेती कर सकते हैं।

# सोयाबीन की खेती, उन्नत किस्में और अधिक पैदावार के लिए जरूरी टिप्स

**सोयाबीन की खेती क्यों है खास?**- सोयाबीन न केवल तिलहनों में एक प्रमुख फसल है, बल्कि यह मिट्टी की उर्वरता को भी बनाए रखने में सहायक होती है। मध्य प्रदेश, जो देश में सबसे अधिक सोयाबीन उत्पादन करता है, के अलावा महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्यों में भी यह फसल बड़े पैमाने पर ली जाती है। पिछले कुछ वर्षों में उत्पादन में आई कमी का मुख्य कारण मौसम में अस्थिरता और वैज्ञानिक पद्धतियों का अभाव रहा है। लेकिन यदि किसान इस बार उन्नत किस्मों और आधुनिक तकनीकों का सहारा लें, तो प्रति एकड़ 10 क्विंटल तक उत्पादन संभव है।

**सोयाबीन की खेती के लिए जरूरी बातें**

खेत ऐसा चुनें जिसमें पानी का जमाव न होता हो।

बुआई का आदर्श समय 20 से 30 जून के बीच माना जाता है।

बुआई से पहले कम से कम 100 मिमी (4 इंच) वर्षा होना जरूरी है।

ब्रॉड बेड फरों या रिज एंड फरों (पूर्ण नाली पद्धति) से खेती करना ज्यादा फायदेमंद होता है।

गोबर की खाद (यदि उपलब्ध हो) को अंतिम जुताई के समय खेत में 100 क्विंटल प्रति हेक्टेयर डालें।

**रासायनिक खाद के रूप में नाइट्रोजन** - 25 किलो, फास्फोरस - 60 किलो, पोटाश - 40 किलो और सल्फर - 20 किलो प्रति हेक्टेयर जरूरी है। साथ ही आप बेहतर बढ़वार और पैदावार के लिए आप टाटा स्टील काधुर्वी गोल्ड मिक्स मिक्रोनुट्रिएंट का प्रयोग 25-50 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से करें। सोयाबीन में तीन तरह के बीज होते हैं। 60 दिन में पकने वाली किस्म को साठिया कहते हैं। कुछ किस्मों को पकने में मध्यम समय लगता है, वहीं सोयाबीन की ये किस्में 2024 के खरीफ सीजन में अच्छा रिटर्न दे सकती हैं।



जेएस 9560, जेएस 335, जेएस 9305 जैसी अन्य किस्में बेहतर मानी जाती हैं। अगर किसान 2021, 2022, 2023 में नई किस्मों को अपनाते हैं, तो उन्हें 20 प्रतिशत तक अधिक उत्पादन मिल सकेगा। कई बार किसान बीज तो अच्छा चुनते हैं लेकिन सही बुआई विधि या पोषण नहीं दे पाते, जिससे उत्पादन में कमी आती है। इस बार अगर वैज्ञानिक सलाह के अनुसार बुआई, सिंचाई और पोषण किया जाए, तो निश्चित ही उत्पादन में 15-20त्न की बढ़ोतरी हो सकती है।

इस खरीफ सीजन में यदि किसान उन्नत किस्मों और आधुनिक तकनीकों को अपनाएं, तो सोयाबीन से अच्छा लाभ लिया जा सकता है। मौसम की मेहरबानी और सही रणनीति मिलकर फसल को और भी बेहतर बना सकती है।

# बरबटी (लोबिया) की खेती कैसे होती है

लोबिया की खेती सब्जी फसल के लिए की जाती है । मैदानी क्षेत्रों में फ़रवरी से अक्टूबर के महीने तक लोबिया को सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है । यह एक दलहनी फसल है, जो भूमि में वायुमंडल नत्रजन को संचित करती है, जिससे भूमि की उवर्रक क्षमता बढ़ती है, तथा उगाई जाने वाली फसल को नत्रजन का लाभ मिलता है । प्रोटीन के लिहाज़ से लोबिया एक उत्तम फसल है । लोबिया की खेती से दाने, सब्जी, चारा और हरी खाद का उत्पादन मिल जाता है । शाकाहारी भोजन में कुपोषण दूर करने में लोबिया की सब्जी बहुत ही महत्वपूर्ण है।

लोबिया में कैल्शियम, फास्फोरस और प्रोटीन की मात्रा अन्य हरी सब्जियों की तुलना में अधिक होती है । इसकी 100 ग्रा. हरी फलियों में 4.3 ग्रा. प्रोटीन, 80.0 ग्रा. कैल्शियम, 54 ग्रा. मैगनेशियम, 8.0 कार्बोहाइड्रेट और 84.6 ग्रा नमी पाई जाती है। किसान भाई लोबिया की खेती बाजरा, मक्का, ज्वार या अन्य दलहनी फसलों के रूप में कर सकते है । यदि आप भी लोबिया की खेती करना चाह रहे है, तो इस लेख में हम आपको बरबटी (लोबिया) की खेती कैसे होती है तथा लोबिया की उन्नत किस्में की जानकारी देने वाले है ।

उचित जल निकासी वाली किसी भी उपजाऊ मिट्टी में लोबिया की खेती कर सकते है । किन्तु बलुई दोमट मिट्टी में लोबिया की अच्छी पैदावार प्राप्त की जा सकती है । नवंबर, दिसंबर और जनवरी के ठंडे दिनों को छोड़कर लोबिया की खेती पूरे वर्ष ही की जा सकती है ।

**लोबिया के खेत की तैयारी**

लोबिया की खेती के लिए भुरभुरी उचित जल निकासी वाली बलुई दोमट मिट्टी या काली दोमट मिट्टी की जरूरत होती है । इसके लिए फसल के पश्चात् खेत की मिट्टी पलटने वाले हलो से गहरी जुताई कर दी जाती है । खेत की मिट्टी को भुरभुरा करने के लिए पानी लगाकर पलेव कर देते है, इससे खेत की मिट्टी नम हो जाती है । जिसके बाद रोटावेटर लगाकर खेत की दो से तीन तिरछी जुताई कर दी जाती है, और मिट्टी भुरभुरी हो जाती है । जुताई के पश्चात् खेत में पाटा लगाकर भूमि को समतल कर सकते है ।

लोबिया की उन्नत किस्में

**पूसा कोमल**- लोबिया की यह क़िस्म 50 से 55 दिनों में तुड़ाई के लिए तैयार हो जाती है । यह एक बैक्टीरियल ब्लाइट प्रतिरोधी क़िस्म है, जिसे तीनो ही ऋतुओ में उगाया जा सकता है । इसकी फलिया 20 से 22 ष्टरू लंबी और हल्के हरे रंग की होती है । जिसका प्रति हेक्टेयर उत्पादन 100 से 120 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होता है।

**पूसा फाल्गुनी**- इस क़िस्म की लोबिया को तैयार होने में 60 से ꠰0 दिन लग जाते है । इसमें निकलने वाले दाने आकार में छोटे और बेलनाकार तथा सफ़ेद रंग के होते है । जिसका प्रति हेक्टेयर उत्पादन 10 से 15 क्विंटल होता है ।

पूसा दो फसली- यह क़िस्म तीनो ही ऋतुओ में उगाने के लिए उपयुक्त होती है, जिसे उत्पादन देने में 45 से 50 दिन लग जाते है । इस क़िस्म का प्रति हेक्टेयर उत्पादन ꠰5 से 80 क्विंटल होता है ।

**पूसा ऋतुराज**- यह 45 से 50 दिन की अवधि वाली क़िस्म है, जिसे गर्मी और बारिश दोनों ही मौसम में ऊगा सकते है । इस क़िस्म का औसतन उत्पादन 100 से 120 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होता है ।



इस क़िस्म को उगाने के लिए पूरे राज्य में सिफारिश की जाती है । इसे बीज और हरे चारे के उत्पादन के उद्देश्य हेतु उगाया जाता है । इसमें निकलने वाली फली लंबी मोटे बीज वाली चॉकलेटी रंग की होती है । लोबिया की इस क़िस्म में एंथ्राक्नोस और पीला चितकबरा रोग नहीं लगता है । इसके एक एकड़ के खेत से 4.4 क्विंटल बीज और 100 क्विंटल तक हरे चारे का उत्पादन मिल जाता है ।

इस क़िस्म को बीज और चारे दोनों के ही उत्पादन के लिए उगाया जाता है । इसमें निकलने वाले बीज छोटे और सफ़ेद रंग के होते है । यह क़िस्म एंथ्राक्नोस और पीला चितकबरा रोग रहित होती है । लोबिया की यह क़िस्म प्रति एकड़ के खेत से 4.9 क्विंटल दाने और 108 क्विंटल का हरा चारे का उत्पादन दे देती है ।

**लोबिया के बीजो की बुवाई**

लोबिया के बीजो की बुवाई के लिए मार्च से जुलाई का महीना सबसे उचित होता है । इस दौरान बीजो की बुवाई कर दी जाती है । इन बीजो को खेत में पंक्तियों में लगाना होता है, जिसमे प्रत्येक पंक्ति के मध्य 30 ष्टरू और बीजो को 15 ष्टरू के फासले पर लगाते है ।

इन बीजो को भूमि में 3 से 4 ष्टरू की गहराई में लगाना होता है । बीजों की बुवाई के लिए पोरा ड्रिल या बिजाई मशीन का इस्तेमाल करते है । एक हेक्टेयर के खेत में तक़रीबन 20 से 25 केजी बीजो की जरूरत होती है, तथा इन बीजो को बुवाई से पहले कार्बेनडाज़िम 50 प्रतिशत डब्लयू पी 2 ग्राम या एमीसान-6 2.5 त्तरू की मात्रा से उपचारित कर ले ।

**लोबिया के खेत में उवर्रक**

लोबिया के खेत में पहली सिंचाई के पश्चात् 10 से 12 टन सड़ी गोबर की खाद के साथ 2.5 केजी ट्राइकोडर्मा का इस्तेमाल किया जाता है । इसके बाद जब बीजो की बुवाई की जाती है, तो उस दौरान खेत में 25 केजी यूरिया, 10 केजी कार्बोफुरान, 25 केजी पोटाश, 40 केजी और 5 च्यत्न जायम का छिड़काव किया जाता है । इसके बाद जब फसल 30 से 35 दिन की हो जाती है, तो 5 च्यत्न जायम और 25 केजी यूरिया का छिड़काव प्रति एकड़ के खेत में करते है ।

**लोबिया फसल की सिंचाई व् खरपतवार नियंत्रण**

लोबिया के खेत में बुवाई के पश्चात् बीज अंकुरण के लिए हल्की सिंचाई की जरूरत होती है, तथा जायद के मौसम में तापमान बढ़ने पर 10 से 12 दिन के अंतराल में सिंचाई करे । बीज बुवाई के पश्चात् 30 से 35 दिन तक खेत में खरपतवार बिल्कुल न होने दे । इसके लिए खेत में खरपतवार दिखाई देने पर निराई-गुड़ाई की जाती है । इसके अलावा फसल को नदीनों से सुरक्षित रखने के लिए पैंडीमैथालीन ꠰50 मि.ली. की मात्रा को 200 लीटर पानी में मिलाकर उसका छिड़काव 24 घंटो के अंदर करे ।

**लोबिया फसल के रोग व उपचार**

**तेला और काला चेपा** - लोबिया की फसल में इस किस्म का रोग दिखाई देने पर प्रति एकड़ के खेत में मैलाथियॉन 50 ई सी 200 रू की मात्रा को 80-100लीटर पानी में मिलाकर उसका छिड़काव करे ।

**बालों वाली सुंडी**- यह एक कीट रोग होता है, जो अगस्त से नवंबर माह के मध्य में फसल पर आक्रमण करता है । लोबिया की फसल को इस कीट रोग से बचाने के लिए सेसामम बीजो को लोबिया के चारो और पंक्ति में लगाना होता है ।

**बीज गलन और पौध नष्ट** - इस तरह की बीमारी बीजो में माइक्रोफलोरा रोग की वजह से फैलती है, तथा प्रभावित बीज सिकुड़ जाते है, और रंगहीन हो जाते है । इस रोग से प्रभावित बीज अंकुरण से पहले शुरुआत में ही मर जाते है, और फसल भी कम मात्रा में प्राप्त होती है । इस रोग से बचाव के लिए बीजो को एमीसन-6 प्रतिशत 2.5 प्रतिश रू या बवास्टिन 50 डब्लयु पी 2 त्तरू की मात्रा से प्रति किलोग्राम बीज उपचारित किए जाते है।

# किसान अब कर रहे हैं मोगरा फूल की खेती, होती है लाखों में कमाई

महाराष्ट्र के किसान इन दिनों पारंपरिक खेती छोड़ फूल और फल की खेती और रुख कर रहे है खास करके आदिवासी किसान अब फल फैटर्न में बदलाव कर रहे है उदाहरण के लिए पालघर के किसानों को ही ले लीजिए वो इन दिनों मोगरा फूल कि खेती बड़े पैमाने पर कर रहे है। जिले के किसान भागीरथी ने बात करते हुए बताया कि पालघर जिले में ज्यादा करके आदिवासी किसान रहते है।और वो पारंपरिक खेती पर निर्भर रहते है लेकिन बदलते मौसम और लागत तक नही निकाल पाते थे पारंपरिक खेती कर, जिसके चलते अब किसान फसल पैटर्न में बदलाव कर फूल की बड़े पैमाने पर खेती कर अच्छा मुनाफा कमा रहे है।सीजन में और भी ज्यादा मुनाफा हो जाता है इस समय 800 रुपये प्रति किलो के भाव से किसान भागीरथी बाज़ारों में बेचते है।

**एक एकड़ में मोगरा फूल कि खेती से मुनाफा**

पालघर जिले के जवाहर मोखडा गांव के रहने वाले किसान ने बताया कि इस समय पारंपरिक से ज्यादा फूल और फल की खेती से मुनाफा हो रहा हैं भागीरथी ने बताया कि वो अपने एक एकड़ में मोगरा फूल कि खेती की है इससे रोजना 10 किलो तक फूल उत्पादन होता है और हम 800 रुपये किलो के भाव से बाज़ारों में बेचते है। इसके वाला सीजन में 15 सो से 2 हज़ार रुपये तक के भाव से देते है भागीरथी ने बताया कि इस खेती में मेरी खर्चा सिर्फ 100 से 150 रूपये का होता है।लेकिन मुनाफा अच्छा हो जाता है पालघर से मुम्बई, नासिक जैसे जिलों में भी माल हम भेजते है।सबसे ज्यादा मुंबई के दादर मार्किट से मांग होती है।



**सीजन में मिलता है अच्छा ऑडर**- भागीरथी किसान बताते है कि जब सीजन होता है तो मार्किट में मोगरा फूल कि डिमांड बहुत ज्यादा होती है खास कर शादी के सीजन में उनके पास दूर दुर से ऑडर आते है जिसका उन्हें अच्छी कीमत भी मिलती है।किसान भागीरथी ने अपने खेतों में स्ट्रॉबेरी कि भी खेती की हैं जिससे उन्हें लाखों का मुनाफा हो रहा हैं।किसान का कहना है कृषि बिभाग के मार्गदर्शन से हमने ये खेती करना शुरू किया है और अब जिले के अन्य किसानों ने भी फूल उगाना शुरू किया है।

# शलगम की उन्नत खेती कब और कैसे करें, कमाए लाखों रुपये



शलगम (जिसे शलजम भी कहा जाता है) एक पौष्टिक जड़ वाली सब्जी है, जो ठंडे मौसम में उगाई जाती है।इसकी खेती भारतीय किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है, क्योंकि इसमें पोषण के साथ-साथ अच्छा बाजार मूल्य भी मिलता है। आज हम आपको शलगम की खेती कब और कैसे करें इसकी जानकारी देंगे, ताकि आप इसे सही मौसम में उगा सकें और अच्छी फसल प्राप्त कर सकें।

**शलगम की खेती के लिए अनुकूल मौसम और जलवायु**

शलगम की खेती के लिए ठंडी और शीतल जलवायु सबसे उपयुक्त है। यह मुख्य रूप से सर्दियों में उगाई जाती है, क्योंकि इस फसल को बढ़ने और पकने के लिए कम तापमान की आवश्यकता होती है।

**बुआई का सही समय**- शलगम की बुआई का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से नवंबर के बीच होता है।यह अवधि फसल के लिए अनुकूल मानी जाती है, क्योंकि तापमान कम होता है और पौधे को बढ़ने में सहूलियत मिलती है।

**शलगम की खेती के लिए उपयुक्त मिट्टी का चयन** - शलगम की अच्छी फसल के लिए उपजाऊ, भुरभुरी और जल निकासी वाली मिट्टी सबसे बेहतर मानी जाती है। मिट्टी के चयन में निम्नलिखित बिंदुओं का ध्यान रखें-

**मिट्टी का प्रकार**- बलुई दोमट मिट्टी या चिकनी दोमट मिट्टी सबसे उपयुक्त होती है। इसकी पीएच मात्रा 6.0 से 7.5 के बीच होनी चाहिए।

**खेत की तैयारी**- खेत की जुताई गहरी करें और मिट्टी को भुरभुरा बनाएं। इसके बाद खेत को समतल करें और नव्यकोष जैविक खाद डालकर मिट्टी को उपजाऊ बनाएं। जैविक खाद का प्रयोग करने से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है।

**शलगम के बीज का चयन और बुआई प्रक्रिया**

शलगम के अच्छे उत्पादन के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का चयन करना बेहद जरूरी है। बीज चयन और बुआई प्रक्रिया निम्नलिखित है-

**बीज चयन**- बीजों का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे स्वस्थ और रोग-मुक्त हों। स्थानीय किस्में जो आपके क्षेत्र में सफलतापूर्वक उगाई गई हों, वे बेहतर विकल्प हैं।

**बुआई की विधि**- बीजों को सीधे खेत में बोया जा सकता है। बीज बोने के लिए क्यारी बनाएं और उसमें 2 से 3 सेंटीमीटर गहराई में बीज डालें। बीजों के बीच 10-15 सेंटीमीटर का अंतर रखें और क्यारियों के बीच 30 से 40 सेंटीमीटर का अंतर होना चाहिए।

**शलगम की खेती में सिंचाई और जल प्रबंधन**

शलगम की फसल को नियमित सिंचाई की आवश्यकता होती है, लेकिन जलभराव से बचना चाहिए।फसल के विकास के अनुसार सिंचाई का ध्यान रखें-

**पहली सिंचाई**- बीज बोने के तुरंत बाद हल्की सिंचाई करें, ताकि बीज जल्दी अंकुरित हो जाएं।

**नियमित सिंचाई**- फसल को हर 7-10 दिन पर सिंचाई दें। खासकर जब पौधे फूलने लगें, तब पर्याप्त पानी दें, लेकिन खेत में जलभराव न हो।

**शलगम की खेती में पोषक तत्व और खाद प्रबंधन**

शलगम की अच्छी पैदावार के लिए पोषक तत्वों की पूर्ति जरूरी है। इसके लिए निम्नलिखित खाद प्रबंधन अपनाएं- प्राकृतिक खाद- जैविक खाद का प्रयोग करें, जैसे गोबर की खाद, नव्यकोष जैविक खाद, कंपोस्ट या वर्मी-कंपोस्ट। यह मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में सहायक होते हैं।

**खाद देने का समय**- खेत तैयार करते समय जैविक खाद को मिट्टी में अच्छी तरह मिलाएं। फसल के बढ़ने के दौरान भी आवश्यकता के अनुसार खाद दें।

**शलगम की फसल की देखभाल और रोग प्रबंधन**- शलगम की फसल को रोगों और कीटों से बचाना बहुत जरूरी है। इसके लिए निम्नलिखित उपाय अपनाएं-

**फसल की देखभाल**- फसल में खरपतवार न बढ़ने दें। समय-समय पर निराई-गुड़ाई करें और खेत को साफ रखें।

**रोग प्रबंधन**- शलगम की फसल में तना गलन और पत्तियों का पीला होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।इसके लिए जैविक पद्धतियों से उपचार करें, जैसे नीम के तेल का छिड़काव।

**शलगम की कटाई और उपज**- शलगम की कटाई का सही समय फसल की गुणवत्ता सुनिश्चित करता है। कटाई प्रक्रिया और उपज की जानकारी निम्नलिखित है।

**कटाई का समय**- शलगम की फसल को 60-90 दिनों में काटा जा सकता है, जब जड़ें पूरी तरह पक जाती हैं और पत्ते पीले होने लगते हैं। जड़ें मुलायम और आकार में ठीक हों, तब कटाई करें।

**उपज**- उचित देखभाल और अच्छी कृषि पद्धतियों के साथ प्रति हेक्टेयर 150-250 क्विंटल शलगम की उपज प्राप्त हो सकती है।

**शलगम की खेती से होने वाले लाभ**

शलगम की खेती से किसानों को कई लाभ हो सकते हैं-

**स्वास्थ्य लाभ**- शलगम विटामिन सी, फाइबर और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसका सेवन सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

**आर्थिक लाभ**- शलगम की बाजार में अच्छी मांग रहती है, जिससे किसानों को लाभकारी मूल्य मिल सकता है।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# जबलपुर, भोपाल, छिंदवाड़ा सहित कई जिलों में गिरा पानी, दमोह में बारिश के साथ गिरे ओले

## शहर में अनेक स्थानों पर गिरे पेड़, यातायात प्रभावित






जबलपुर में तेज बारिश के कारण मुख्य मार्गों पर पेड़ गिरे, जिसमें दत्त मंदिर का इलाका भी शामिल है। वहीं ग्रामीण के कुंडम में पुराना मकान धराशायी हुआ।

**जबलपुर, देशबन्धु।** भीषण गर्मी के बीच जबलपुर, भोपाल, छिंदवाड़ा, सागर, डिंडौरी सहित कई जिलों में अचानक हुई बारिश के बाद मौसम अचानक बदल गया है। गर्मी कम हो गई है। हवा और बारिश के कारण कुंडम में एक पुराना मकान धराशाही हो गया, गनीमत रही इसमें जनहानि नही होने की जानकारी मिली है।

वहीं दमोह में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे है, बारिश के बाद मौसम में ठंडक आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। इसका असर देखने को मिल रहा है। रविवार को दोपहर बाद से मौसम का मिजाज बदल गया था। शाम होते तक कई जगह बदली छाने के साथ तेज हवाओं के बाद बारिश होने लगी। अभी मौसम में ठंडक आ गई है। बताया गया है कि रविवार दोपहर के बाद अचानक मौसम में बदलाव आया, तेज आंधी के साथ जबलपुर सहित कई जिलों में पानी गिरने लगा, विदिशा के गंजबासौदा में आंधी चलने से पेड़ एक घर पर गिर गया, दमोह में बारिश के साथ साथ ओले भी गिरे, मौसम विशेषज्ञों की माने तो अगले चार दिन तक प्रदेश के पूर्वी हिस्से जबलपुर, रीवा व शहडोल संभाग में हल्की बारिश व गरज-चमक का अनुमान है, कुछ जगहों पर लू भी चल सकती है।

वहीं गर्मी का असर भी देखने को मिलेगा, इंदौर, भोपाल-उज्जैन में पारा 40 डिग्री के पार ही रहेगा. इससे पहले भी मौसम में बदलाव देखने को मिला है, बीती रात भोपाल, हरदा, देवास, सीहोर, रायसेन व नर्मदापुरम में हल्की बारिश हुई, जबकि कई जिलों में तेज आंधी भी चली, भोपाल में हवा की रफ्तार 50 किलोमीटर, सीहोर में 47किमी व हरदा-पचमढ़ी में 30किमी प्रतिघंटा रही, इसी नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, दमोह, सागर, कटनी, पन्ना, मैहर, उमरिया, सीधी, शहडोल व रीवा जिलों में हल्की बारिश का दौर रहा।

### फसलों को नुकसान पहुंचा

इस बीच ग्रामीण अंचलों में बेमौसम बारिश के कारण वे फसल जिनको काटने में देरी हो गई है, उनके दाने पर प्रभाव पड़ने की बात कही जा रही है। बरेला, बरगी, सूरतलाई, बेलखेड़ा, बेलखाड़ू, महाराजपुर, सुहागी, सोनतलाई, सूखा, रैगवां, रोसरा आदि में फसलों को हानि पहुंची है। यह अच्छी बात है कि ज्यादातर किसानों ने अपनी फसल काट ली है।

### पेड़ और मकान गिरे

मिली जानकारी के अनुसार नगर में यादव कॉलोनी, एम्पायर टाकीज तिराहा के साथ अन्य जगह तेज हवा के बीच पेड़ गिरने की खबर है। हालाकि समाचार लिखे जाने तक इस दौरान जन हानि की जानकारी नहीं थी। यादव कॉलोनी में सीजीएचएस डिस्पेंसरी के समीप पेड़ सड़क पर आ गिरा, इससे वाहनों को आने जाने में असुविधा हो रही थी।

# तिलवारा में पायलट प्रोजेक्ट के तहत ई-चेक नाका की स्थापना

## खनिज माफिया से निपटने वाले ई-चेक नाका पर काम शुरू

देशबन्धु फालोअप



***जबलपुर, देशबन्धु।*** *खनिज माफिया से निपटने के लिये अब शासन ने नई तकनीक का सहारा लिया है। इसके चलते जबलपुर मे भी ई-चेक नाकों पर काम शुरू हो गया है। यहां प्रयोग के तौर पर तिलवारा में पायलट प्रोजेक्ट के तहत् नाका शुरू कर दिया गया है। इससे मिलने वाले परिणाम के बाद जिले में दो अन्य जगहों पर ई-चेक नाका बना दिये जाएंगे। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि* ***देशबन्धु*** *ने ई-चेक नाका शुरू करने से जुड़ी खबर समय-समय पर प्रकाशित की हैं। तत्कालीन खनिज विभाग के आला अधिकारी निकुंज श्रीवास्तव ने इस योजना को अंतिम रूप दिया था।*

गौरतलब है कि खनिज विभाग अब ऐसे वाहन जो रेत, गिट्टी आदि से भरे रहेंगे, उन पर नजर रखने के लिये प्रदेश के उन चुनिंदा जिलों मे जबलपुर को शामिल किया गया है, जहां पर खनिज विभाग अब तक इन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुये अब ई-चेक नाकों को पहरे पर लगाया गया है।

**भोपाल में कंट्रोल रूम रहेगा-** सूत्रों के अनुसार जबलपुर समेत जहां-जहां ई-चेक नाके शुरू हो रहे हैं, उनकी कमान भोपाल में रहेगी। सभी नाके तकनीक के सहारे कंट्रोल रूम से जुड़े रहेंगे। राजधानी में बैठे विभाग के आला अधिकारी पूरी कार्रवाई पर नजर रख सकेंगे, इसमें स्थानीय स्तर पर चोरी और सेटिंग की संभावना क्षीण हो जायेगी।

### राजस्व की चोरी कम होगी

यह भी बताया गया है कि खनिज संपदा में अभी डंपर इत्यादि में मनमर्जी से वाहन चालक काम कर रहे हैं। रायल्टी के अनुरूप विभाग को पैसों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। लेकिन अब इस तकनीक के सहारे तुरंत पता चल जायेगा और राजस्व की चोरी पर नियंत्रण लग सकता है। इसे बेहतर पहल माना जा रहा है।

### ऐसे काम करेंगे ई-चेक नाके

मिली जानकारी के अनुसार ई-चेक नाके में आधुनिक किस्म के स्केनर और वीडियो कैमरे लग रहे हैं। इन्हें जीपीएस सिस्टम से जोड़ा जायेगा। जैसे ही ई-चेक नाकों से खनिज संपदा से लदे भारी वाहन गुरजरेंगे, उन्हें दूर से स्केन कर पता लगा लिया जायेगा, वाहन में कौन सा औ कितना खनिज माल लदा है।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघिन और शावक एक साथ दिखे

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को एक खास नजारा देखने को मिला। पनपथा बफर जोन में एक बाघिन अपने शावक के साथ वन मार्ग पर दिखाई दी। यह दृश्य रविवार को सोशल मीडिया पर लोगों ने पोस्ट किया।

बफर वाली नाम से प्रसिद्ध यह बाघिन करीब 6 वर्ष की है। उसके साथ मौजूद शावक की उम्र लगभग 6 माह है। घटना के समय बाघिन वनमार्ग पर बैठी हुई थी। इस दौरान उसका शावक जंगल में घूम रहा था। जैसे ही शावक जंगल की तरफ गया, बाघिन भी उसके पीछे चली गई। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कोर और बफर एरिया में बाघों का नियमित आवागमन रहता है। यहां बाघ और बाघिन अपनी-अपनी टेरिटरी बनाकर रहते हैं।



रिजर्व में वर्तमान में 165 से अधिक बाघ-बाघिन मौजूद हैं। पर्यटक विशेष रूप से शावकों के साथ बाघिन को देखने बफर जोन में सफारी के लिए आते हैं। इस दौरान पर्यटकों ने बाघिन और शावक का वीडियो अपने मोबाइल में कैद किया। बाघिन का अपने शावक के साथ यह दृश्य पर्यटकों के लिए यादगार पल बन गया।

# देवर ने लाठी से भाभी की हत्या कर शव जंगल में दफनाया

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला की बेरहमी से हत्या कर शव को जंगल में दफनाने का मामला सामने आया है। सेमरिहा गांव में 22 अप्रैल की रात मीना गोंड (40 वर्ष) की उसके देवर चिंतामणि सिंह गोंड ने लाठी से वार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने अपने पिता रामविशाल गोंड के साथ मिलकर शव को गांव के बाहर जंगल में गाड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, 22 अप्रैल को किसी पारिवारिक विवाद के चलते मीना गोंड का अपने देवर चिंतामणि और देवरानी से विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर गुस्से में आकर चिंतामणि ने लाठी से हमला कर दिया, जिससे मीना गोंड की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या को छुपाने के लिए चिंतामणि ने अपने पिता के साथ मिलकर शव को गांव के पास जंगल में गाड़ दिया और घटना को दबाने का प्रयास किया।

इधर, मीना गोंड के परिजन उसके अचानक गायब हो जाने और मोबाइल बंद आने से चिंतित हो उठे। जब वे सेमरिहा गांव पहुंचे और ससुराल पक्ष से पूछताछ की तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने नौरोजाबाद थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए शक के आधार पर देवर चिंतामणि सिंह गोंड से सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात कबूल कर ली और शव को जंगल में गाड़ने की जानकारी दी। आरोपी की निशानदेही पर नौरोजाबाद थाना प्रभारी राजेशचंद्र मिश्रा, तहसीलदार और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह की अनुमति से शव को खुदवाकर बरामद किया गया। शव को बाहर निकालने के बाद पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### साजिश का पता लगाने में जुटी पुलिस

थाना प्रभारी मिश्रा ने बताया कि हत्या में शामिल आरोपी चिंतामणि सिंह गोंड, उसकी पत्नी मधु सिंह गोंड और पिता रामविशाल गोंड के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है ताकि हत्या के पीछे के अन्य कारणों और साजिश की पूरी परतें खोली जा सकें। घटना से सेमरिहा गांव समेत पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मृतिका के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए मामले की जांच तेजी से की जा रही है।


**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 116 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 130 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 136 |

मो.- 9039925999

देशबन्धु 68 वर्ष

देशबन्धु संस्करण की 68वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं

दिनेश राय मुनमुन
विधायक
सिवनी
मध्यप्रदेश



देशबन्धु 68 वर्ष

देशबन्धु संस्करण की 68वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं

अतुल मालू
उपाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी
सिवनी



देशबन्धु 68 वर्ष

देशबन्धु अखबार जो निर्भीक निष्पक्ष और खोजी पत्रकारिता के सफलतम 68 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण देशबन्धु टीम को
हार्दिक हार्दिक बधाईयां उत्तरोत्तर प्रगति की कामना

दयाराम चोरिया
अध्यक्ष
तहसील पटवारी संघ
मोहखेड जिला छिन्दवाड़ा



देशबन्धु 68 वर्ष

देशबन्धु संस्करण की 68वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं

राजकुमार
पप्पू खुराना
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस
कमेटी सिवनी



FOR PRIVATE SCREENING CALL +91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888

CALL BOOKING 0761-4069888 4069889

समदड़िया सिनेमा



| KESARI CHAPTER-2 | GROUND ZERO | JAAT | UNTIL DAWN |
|---|---|---|---|
| 10:30AM | 10:00AM | 10:15AM | 10:15AM |
| 12:30PM | 01:00PM | 03:30PM | 08:00PM |
| 03:00PM | 03:00PM | 06:30PM | |
| 05:45PM | 05:30PM | NE ZHA-2 3D(HINDI) | ANDAZ APNA APNA Re-release |
| 08:15PM | 07:30PM | 12:15PM | 02:00PM |
| 09:30PM | 10:45PM | PHULE | |
| 10:45PM | | 05:00PM | |
| | | 10:00PM | |

भारतीय मानवधिकार सुरक्षा परिषद (रजि.)

देशबन्धु 68 वर्ष हर सुबह आपका दोस्त अखबार

Website: www.bmsp.co.in, Contact :- 7571831183, 8601760176

देशबन्धु संस्करण की 68 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं

सौरभ श्रीवास्तव (राष्ट्रीय अध्यक्ष) बीएमएसपी
रागिनी श्रीवास्तव (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष) बीएमएसपी
नमन श्रीवास्तव (राष्ट्रीय प्रमुख सचिव) बीएमएसपी
नमन चौधरी (राष्ट्रीय कार्यकारिणी) बीएमएसपी
जसप्रीतकौर प्लाहा (उपनिदेशक) जबलपुर संभाग मंडल
संदीप गौर (उपनिदेशक) बीएमएसपी जबलपुर
रानी बघेल (उपनिदेशक) मण्डला बीएमएसपी
भरत सिंग राजपूत (महासचिव) बीएमएसपी जबलपुर
योगिता शर्मा (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
सचिन वर्मा (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
सुनील नामदेव (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
आनन्द नामदेव (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
धीरेन्द्र शर्मा (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
संतोष लोधी (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
बालाराम खुशराम (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
सुरेश जैन (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
मनीषा पटेल (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
रोशनी माला मालवीया (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
सुरजीत सिंह राजपूत (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
स्वाति पटेल (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
देवीसिंग साहू (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
तुसरेन्द्र सिंह (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
हरीश प्रधान (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
रवि कुमार (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
सत्येन्द्र रजक (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
आलोक मौर्य (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
डॉ. एल.आर. मौर्य (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
नीरज कौरव (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी
समित दुबे (सक्रिय सदस्य) बीएमएसपी

NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

**J.B.F.A**

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 140 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 134 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 120 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 120 |

मो.-9039925000, 9425800409